फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 344 प्रभात जयपुर, बुधवार 16 जुलाई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



"We are functioning absolutely within the constitution" - Indira Gandhi

Paul Saltzman (Canadian Journalist) in conversation with Indira Gandhi (Prime Minister) on her justification of imposing Emergency (Sept 1975)

The Village in Gujarat That's Madhya Pradesh

# ट्रंप, 30 प्रतिशत चीन के, 35 प्रतिशत कैनडा के, 25 प्रतिशत मैक्सिको के निर्यात पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने जा रहे हैं

## इन देशों पर लगे इस भारी टैरिफ के कारण "प्राइस वॉर" में भारत इन देशों की तुलना में सस्ता हो जाता है और भारत को अमेरिका को निर्यात की मुख्य 30 कैटिगरी में से 22 में भारी लाभ होगा

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। वैश्विक व्यापार में एक बड़ा परिवर्तन हो रहा है, और भारत इसके सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक बन सकता है। अमेरिका चूंकि चीन, मैक्सिको और कनाडा जैसे प्रमुख व्यापार साझेदारों पर टैरिफ बढ़ा रहा है, इसलिए भारतीय निर्यातकों को बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने का एक दुर्लभ रणनीतिक अवसर मिल रहा है-विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में।

नीति आयोग की नवीनतम ट्रेड वॉच क्वार्टरली रिपोर्ट के अनुसार, भारत वैश्विक व्यापार की शीर्ष 30 श्रेणियों (एच एस 2-स्तर) में से 22 में प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करने के लिए तैयार है, जो 2.28 ट्रिलियन से अधिक के बाजार का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसका बड़ा कारण ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाया गया टैरिफ ब्लिट्ज है-चीनी आयात पर 30 प्रतिशत, कनाडाई वस्तुओं पर 35 प्रतिशत और मैक्सिकन उत्पादों पर 25 प्रतिशत। इन अधिक

- **इन 30 कैटेगरी में लगभग 2.28 ट्रिलियन डॉलर का निर्यात का धंधा होता है।**
- **ये अधिकतर लाभ कैमिकल्स, फार्मास्युटिकल्स, वस्त्र (टैक्सटाइल्स), आईटी सर्विसेज़ में होगा, जहाँ भारत अभी भी इन देशों से कुछ सस्ता है और यदि अमेरिका अतिरिक्त टैरिफ लगा देता है, जैसे इन देशों को आशंका है, तो भारत की बल्ले-बल्ले स्थिति हो जाती है।**
- **पर, नीति आयोग की पत्रिका, ट्रेड वॉच क्वार्टर्ली के आँकड़ों के अनुसार, भारत की इस बल्ले-बल्ले स्थिति के साथ-साथ संकट की भी आशंका है। छः कैटिगरियों में भारत का माल 1 से तीन प्रतिशत महँगा भी हो सकता है। विशेषकर कृषि, डेयरी तथा ऑटोमोबाइल सैक्टर में। उदाहरण के लिए, अगर भारत डेयरी सैक्टर में दूध पर टैरिफ कम कर देता है तो भारत में इसकी कीमत 15 प्रतिशत टूट जाएगी, तथा भारत के दुग्ध उत्पादकों को प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ रूपये का नुकसान उठाना पड़ेगा।**

शुल्कों ने भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अपेक्षाकृत सस्ता और आकर्षक बना दिया है।

एसबीआई की नवीनतम व्यापार दृष्टिकोण रिपोर्ट भी इसी आशावाद को दर्शाती है। भले ही भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते से नई दिल्ली को सभी अपेक्षित लाभ न मिलें, पर भारत के पास आगे बढ़ने के विकल्प हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का काल्पनिक टैरिफ भी लगा दे, तब भी भारत का निर्यात प्रभावित नहीं होगा-जो 2024-25 में रिकॉर्ड 387.5 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, विशेष रूप से आईटी, वित्तीय और व्यावसायिक सेवाओं के बल पर।

नीति आयोग रिपोर्ट के अनुसार "वैश्विक टैरिफ परिदृश्य बदल रहा है, और भारत को इन बदलावों का फायदा तेजी से उठाना चाहिए," सबसे बड़ा लाभ उन क्षेत्रों में हो सकता है जहां भारत को पहले से ही रीवील्ड कम्पैरेटिव एडवांटेड (आरसीए) प्राप्त है-जो निर्यात प्रतिस्पर्धा का एक प्रमुख आर्थिक मापदंड है।

उदाहरण के लिए, रसायन क्षेत्र में भारत को आरसीए प्राप्त है, जहां फिलहाल चीन और सिंगापुर अमेरिकी आयात पर हावी हैं। लेकिन चीन पर भारी टैरिफ लगने से भारत इस क्षेत्र में जगह बना सकता है। यदि भारत चीन और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'ट्रेनी एसआई का टैस्ट जाँच का हिस्सा था'

जयपुर, 15 जुलाई। एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक प्रकरण में अदालती आदेश की पालना में एसआईटी के मुखिया वीके सिंह हाईकोर्ट में पेश हुए। इस दौरान, अदालत ने केस से जुड़े वकीलों के अलावा अन्य सभी को बाहर जाने का कहकर, वीके

- **एसआईटी प्रमुख ने हाई कोर्ट को एसआई पेपर लीक के बारे में अपडेट दिया।**

सिंह से सवाल-जवाब किए। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 17 जुलाई को रखी है।

वीके सिंह ने अदालत से कहा कि ट्रेनी एसआई की परीक्षा छंटनी के लिए नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा थी। इसके जरिए अभ्यर्थियों की बौद्धिकता का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बारिश का अनुमान

जयपुर, 15 जुलाई। मौसम विभाग ने राजस्थान में 16 व 17 जुलाई को कई जिलों में तेज बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने 16 जुलाई को बांरा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ , झालावाड़, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर व श्रीगंगानगर में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसी प्रकार 17 जुलाई को भी बांरा, बूंदी, झुंझूनूं, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, चूरू में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

# महाराष्ट्र भी शीघ्र ही जबरन "धर्म परिवर्तन" विरोधी कानून लाएगा

## पर, महाराष्ट्र का कानून अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा सख्त है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। महाराष्ट्र देश का ऐसा ग्यारहवां राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है, जो धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करेगा। देवेन्द्र फड़नवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में यह विधेयक विधानसभा में पेश करने की तैयारी कर रही है।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल, झारखंड और उत्तराखंड सहित, दस राज्य पहले ही धर्मांतरण विरोधी कानून लागू कर चुके हैं। इनका मुख्य उद्देश्य मोटे तौर "लव जिहाद" को रोकना रहा है। महाराष्ट्र के मामले में, प्रस्तावित कानून का दायरा व्यापक प्रतीत होता है, जिसमें ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, जो कथित रूप से विदेशी फंडिंग का उपयोग करके आदिवासियों का धर्मांतरण कर रही हैं और अवैध चर्च बना रही हैं।

पिछले सप्ताह, महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था कि

- **ऐसा माना जाता है कि यह प्रस्तावित "लव जिहाद" पर तो रोक लगायेगा, साथ ही ईसाई धर्म परिवर्तन पर भी अंकुश लगायेगा।**
- **महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री ने विधानसभा में कहा, "ईसाई, विदेशों से आए पैसों से आदिवासी इलाकों में हजारों चर्च बना रहे हैं, तथा 2000 लोगों के गाँव में भी एक दर्जन से भी ज्यादा चर्च बन गये हैं तथा प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है।**
- **मंत्री ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा अगले महीनों में अनाधिकृत तरीके से बनाये गये ये चर्च तोड़ दिये जायेंगे।**

धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में बने अवैध चर्चों को अगले छह महीनों के भीतर ध्वस्त कर दिया जाएगा।

सोमवार को विधानसभा में बोलते हुए, गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने कहा कि राज्य सरकार आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाने की तैयारी कर रही है और इसके प्रावधान अन्य राज्यों के इसी प्रकार के मौजूदा कानूनों की तुलना में अधिक सख्त होंगे।

यह घोषणा इसलिए और अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह गृह राज्य मंत्री की ओर से आई है।

राज्य सरकार ने ऐसे कानून के मसौदे को तैयार करने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था, जिसकी रिपोर्ट सरकार को सौंपी जा चुकी है।

फड़नवीस सरकार की यह पहल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने पहलगाम हमले में सुरक्षा चूक की बात मानी

## पहलगाम हमले के 82 दिन बाद आई इस स्वीकारोक्ति को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा पहलगाम में सुरक्षा चूक की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की विवादित नज़रबंदी के बाद केंद्र सरकार गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। इन घटनाओं ने इस संवेदनशील क्षेत्र में नैतिक और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

श्रीनगर में पर्यवेक्षक तब हैरान रह गए जब उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक अप्रत्याशित बयान में पहलगाम की घटना को लेकर सुरक्षा तंत्र में खामियों को स्वीकार किया। सिन्हा पिछले तीन वर्षों से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल हैं और इस तरह की स्पष्ट प्रशासनिक विफलता की स्वीकारोक्ति को बेहद दुर्लभ माना जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है

- **उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की उक्त स्वीकारोक्ति और फिर अगले दिन ही मुख्यमंत्री को शहीदों की श्रद्धांजलि सभा में जाने से रोकने के लिए नज़रबंद किए जाने से राजनैतिक हलकों में भारी खलबली मच गई है।**

कि सिन्हा का बयान सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों के अनुसार, यह बयान पूरी तरह से स्वाभाविक नहीं था, बल्कि दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया था, जिससे जनता का ध्यान केंद्र सरकार से हटाया जा सके और ऑपरेशनल विफलता का दोष उपराज्यपाल के कार्यालय की ओर मोड़ा जा सके।

इस विवाद को और गहरा करते हुए, नैशनल कॉन्फ्रैंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को उपराज्यपाल सिन्हा के बयान के ठीक एक दिन बाद नज़रबंद कर दिया गया। अब्दुल्ला श्रीनगर में एक कब्रिस्तान में शहीदों की सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने जा रहे थे, जिसे रोकने के लिए उन्हें नजरबंद कर दिया गया। पहले भी कई राजनीतिक नेताओं को नजरबंद किया गया था, लेकिन किसी को उम्मीद नहीं थी कि एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को भी इस तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

इन दोनों घटनाओं के समय ने सवाल खड़े कर दिए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि उपराज्यपाल सिन्हा की प्रतिक्रिया पहलगाम घटना के 82 दिन बाद आई, जो इस ओर इशारा करती है कि यह बयान दिल्ली से स्पष्ट निर्देश मिलने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधीः सरैन्डर और जमानत

लखनऊ, 15 जुलाई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मानहानि के एक मामले की सुनवाई के लिए मंगलवार को लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया। लेकिन 5 मिनट के बाद ही राहुल

- **सैनिकों पर एक टिप्पणी को लेकर दायर मान हानि मामले में मंगलवार को राहुल गांधी लखनऊ के एमपीएमएलए कोर्ट में उपस्थित हुए, जहाँ उन्होंने आत्मसमर्पण किया और 5 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई।**

को जमानत मिल गई। एडिशनल सीजेएम आलोक वर्मा वाली एमपी एमएलए कोर्ट ने 20 हजार रुपये के दो बॉन्ड पर उन्हें जमानत दे दी। बता दें कि यह मामला 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में 1000 से ज्यादा असिस्टैंट प्रोफेसरों की भर्ती रद्द की

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस भर्ती में यूजीसी के निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब सरकार द्वारा 2021 में की गई 1,158 से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसरों और लाइब्रेरियनों की नियुक्तियों को, यूजीसी नियमों के उल्लंघन के आधार पर, रद्द कर दिया। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की डिवीजन बैंच के भर्ती प्रक्रिया को सही ठहराने के फैसले को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह फैसला उन कई याचिकाओं पर सुनाया, जिनमें हाई कोर्ट की डिवीज़न बैंच के भर्ती प्रक्रिया को सही ठहराने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने कहा, "इस मामले में कई कमियां हैं, जैसे यूजीसी के नियमों में निर्धारित मानकों को हटाकर, केवल एक बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र आधारित

- **सुप्रीम कोर्ट ने यह भर्ती रद्द करने के पंजाब, हरियाणा हाई कोर्ट की सिंगल बैंच के फैसले को सही ठहराया और फैसले में डिविज़न बैंच के हस्तक्षेप को गलत करार दिया।**

लिखित परीक्षा कराना और मौखिक परीक्षा को पूरी तरह से समाप्त करना आदि, तथा इसलिये पंजाब -हरियाणा हाई कोर्ट के एकल न्यायाधीश द्वारा पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द किया जाना सही निर्णय था, और डिवीज़न बैंच ने उस निर्णय में हस्तक्षेप करके गलती की।"

जनवरी 2021 में पंजाब सरकार ने पंजाब लोक सेवा आयोग (पीपीएससी) से 931 असिस्टेंट प्रोफेसरों और 50 लाइब्रेरियनों की भर्ती कराने के लिए अनुरोध किया था। बाद में, सरकार ने नए स्थापित कॉलेजों के लिए 160 असिस्टेंट प्रोफेसरों और 17 लाइब्रेरियनों की अतिरिक्त भर्ती की भी मंजूरी दी।

लेकिन सितंबर-अक्टूबर 2021 में सरकार बदलने के बाद, प्रक्रिया को बदल दिया गया और पीपीएससी को दरकिनार करते हुए, दो विभागीय चयन समितियों के माध्यम से 1,091 असिस्टेंट प्रोफेसर और 67 लाइब्रेरियन पदों की भर्ती करने का निर्णय लिया गया। इन समितियों के अध्यक्ष राज्य के दो विश्वविद्यालयों के वाइस-चांसलर थे।

यह मामला पहले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एकल न्यायाधीश के समक्ष आया, जिसने अगस्त 2022 में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया।

बाद में, पंजाब सरकार और चयनित अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में डिवीज़न बैंच के समक्ष अपील की, जिसने सितंबर 2024 में एकल न्यायाधीश के निर्णय को पलट दिया और भर्ती को वैध ठहराया।

इस फैसले से असन्तुष्ट याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के फैसले को बहाल करते हुए, पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि इन पदों के लिए यूजीसी के 2018 के नियमों के अनुसार नये सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरु की जाये।

## स्वर्ण मंदिर को 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी

अमृतसर (पंजाब), 15 जुलाई। पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर (हरमिंदर साहिब) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, 24 घंटे में दूसरी ईमेल के जरिये यह धमकी मिली है। इसके बाद जिला शहरी पुलिस की तरफ से स्वर्ण मंदिर और आस-पास सुरक्षा पहले से भी ज्यादा कड़ी कर दी है। हरमिंदर साहिब के आने-जाने वाले हर एक रास्ते को सील कर दिया है और हर श्रद्धालु की

- **दूसरे दिन फिर से स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने का धमकी भरा ई-मेल आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के साथ पुलिस ई-मेल का उद्गम ट्रेस करने का प्रयास भी कर रही है।**

चैकिंग की जा रही है। पंजाब पुलिस के साथ-साथ बीएसएफ को भी तैनात किया गया। वहीं इसके अलावा पूरे इलाके में डॉग और बम स्क्वॉड भी तैनात कर दिए गए हैं। जानकारी मुताबिक एसजीपीसी को भेजी गई ईमेल में लिखा गया है कि हरमिंदर साहिब के आस-पास की पाइपों में आरडीएक्स भर दिया गया है। जिससे अंदर धमाके किए जाएंगे। हालांकि, सुरक्षा कारणों से न तो मेल और न ही उसमें लिखे गए शब्दों को सार्वजनिक किया गया है।

## यमन में भारतीय नर्स की मौत की सजा टली

नयी दिल्ली,15 जुलाई। यमन में हत्या के जुर्म में जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को दी जाने वाली मौत की सज़ा भारत सरकार के प्रयासों के बाद टाल दी गई है।

सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा फिलहाल स्थगित

- **भारत सरकार के प्रयासों की वजह से यह सफलता मिली है। खबर है कि निमिषा को माफी देने के लिए 8.5 करोड़ रु. देने की पेशकश की गई है।**

हो गई है। भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे। सूत्रों ने कहा, पता चला है कि यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को निमिषा प्रिया को दी जाने वाली मौत की सज़ा टाल दी है। भारत सरकार इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पुतिन औपचारिक बातचीत में तो बहुत अच्छी बात करते हैं, पर, शाम होते ही सब पर बमबारी शुरु कर देते हैं'

## ट्रंप ने अब स्वीकार कर लिया है, रूस के साथ "डिप्लोमैसी" (कूटनीति) सफल नहीं हो रही, इसलिए अब, दादागिरी वाला सख्त रुख अपनाया

-अंजन रॉय-
-अमेरिका में राष्ट्रदूत के प्रतिनिधि-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। यूक्रेन युद्ध रोकने की ट्रंप की नई पॉलिसी के तहत भारत को अमेरिका से एक नए टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है, जो 100 प्रतिशत तक हो सकती है।

एक नया विधेयक अमेरिकी विधायिका (यू.एस. लैजिस्लेचर) में पारित होने की प्रक्रिया में है, जो रूस के खिलाफ सैकेण्डरी सैंक्शन्स (परोक्ष प्रतिबंध) लगाने का प्रावधान करता है, ताकि देश को युद्ध जारी रखने से रोका जा सके। प्रस्ताव में 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है, जो चुनिंदा रूप से भारत और चीन पर लक्षित है, ये दोनों देश रूसी तेल के प्रमुख खरीदार हैं।

चीन और भारत की संयुक्त खरीद, जो अरबों डॉलर में है, ने एक तरह से रूस को उसके युद्ध को जारी रखने में मदद की है। तेल राजस्व से वंचित होने पर, रूस का युद्ध प्रयास तुरंत ढह सकता है। रूस अपने युद्ध प्रयासों की फंडिंग के लिए तेल राजस्व पर निर्भर है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था सिकुड़ चुकी है।

तीन साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध के कारण रूस कई समस्याओं का सामना कर रहा है। सी.एन.एन. की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्यक्ष सैन्य खर्च लगभग 300 बिलियन डॉलर आँका गया है। इसके अलावा, रूस की विदेशी संपत्तियाँ, जो अरबों में हैं, को पश्चिमी देशों ने फ्रीज़ किया हुआ है।

पश्चिम के कई लोगों ने सुझाव दिया है कि फ्रीज़ किए हुए रूस के इन रिज़र्व्ज को युद्ध के कारण तबाह हुए यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए उपयोग करना शुरू कर दिया जाए। ये फंड रूस की पहुँच से बहुत दूर हैं। रूसी बैंकों पर प्रतिबंधों ने अन्य देशों के साथ रूसी तेल के गुप्त लेन-देन (शैडो ट्रांज़ैक्शन) को

- **अमेरिका ने एक तरफ तो यूक्रेन को नाटो के मार्फत हथियार सप्लाई करना शुरु किया, साथ ही चीन व हिन्दुस्तान पर सौ प्रतिशत सैकैण्डरी प्रतिबंध टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका के सीनेट व कांग्रेस में विधेयक पेश किया है।**
- **अमेरिका का मानना है कि चीन व भारत, रूस से अरबों डॉलर का ऑयल खरीद रहे हैं और इस खरीद के जोर पर ही रूस, यूक्रेन से युद्ध करने की ताकत व हिम्मत दिखा रहा था।**
- **यूक्रेन युद्ध पर रूस का सीधा खर्चा 300 अरब डॉलर आता है तथा विदेशों में रूस की सम्पत्ति को पश्चिमी व यूरोपीय देशों ने "फ्रीज़ कर रखा है। अतः इन सम्पत्तियों को बेचकर भी रूस युद्ध का खर्चा नहीं निकाल सकता तथा कई पश्चिमी देशों ने तो यह सुझाव तक दिया था, हाल ही में, कि रूस की इन सम्पत्तियों को बेचकर यूक्रेन को पुनः पैरों पर खड़ा करने पर यह पैसा लगाना चाहिए।**
- **रूस को विश्वास था कि अमेरिका यूक्रेन से दूर होगा तथा आपसी मतभेदों के कारण नाटो के घटक कभी एक नहीं हो पायेंगे।**
- **पर, धीरे-धीरे रूस के दोनों अंदाज़ गलत साबित हो रहे हैं।**

काफी हद तक सीमित कर दिया है।

इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध में भारी हताहतों तथा और अधिक सैनिकों की माँग ने रूसी अर्थव्यवस्था के लिए मैनपावर के आधार को कम कर दिया है। तैनाती के लिए मैनपावर की इतनी भारी भर्ती की गई है कि रूसी जेलों से रिहा किए गए अपराधियों तक को लड़ाई के लिए सेना में शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा, यूक्रेन में लड़ने के लिए रूस विदेशों से सैनिक ला रहा है। उत्तर कोरिया और अन्य विभिन्न देशों से, जिनमें चीन भी शामिल है, लाए गए सैनिक यूक्रेन में देखे गए हैं और यूक्रेन में कभी-कभी पकड़े भी गए हैं।

युद्ध करने योग्य जनसंख्या में से की जा रही मजदूरों की भर्ती का असर अब रूस की फैक्टरियों में श्रमिकों की आपूर्ति पर पड़ रहा है। विशेष रूप से युद्ध से संबंधित मैनुफैक्चरिंग उद्योगों में इसे गहराई से महसूस किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक उद्योगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**नारी की उन्नति पर ही राष्ट्र की उन्नति या अवनति निर्धारित है। –अरस्तु**

# टीवी चैनलों पर सुंदर महिला एंकरों की मौजूदगी

एक अकादमिक जर्नल में छापा शोध-पत्र यह सोचने को मजबूर करता है कि टीवी समाचार चैनलों में पुरुषों के मुक़ाबले स्त्रियां, वे भी सुदर्शना, एंकर के रूप में क्यों अधिकतर नज़र आती हैं? यह भी कि ग्लैमर वाली सुंदर महिला अधिकारियों, खिलाड़ियों व साध्वियों को कवरेज में खूब जगह क्यों मिलती है? जनसंचार के अकादमिक जर्नल कम्युनिकेशन टुडे के नये अंक में छपे एक अध्ययन 'मीडिया के सौंदर्यबोध' में इसकी पड़ताल की गई है। शोध-पत्र का लेखक कहता है कि "टेलीविजन के रुपहले पर्दे पर वहीं मुखमंडल अधिक दिखाये जाते हैं जिनमें सौंदर्य का पुट हो। न्यूज़ एंकर को पत्रकारिता की समझ कितनी है इससे अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि वह कितनी फोटोजेनिक है? ... राजनैतिक नेत्रियों और प्रवक्ताओं में भी अक्सर स्क्रीन पर वही ज्यादा सुशोभित होंगी जो सुदर्शन हो और जिसकी छवि मनोहर हो।...महिला खिलाड़ी जितनी सुंदर होगी उसे कवरेज भी उतना ही अधिक मिलता है।" मीडिया के चरित्र पर केंद्रित यह शोध-पत्र कहता है कि "यदि कोई दस्यु सुंदरी है, लेडी माफिया सुंदर है तो मीडिया स्वत: उसका भी संज्ञान ले लेता है। कोई साध्वी, प्रवचनकर्ता के बजाय उसके सौंदर्य साधिक रूप सौंदर्य पर फोकस रहता है।" इस वर्ष हुए 'महाकुंभ के संदर्भ में' इस पेपर को मध्यप्रदेश में सागर के इंक मीडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के डॉ. आशीष द्विवेदी ने लिखा है। इससे यह बात अकादमिक रूप से पुष्ट हुई है कि भारतीय समाचार टीवी चैनलों में सुंदर महिलाओं को एंकर या पैनलिस्ट के रूप में प्रस्तुत करना एक सतही लेकिन रणनीतिक चलन बन गया है।

जानकार लोगों का कहना है कि इसका संबंध स्पष्ट रूप से दर्शकों की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों, चैनलों की टीआरपी की होड़, और मीडिया बाज़ारवाद से है। इस प्रवृत्ति के पीछे के अनेक कारण बताए जा सकते हैं। जैसे चैनल संचालकों का यह मानना कि एक 'आकर्षक चेहरा' दर्शकों को ज़्यादा देर तक स्क्रीन से जोड़े रख सकता है। प्रस्तुतिकरण में दक्ष होने के साथ महिला एंकर सुंदर भी हो तो उसे चैनल का टीआरपी बढ़ाने का जरिया समझा जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह सोच, विशेषकर मनोरंजन और इंफोटेनमेंट से प्रेरित, चैनलों में गहरी पैठ बना चुकी है। ऐसा सोचने वाले भी कम नहीं हैं कि टीवी चैनल अब सिर्फ खबर देने वाले माध्यम नहीं रहे, बल्कि वे भी एक तरह से बाज़ार के उत्पादों या सेवाओं के 'ब्रांड' जैसे बन गए हैं। सुंदर और पेशेवर दिखने वाले एंकर ब्रांड की 'प्रतिष्ठा' और 'स्टाइल' को संप्रेषित करने का माध्यम बनते हैं। बाज़ार की ताकतों ने 'खबर' के साथ अब 'स्टाइलिश प्रस्तुति' देखने की दर्शकों में आदत डाल दी है, खासकर युवा दर्शकों में। भारतीय समाज में महिलाओं को सुंदरता, शालीनता और सॉफ्टनेस का प्रतीक माना जाता रहा है। समाचार चैनल महिलाओं की इस छवि का प्रयोग करके आपण लिए विश्वसनीयता और सहानुभूति अर्जित करना चाहते हैं। कई बार यह भी देखा गया है कि गंभीर मुद्दों पर टीवी चर्चा के दौरान भी किसी महिला की उपस्थिति केवल 'संतुलन' के लिए रखी जाती है, न कि विशेषज्ञता के लिए। हालांकि टीवी चैनल सीधे यौनिकता को नहीं बेचते, लेकिन 'सुंदरता और स्टाइल' के नाम पर परोक्ष रूप से वहां यह तत्व जाने-अनजाने जरूर मौजूद रहता है। यह खासकर तब महसूस किया जाता है जब महिला एंकरों के कपड़े, मेकअप, बॉडी लैंग्वेज आदि पर ज़रूरत से ज़्यादा ध्यान दिया जाता है। इस ग्लैमर की वजह से टीवी दर्शक समाचारों को 'मनोरंजन' की तरह देखने लगते हैंऔर यही बाज़ार चाहता है। कई बार सुंदर महिला एंकरों की विशेषज्ञता या पत्रकारिता कौशल की बजाय केवल उनकी दिखावट को प्राथमिकता दी जाती है। कहा जाता है कि भारतीय समाचार चैनलों में सुंदर महिला एंकरों और पैनलिस्टों की उपस्थिति एक ऐसे मिश्रण की तरह है, जो बाज़ार की मांग, दृश्य आकर्षण, सामाजिक पूर्वग्रह, और पेशेवर प्रस्तुतिकरण की चाह के लिए बनता है। मीडिया विशेषज्ञ इसे पत्रकारिता के पेशे के लिए चिंताजनक स्थिति बताते हैं क्योंकि इससे सामग्री की गुणवत्ता और नारी-सशक्तिकरण दोनों पर असर विपरीत पड़ता है।

इस तरह के आरोप भी लगने लगे हैं कि भारतीय टीवी एंकर अब पत्रकार कम और पब्लिक परफॉर्मर या प्रचारक अधिक नज़र आते हैं। भारतीय समाचार चैनल अब केवल खबरें देने वाले माध्यम नहीं रहे। वे एक दृश्य-मनोरंजन उद्योग में बदलते जा रहे हैं, जहां प्रस्तुति, चेहरों की आभा, और 'ग्लैमर' को खबर से कहीं ज़्यादा महत्त्व दिया जाने लगा है। समाचार स्टूडियो में सुंदर महिला एंकरों और पैनलिस्टों की मौजूदगी को प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसा कभी स्पष्ट तौर पर, तो कभी सांकेतिक रूप सेहोता है। ऐसा लगता है टीवी चैनलों के लिए मानो सुंदरता ही विश्वसनीयता और आकर्षण का आधार होता है। इसे बहुत से लोग एक चिंताजनक चलन के रूप में उभरता हुआ देखते हैं। भारतीय टीवी चैनल को समाचारों की प्रस्तुति में एंकरों की सुन्दरता ही नहीं भाती है बल्कि उनके दृश्यों का चयन और सेट डिज़ाइन भी भड़कीले ग्लैमर भरे होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यह बदलाव केवल सौंदर्य या लिंग के सवाल तक सीमित नहीं है; यह उस गहरी गिरावट की ओर भी संकेत करता है जिसमें भारतीय पत्रकारिता की आत्मा अपने मूल सरोकारों – सवाल, सच, और संवेदना से दूर होती चली जा रही लगती है। इसके विपरीत यदि हम पश्चिम के प्रमुख समाचार टीवी चैनल देखें तो उनके एंकरों में एक संयमित, संतुलित और पेशेवर लहजा स्पष्ट रूप से झलकता है। उनके एंकरों की तथ्य आधारित, शांत और सधी हुई भाषा होती है और वे नाटकीयता की जगह विश्लेषण पर ज़ोर देते हैं। उनकी तुलना में भारतीय एंकर भावनात्मक, जोशीली और भड़काऊ शैली अपनाते हैं। लगभग प्रत्येक समाचार चैनल पर एंकरों द्वारा तेज़ आवाज़ में बोलना, ज़ोरदार हाव-भाव दिखाना, और कई बार अति-नाटकीयता भरा प्रस्तुतीकरण, जैसे कोई बॉलीवुड फिल्म का दृश्य हो, देखने को मिलता है।


> **भारतीय टीवी पत्रकारिता को अब यह आत्ममंथन करना होगा कि वह एक शो है या एक संवाद। अगर वह संवाद है, तो उसमें एंकर की सुंदरता के साथ-साथ सवालों का सौंदर्य, विचारों की स्पष्टता और संवेदना का प्रकाश भी होना चाहिए। वरना वह दिन दूर नहीं जब खबरें केवल नेत्रसुख बनकर रह जाएंगी, और सत्य, न्याय और जनसरोकार कहीं पर्दे के पीछे खो जाएंगे।**

अधिकांश भारतीय चैनलों पर होने वाली राजनैतिक बहसों में दर्शकों की भावनाओं को भड़काने वाली भाषा आम चलन में मिलती है। जहां पश्चिमी एंकरनीतिगत मुद्दों, शोध आधारित रिपोर्टिंग, और वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर ध्यान देते हैं तथा बहसों में विनम्रता और तथ्य आधारित संवाद को महत्व देते हैं, वहीं भारतीय एंकर टीआरपी केंद्रित समाचारों को तरजीह देते हैं। उनका ध्यान सेलिब्रिटी पर सबसे अधिक होता है। वे जानबूझ कर विवादों को हवा देते हैं तथा दर्शकों में धार्मिक व राजनीतिक टकराव बढ़ाते हैं। यह भी किसी से छुपा नहीं है कि प्राइम टाइम टीवी बहसों में व्यक्तिगत हमलों या तू-तू, मैं-मैं का बोलबाला रहता है। इसके अलावा भारतीय टीवी चैनलों की हर घंटे 'ब्रेकिंग न्यूज़' देने की आदत सी बन चुकी है। घोर सामान्य खबरों को 'ब्रेकिंग न्यूज' के रूप में प्रस्तुत करते हुए अनेक टीवी चैनल फूहड़ता की हद तक चले जाते हैं। किसी मुख्यमंत्री का सुबह अपने निवास से निकल कर गाड़ी में बैठ कर सचिवालय के लिए रवाना होना भी ब्रेकिंग न्यूज बन जाती है। भारतीय टीवी चैनलों के सेट भी खूब रंग-बिरंगे होते हैं तो उनके ग्राफिक्स भी कभी-कभी अतिनाटकीय होते हैं। वे स्क्रॉल, टिकर, ब्रेकिंग अलर्ट आदि का जरूरत से ज्यादा प्रयोग करते हैं। 'सेंसेशनलिज़्म' दिखाने के लिए तेज़ संगीत, विजुअल्स और मोंटाज का खुल कर उपयोग होता है। अनेक बार ऐसा लग है जैसे टीवी पर कोई धांसू फिल्म चल रही हो।

पश्चिमी चैनलों के सरल, पेशेवर और साफ-सुथरे डिज़ाइन व प्रस्तुतिकरण, जहां ग्राफिक्स का सीमित लेकिन प्रभावी उपयोग होता है, से भारतीय टीवी प्रस्तुतकर्ता कुछ नहीं सीखते। पश्चिम के चैनल तथा एंकरों का सारा जोर दर्शकों का ध्यान मूल समाचार पर बनाए रखने पर होता है। पश्चिमी के एंकर पत्रकारिता के स्थापित मानकों का पालन अपेक्षाकृत अधिक करते हैं। समाचार प्रस्तुत करते समय वे व्यक्तिगत विचारों को सीमित रखते हैं। हालांकि वहां भी अपवाद मिलते हैं, किन्तु वे बहुत खुलकर नहीं होते। वहां के कई एंकर खोजी पत्रकारिता को बढ़ावा देते हैं मगर दर्शकों पर अपनी राय नहीं थोपते नजर आते। दूसरी तरफ भारतीय एंकरों का राजनीतिक झुकाव साफ़ दिखई पड़ता है। इसीलिए भारतीय समाचार चैनल राजनीति के रंग में पूरी तरह रंगे नजर आते हैं। भारतीय परिदृश्य में यह भी पाया जाता है कि कुछ एंकर खुद को 'स्टार' या 'जज' की तरह गर्व के साथ प्रस्तुत करते हैं। ऐसा सिर्फ भारत में होता है। इसके अलावा यहां स्वतंत्र रिपोर्टिंग की तुलना में एजेंडा ड्रिवन एंकरिंग अधिक होती है। भारतीय एंकरों में दर्शकों की भावनाओं से खेलने की प्रवृत्ति, खासकर राष्ट्रवाद, धर्म या संस्कृति के मुद्दों परस्पष्ट नज़र आती है। ऐसा लगता है कि टीवी चैनलों की प्रस्तुतियां सोशल मीडिया ट्रेंड और वायरल तत्वों से प्रभावित रहती हैं। वहीं पश्चिमी एंकर क्रिटिकल थिंकिंग अर्थात आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उनकी शैली दर्शक को जानकारी देने और सोचने के लिए प्रेरित करने की होती है। दोनों के बीच की मीडिया संस्कृति का अंतर स्पष्ट झलकता है। भारतीय टीवी पत्रकारिता को अब यह आत्ममंथन करना होगा कि वह एक शो है या एक संवाद। अगर वह संवाद है, तो उसमें एंकर की सुंदरता के साथ-साथ सवालों का सौंदर्य, विचारों की स्पष्टता और संवेदना का प्रकाश भी होना चाहिए। वरना वह दिन दूर नहीं जब खबरें केवल नेत्रसुख बनकर रह जाएंगी, और सत्य, न्याय और जनसरोकार कहीं पर्दे के पीछे खो जाएंगे। इसके लिए यह भी ज़रूरी है कि हम दर्शक के रूप में अपने नजरिये को बदलें और पत्रकारिता की गुणवत्ता, विवेक और सवाल पूछने की क्षमता को प्राथमिकता दें, न कि केवल चेहरे और लुक्स को।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# हर स्तर पर सशक्त, दूरदर्शी व कर्मठ नेतृत्व चाहिए



राजेश्वर सिंह

भारत में राष्ट्र व राज्यों का शासन जनसामान्य द्वारा विधिवत रूप से निर्वाचित संसद एवं विधान मंडल के प्रति उत्तरदायी सरकार द्वारा चलता है जबकि नगर, महानगर, जिला, प्रखण्ड व ग्राम में स्थानीय निकाय व पंचायती राज संस्थाओं की व्यवस्था है जो जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों का क्रियान्वयन करती है तथा स्थानीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने की कोशिश करती है। इनके चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त व पंजीकृत राजनैतिक दल भाग लेते हैं,जिनका आन्तरिक सांगठनिक ढाँचा भी उक्त दल के सदस्यों द्वारा विधिवत रूप से निर्वाचित होना चाहिए। दुर्भाग्यवश भारत के राजनीतिक दलों में आन्तरिक लोकतन्त्र का नितान्त अभाव है। राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, डीएमके जैसे पारिवारिक व वंशवादी दलों को छोड़ भी दिया जाए तो भी अधिकांश राष्ट्रीय दलो में आन्तरिक सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया स्वतन्त्र रूप से संपन्न नहीं होती। अधिकांश दलों की स्थानीय स्तर पर इकाईयां नहीं हैं और यदि हैं तो भी उनकी कार्यकारिणी विधिवत रूप से निर्वाचित नहीं है। इसकी वजह से स्थानीय स्तर पर ऐसा नेतृत्व विकसित नहीं हो पाता, जो धरातल पर सक्रिय हो ,जनसमस्याओं के समाधान में रूचि लेता हो तथा जिनके पास स्वयं का जनाधार हो। अधिकतर स्थानीय नेता व कार्यकर्ता राष्ट्रीय व राज्य स्तर के शीर्ष नेताओं की परिक्रमा में संलग्न रहते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि संगठन में पद भी वहीं से मिलेगा व स्थानीय ,प्रांतीय अथवा राष्ट्रीय चुनावों में टिकट भी।

आदर्श स्थिति तो यह है कि न केवल स्थानीय वरन प्रांतीय एवं संसदीय चुनावों में भी स्थानीय इकाई की राय को महत्व मिलना चाहिए पर चूंकि अधिकांश राजनैतिक दलों में स्थानीय इकाई या तो अस्तित्वहीन है अथवा स्वयं ही मनोनीत है अत: इस तरह की रायशुमारी की कोई स्वस्थ परम्परा आज तक स्थापित नहीं हो पाई है। इस लिए जरूरी है कि बाकायदा कानून बनाकर प्रत्येक राजनीतिक दल के लिये स्थानीय इकाई का गठन व नियमित समय अंतराल पर विधिवत चुनाव अनिवार्य किया जाए ताकि धरातल पर सक्रिय ,लोकनिष्ठ ,सिद्धांतवादी एवं कर्मठ कार्यकताओं को पार्टी के सांगठनिक ढांचे में सम्मानपूर्ण स्थान मिल सके तथा स्थानीय इकाईयां भी प्रत्याशी चयन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके। पार्टी पदाधिकारियों के कार्यकाल पर भी लगातार दो कार्यकाल की सीमा अधिरोपित की जानी चाहिये ताकि पार्टी व्यक्ति विशेष के एकाधिकार से मुक्त रहे व नये चेहरों को भी मौका मिल सके। इसी तरह कार्यकाल का अधिकतम सीमारोपण सरपंच ,प्रधान , प्रमुख, महापौर, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के पदों पर भी होना चाहिये। उनका कुल कार्यकाल अधिकतम 10 वर्ष या दो कार्यकाल तक सीमित होना चाहिये।

प्रत्येक राजनीतिक दल में अध्ययन व विचारमंच तथा कार्यकर्ता प्रशिक्षण विभाग की व्यवस्था होनी चाहिये व अखिल भारतीय स्तर से लेकर तक स्थानीय स्तर तक कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर नियमित रूप से आयोजित किये जाने चाहिये ताकि कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा, इतिहास, परंपरा, कार्यक्रम एवं कार्यप्रणाली से भली-भांति अवगत हो सके तथा जनसामान्य से संपर्क व संवाद स्थापित कर उन्हें भी पार्टी की विचारधारा एवं कार्यक्रम से अवगत करा सके। लोक शिक्षण किसी भी राजनीतिक दल की कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग होना चाहिये ताकि जागरूक जनमत का निर्माण किया जा सके व मतदाता सचेत ढंग से समर्थन एवं मतदान के संबध में निर्णय ले सके।

हाई कमांड कल्चर इस देश में लोकतांत्रिक मानसिकता के विकास में सबसे बड़ा अवरोधक तत्व है और सामन्ती, स्वैच्छाचारी तथा एकाधिकारवादी प्रवृत्ति का द्योतक व पोषक है।

आदर्श स्थिति तो यह है कि विधायक दल के नेता का विधिवत गुप्त मतदान द्वारा चुनाव हो और यदि यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो तो कम से कम पार्टी प्रमुख अथवा पर्यवेक्षक द्वारा गोपनीय तरीके से रायशुमारी अवश्य की जावे ताकि वही व्यक्ति नेता बन सके जिसे सर्वाधिक सांसदों एवं विधायकों का समर्थन प्राप्त हो। नेतृत्व के लिए व्यक्ति विशेष को यह समर्थन स्वत: प्राप्त नहीं हो जाता। इसके लिये उस व्यक्ति का बुद्धिमान,व्यवहार कुशल, दूरदर्शी कर्मठ एवं निर्णय क्षमता से परिपूर्ण होना आवश्यक है। इसके बिना राष्ट्र एवं राज्य तो दूर की बात है ,स्थानीय स्तर के निकायों में भी नेतृत्व हेतु समर्थन प्राप्त करना असंभव है।

यह प्रश्न उठ सकता है, कि इससे गुटबाजी की भावना को प्रश्रय मिलेगा व सरकार का सहज व प्रभावी ढंग से संचालित होना कठिन हो जाएगा किन्तु भारत के संसदीय जनतन्त्र में अनके ऐसे उदाहरण हैं जब नेता पद हेतु प्रतिद्वंद्वी रहे हुए राजनीतिज्ञ एक ही सरकार के अंग रहे व उन्होंने सहयोग, समन्वय एवं सामंजस्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। 1977 में राजस्थान जनता पार्टी विधानमंडल दल में नेतापद के चुनाव में भैरों सिंह शेखावत एवं मास्टर आदित्येन्द्र परस्पर प्रतिद्वंद्वी थे पर बाद में मास्टर साहब भैरोंसिंह जी की सरकार में वित्त मंत्री बने। इसी तरह का उदाहरण बिहार में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह एवं अनुग्रह नारायण सिंह का भी है।

भारत जैसे विशाल, बहुधर्मी, बहु जातीय, बहु सांस्कृतिक एवं विविधता सम्पन्न देश में जहां संघ, राज्य, स्थानीय स्वशासन व पंचायती राज से अधिकार एवं दायित्व पूर्णतया पृथक रूप से सुपरिभाषित व स्पष्ठ रूप से निर्धारित है, किसी भी व्यक्ति द्वारा ,ाहे वह कितना ही विद्वान, बुद्धिमान, दूरदर्शी, कर्मठ एवं निर्णयक्षमता से संपन्न क्यों ना हो, केन्द्र से लेकर राज्य व जिला से लेकर गांव तक की समस्याओं का समुचित अध्ययन, विश्लेषण, मूल्यांकन, योजना निर्माण एवं समाधान असंभव है।

इसके लिये जरूरी है कि राष्ट्रीय स्तर से राज्य स्तर तक तथा जिला स्तर से स्थानीय स्तर तक निर्वाचित नेतृत्व जनाधार संपन्न, सशक्त, दूरदर्शी, क्रियाशील एवं निर्णय क्षमतायुक्त राजनीतिज्ञों के हाथ में हो ताकि इस देश के सामाजिक व राजनीतिक जीवन में जड़ जमाये बैठी सामंती, स्वैच्छाचारी एवं एकाधिकारवादी प्रवृत्ति व मनोवृत्ति का समूल अंत हो तथा वास्तविक लोकतन्त्र का बीजारोपण हो सके। इसी से सत्ता का लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण भी होगा तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप स्थानीय स्तर पर ही योजना निर्माण व क्रियान्वयन भी संभव हो सकेगा।

**-राजेश्वर सिंह**
**आईएएस ( सेवानिवृत )।**

# नीतियों से जीवन तक: पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा बदलाव का सूत्रधार बना



मीनल जीनगर

राजस्थान सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित "अंत्योदय संबल पखवाड़ा" ने यह सिद्ध कर दिया कि सुशासन केवल नीतियों और घोषणाओं का विषय नहीं बल्कि संवेदनशीलता, सहभागिता और धरातल तक पहुँची हुई सेवा का जीवंत उदाहरण हो सकता है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप आयोजित कर राज्य और केन्द्र सरकार की व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं, विकास कार्यों और बजट घोषणाओं से संबंधित कार्य कर विकास की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। इस अभियान के दौरान लाखों जरूरतमंद को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पोषण, शिक्षा और आजीविका से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिला।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर जिले के शेरगढ़ ब्लॉक की सोइन्तरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में विशेष योग्यजन मंजू पुत्री पुंजा राम को मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सुखद दांपत्य जीवन योजना के तहत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जब सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया तो मंजू की आँखों में चमक और चेहरे पर विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। गंगा देवी 60 वर्षीय एकल विधवा, बाड़मेर के एक छोटे से गाँव में रहती है। उनके पति की मृत्यु के बाद वृद्धावस्था पेंशन आधार लिंकिंग संबंधी समस्या के कारण रुक गई थी। महीनों से वह आर्थिक संकट में थी लेकिन कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। अंत्योदय पखवाड़ा के दौरान लगे सरकारी शिविर में जब उन्होंने अपनी समस्या बताई, तो संबंधित कार्मिक ने कैंप में ही उनका आधार सत्यापन किया और पेंशन बहाल कर दी। कमलेश भील, डूंगरपुर जिले के वनवासी क्षेत्र का निवासी, कई महीनों से मनरेगा कार्ड बनवाने का प्रयास कर रहा था। अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जब सरकारी अधिकारी उसके गाँव पहुंचे तो कमलेश का बायोमीट्रिक सत्यापन कर डिजिटल फॉर्म भरा गया। उसे तत्काल मनरेगा कार्ड जारी किया गया और कुछ ही दिनों में वह जल-रक्षा परियोजना पर कार्यरत हो गया।

**बांसवाड़ा** - जन्म से चलने-फिरने में असमर्थ 11 वर्षीय सुमन स्कूल में अब तक घुटनों के बल जाया करती थी। उसके परिजन आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं थे कि वे उसके लिए कोई विशेष सहायता उपकरण खरीद सके। अंत्योदय संबल पखवाड़ा के शिविर में उसकी चिकित्सा जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया तथा ट्राइसाइकिल दी गई।

जैसलमेर के रेगिस्तानी और दुर्गम गाँवों में आज भी कई घरों में खाना लकड़ी और उपलों से बनाया जाता है जिससे महिलाओं को धुएँ से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं। अंत्योदय पखवाड़ा के तहत 1500 से अधिक घरों को पीएम उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन दिए गए। सूरजमल, नागौर का लघु किसान, भूमि रेकार्ड में त्रुटि के चलते पीएम किसान योजना का लाभ नहीं ले पा रहा था कई बार प्रयास करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ। शिविर में राजस्व अधिकारियों ने उसकी समस्या सुनी और तत्काल रेकार्ड अपडेट किया। उसी दिन इस योजना की लंबित राशि उसके बैंक खाते में आ गई।

अजमेर जिले की लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह वर्षों से छोटे स्तर पर कार्य कर रही थी लेकिन उन्हें वित्तीय सहायता नहीं मिल रही थी। शिविर में इसे 50 हजार रूपये के रिवॉल्विंग फंड का चैक सौंपा गया। इस राशि से उन्होंने पापड़ निर्माण इकाई शुरू की और अन्य महिलाओं को भी काम देना शुरू किया। कोटा जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत 22,000 से अधिक लोगों की जांच की गई। इसमें 300 से ज्यादा लोगों में हृदय, मधुमेह या किडनी जैसी गंभीर बीमारियाँ पहली बार पता चली। इन मरीजों को गोल्डन कार्ड जारी किए गए, सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज की सुविधा भी प्रदान की गई।

रुकमणी देवी, बालोतरा की विधवा महिला, सिलाई जानती थी लेकिन संसाधन नहीं थे। उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 25 हजार रूपये का लोन मिला जिससे उन्होंने तीन नई मशीनें खरीदीं और दो महिलाओं को




रोजगार दिया।

फरहान, ब्यावर का एक 17 वर्षीय युवक, जिसने दसवीं के बाद गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ दी थी। उसे अंत्योदय शिविर में कौशल विकास योजना के तहत मोबाइल रिपेयरिंग व डिजिटल लिटरेसी का कोर्स मिला। अब वह अपने गाँव में डिजिटल सेवा केंद्र चलाता है और लोगों को सरकारी योजनाओं में मदद करता है। भीलवाड़ा का रामेश्वरलाल, 65 वर्षीय किसान, दस्तावेजों में त्रुटि के कारण पेंशन और किसान योजना दोनों से वंचित थे। पखवाड़ा में दोनों योजनाओं से जुड़कर उन्होंने 2,000 रूपये की किसान सहायता और 750 रूपये प्राप्त की।

चित्तौड़गढ़ की माया देवी, जिन्हें सिर दर्द और थकावट रहती थी, शिविर में जाँच के दौरान हाई ब्लड प्रेशर पाया गया। उन्हें आयुष्मान कार्ड जारी कर तत्काल सरकारी अस्पताल में रेफर किया गया। उनका इलाज पूरी तरह नि:शुल्क रहा। डीग निवासी 3 वर्षीय आरव कुपोषित था। पोषण मेले में उसे चिन्हित कर टेक होम राशन और पोषण शिक्षा दी गई। एक महीने के भीतर उसका वजन सामान्य स्तर पर आ गया।

आदिवासी किसान बंशीलाल पारंपरिक तरीकों से खेती करता था। शिविर में कृषि विभाग ने मिट्टी जांच करवाई और स्प्रेयर मशीन व उन्नत बीज प्रदान किए। रामपुरा गाँव की संगीता कंवर जैसी महिलाएं पहले पेयजल लाने 2 किमी दूर जाती थीं। जल जीवन मिशन के तहत 56 परिवारों को नल कनेक्शन मिले और अब हर घर में पानी है।

**जोधपुर** - गफ्फार अली, निर्माण श्रमिक है जो वर्षों से भवन निर्माण कार्यों पर मजदूरी करता आ रहा है लेकिन उसके पास न कोई श्रमिक पहचान पत्र था, न किसी सरकारी योजना का लाभ मिला। अंत्योदय संबल पखवाड़ा के दौरान जोधपुर में लगे श्रमिक पंजीकरण शिविर में उसका रजिस्ट्रेशन किया गया और उसी दिन श्रमिक कल्याण कार्ड जारी हुआ। लक्ष्मीबाई, नागौर जिले की एक मेहनती महिला किसान, लगातार सूखे और असिंचित जमीन के कारण नुकसान झेल रही थीं। उनकी फसल बार-बार खराब हो रही थी। अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में उन्हें सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई पंप योजना की जानकारी दी गई और आवेदन करवाया गया। कुछ ही दिनों में उन्हें 80 प्रतिशत सब्सिडी पर सोलर पंप प्राप्त हुआ। अब उसके खेतों में नियमित सिंचाई हो रही है और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। पाली जिले की गीता देवी पति की मृत्यु के बाद बिना जन आधार कार्ड और राशन कार्ड के किसी भी योजना से वंचित थीं। अंत्योदय शिविर में आधार सत्यापन के बाद उनका नाम अन्नपूर्णा योजना में जोड़ा गया और जन आधार कार्ड भी बना। अब वे हर महीने नि:शुल्क राशन प्राप्त करती है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ गई है। गीता देवी कहती है, पहले लोगों से उधार मांगती थी, अब खुद राशन लेकर आती हूँ-आत्मसम्मान लौटा है। काजल मीणा, सलूम्बर की एक जनजातीय छात्रा, पढ़ाई में होशियार लेकिन स्कूल दूर होने के कारण अक्सर अनुपस्थित रहती थी। अंत्योदय संबल पखवाड़ा के दौरान उसे जनजाति छात्रवृत्ति योजना में नामांकित किया गया और साइकल वितरण योजना के अंतर्गत एक नई साइकल सौंपी गई अब वह रोज़ स्कूल जाती है और कहती है, अब मेरे सपने रुकेंगे नहीं, चलेंगे भी और दौड़ेंगे भी। सिरोही का राजू चौधरी पोलियो के कारण चलने में असमर्थ था और किसी पर निर्भर रहना उसकी मजबूरी थी। पखवाड़ा के दौरान लगे दिव्यांगजन सेवा शिविर में उसका चयन किया गया और उसे एक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। श्रीगंगानगर जिले के किसान हरभजन सिंह की खरीफ फसल बेमौसम बारिश के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई थी। उनका बीमा दावा लटका हुआ था। पखवाड़ा में कृषि विभाग की टीम ने मौके पर दस्तावेज़ों की जाँच की और उनका दावा स्वीकृत कर 18,000 रूपए की बीमा राशि खाते में जमा कराई गई। एक पखवाड़ा, हजारों ज़िंदगियाँ, एक संदेश-राजस्थान सरकार द्वारा संचालित अंत्योदय संबल पखवाड़ा की यह कहानियाँ महज़ सरकारी आँकड़े नहीं हैं बल्कि हर नागरिक की गरिमा, आत्मविश्वास और पुनर्स्थापित उम्मीदों की मिसाल हैं। इन सफलताओं ने यह दर्शाया कि यदि शासन में संवेदना, संकल्प और समर्पण हो, तो अंतिम व्यक्ति भी विकास की धारा में सम्मिलित हो सकता है।

**मीनल जीनगर, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सचिवालय स्थित मुख्यालय में सहायक सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी पद पर कार्यरत हैं।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 16 जुलाई, 2025**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2083, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र प्रात: 5:48 तक, शोभन योग दिन 11:57 तक, गर करण प्रात: 9:51 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज कुमार योग 5:48 तक है। रवियोग प्रात: 5:48 से रात्रि 4:50 तक है। राजयोग रात्रि 9:02 से रात्रि 4:50 तक है। भद्रा रात्रि 9:02 से आरम्भ होगी। आज सावन संक्रांति, सूर्य कर्क में प्रवेश सायं 5:32 पर करेगा। पुण्य काल आज सूर्यास्त तक है। आज पंचक और मनसा पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:10 तक, शुभ 10:51 से 12:33 तक, चर 3:55 से 5:37 तक, लाभ 5:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 7:18



**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।



**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कर्क**
धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।



**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदाड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।



**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।



**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया पायलट योजना का शुभारंभ

## 10,000 बच्चों को सप्ताह में 5 दिन, प्रतिदिन 20 ग्राम की न्यूट्री बार आगामी 6 माह तक दी जाएगी



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ( बीच में ) ने बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार के पायलट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- **उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार के पायलट वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया**

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार के पायलट वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। यह पहल 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति व ठहराव बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस पायलट परियोजना के तहत जयपुर व उदयपुर जिलों के 544 चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग 10,000 बच्चों को सप्ताह में 5 दिन, प्रतिदिन 20 ग्राम की न्यूट्री बार आगामी 6 माह तक दी जाएगी। न्यूट्री बार बायोफोर्टीफाइड बाजरा, गेहूं, मूंगफली, गुड़ और शहद से तैयार की गई है, जिसमें कैलोरी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ज़िंक जैसे आवश्यक पोषक तत्व शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि "यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'श्री अन्न योजना' से प्रेरित है। यदि पायलट सफल होता है तो सीएसआर सहयोग से इसे राज्यभर में लागू किया जाएगा।"

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने बताया कि एवं संस्था के सहयोग से यह नवाचार प्रारंभ हुआ है। जयपुर जिले के जयपुर प्रथम, सांगानेर ग्रामीण व उदयपुर जिले की आदिवासी परियोजना फलासिया को पायलट के लिए चुना गया है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह योजना न केवल बच्चों के पोषण स्तर को मज़बूत करेगी, बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी सशक्त बनाएगी।उन्होंने इसे राजस्थान के आईसीडीएस कार्यक्रम में मिलेट आधारित खाद्य नवाचारों के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेंद्र सोनी, आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मलावत, से डॉ. तपन गोपे, के डॉ. अंकुर मुथरेजा, और हार्वेस्ट प्लस के रविंद्र ग्रोवर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उपरांत उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर के सेक्टर-8 स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# ऑनलाईन शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाला ठग गिरफ्तार



पुलिस ने ठगी करने वाला साइबर ठग पल्ली वेंकट रामंजनैयुलू को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया।

- **साइबर टीम ने हरियाणा, दिल्ली, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना तक पीछा कर तकनीकी सहायता से आरोपित का मोबाइल ट्रेस कर आन्ध्रप्रदेश से पकडा**

**जयपुर।** साइबर थाना पुलिस (पुलिस कमिश्नरेट) ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाईन शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 3 करोड़ 35 लाख 60 हजार रुपये की ठगी करने वाला साइबर ठग को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ऑनलाईन शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर झांसे में लेकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

कुन्दन कंवरिया ने बताया कि साइबर थाना पुलिस (पुलिस कमिश्नरेट) ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर 3 करोड़ 35 लाख 60 हजार रुपये की ठगी करने वाला साइबर ठग पल्ली वेंकट रामंजनैयुलू निवासी विजयवाड़ा (ग्रामीण) जिला कृष्णा, (आंध्र प्रदेश) को गिरफ्तार किया है।

फर्जी व्हाट्सएप नम्बर से सम्पर्क से इन्वेस्टमेंट के फर्जी विज्ञापनों के बारे में जानकारी देते हैं। उसके बाद एक वेबपेज का लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन करवाकर शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट शुरू करवाते हुए इन्वेस्टमेंट की राशि विभिन्न बैंक खातों में डिपॉजिट करवाते हैं। डिपॉजिट राशि का लेनदेन वेबपेज पर दर्शाते हैं।और लोगों को विश्वास में लेकर प्रॉफिट का कुछ अमाउंट उनके खाते में ट्रांसफर भी करते हैं। जो किसी अन्य लोगों से ठगी गयी राशि का हिस्सा होता है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले आज एक दिवसीय दौरे पर

- **चाकसू स्थित एक शैक्षिणक संस्थान के समारोह में शिरकत करेंगे**

**जयपुर ।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुचेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री कल सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हो कर सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर पहुचेंगे । अठावले 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना होकर चाकसू स्थित एक शैक्षिणक संस्थान के समारोह शिरकत करेंगे । उसके बाद वें दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 1 बजे खासा कोठी स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे । इसके बाद 2 बजे वें कार रैली को रवाना करेंगे।

# कांग्रेस के पापों को धोने में लग रहा है समय, व्यक्तिगत नहीं, समान अवसर को मिलेगी प्राथमिकता : मदन राठौड़

- **गहलोत ने अनियमित और अव्यवस्थित ढंग से बना दिए थे वार्ड व पंचायतें : मदन राठौड़**
- **कांग्रेसी नेताओं की आलोचनात्मक प्रवृत्ति, छिद्रान्वेषण और आलोचना करने के है आदी : मदन राठौड़**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस ने जो पाप किए थे, उन पापों को धोने में समय लग रहा है।" गहलोत सरकार ने अनियमित और अव्यवस्थित ढंग से वार्ड और पंचायतों का गठन किया, कोई वार्ड 250 मतदाताओं का तो कोई 8000 मतदाताओं का बना दिया गया। अब भाजपा सरकार इन सभी गलतियों को सुधार कर व्यवस्थापन का कार्य कर रही है, जिससे सभी को समान अवसर मिल सके। किसी के व्यक्तिगत लाभ के लिए वार्ड या पंचायतों का गठन नहीं होना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस की आलोचनात्मक प्रवृत्ति पर भी प्रहार किया और कहा कि "कांग्रेस को केवल छिद्रान्वेषण और आलोचना की आदत हो गई है। वो हर समय नकारात्मक सोच के साथ रहते हैं। उन्हें अब सकारात्मक पहल करनी चाहिए।" भाजपा की सरकार पंचायत और निकाय चुनावों में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है।

विधानसभा उपचुनाव और निकाय उपचुनावों के परिणामों का हवाला देते हुए मदन राठौड़ ने कहा, "36 में से 29 सीटें भाजपा ने जीती हैं, इसके बावजूद कांग्रेस खुद को विजयी बता रही है तो यह कांग्रेसियों के लिए चिंतन का विषय है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि देश के सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को जयपुर के दादिया क्षेत्र में सहकारिता विभाग के सरकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से सहकारिता विभाग से जुड़ी जनता पहुंचेगी और भाजपा कार्यकर्ता भी केंद्रीय मंत्री शाह से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगें। यह कार्यक्रम सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने और आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

सहकारिता के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

## श्री आर. दोरईस्वामी ने भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ का कार्यभार संभाला

**जयपुर।** वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार द्वारा 14 जुलाई, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार, श्री आर. दोरईस्वामी को भारतीय जीवन बीमा निगम का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक (सीईओ एवं एमडी) नियुक्त किया गया है।

# बीमा निगम ने एयू बैंक के साथ समझौता किया

**जयपुर।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम ने कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था के तहत भारत के अग्रणी लघु वित्त बैंकों में से एक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ समझौता किया है। इस साझेदारी की आधिकारिक शुरुआत 14 जुलाई, 2025 को आयोजित एक संयुक्त वेबकास्ट के माध्यम से हुई, जिसमें दोनों संगठनों के वरिष्ठ नेतृत्व दल शामिल हुए। यह आयोजन व्यापक वित्तीय समावेशन और बीमा पहुँच के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, विशेष रूप से वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की मजबूत उपस्थिति है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक अपनी शाखाओं और डिजिटल चैनलों पर एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला, जिसमें वार्षिकी, यूलिप, सावधि बीमा और बचत श्रेणी शामिल हैं, वितरित करेगा। इससे एयू बैंक के ग्राहकों को विश्वसनीय, व्यापक सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत समाधान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एलआईसी की 3600 से अधिक शाखाओं और सैटेलाइट कार्यालयों और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के लगभग 2500 टचपॉइंट के विशाल नेटवर्क की संयुक्त शक्ति के माध्यम से, देश भर में जीवन बीमा की पहुँच आसान हो जाएग इस सहयोग के साथ, दोनों संस्थान वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और पूरे भारत में सर्वोत्तम बीमा समाधान प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# मेयर पद से निलंबन के खिलाफ याचिका खारिज, तीन माह में न्यायिक जांच पूरी करने के निर्देश

- **हाईकोर्ट ने पट्टा जारी करने की एवज में रिश्वत से जुड़े मामले में हेरिटेज नगर निगम की तत्कालीन मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका को खारिज किया**

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पट्टा जारी करने की एवज में रिश्वत से जुड़े मामले में हेरिटेज नगर निगम की तत्कालीन मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका को खारिज कर दिया है। मुनेश ने अपने तीसरे निलंबन को चुनौती दी थी। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ चल रही न्यायिक जांच तीन माह में पूरी की जाए। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि को अनंतकाल तक निलंबित नहीं रखा जा सकता। अदालत ने कहा कि जनप्रतिनिधि से गरिमा के साथ काम करने की उम्मीद की जाती है। प्रकरण में याचिकाकर्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप पत्र पेश किया गया है, जिसे समाज के कैंसर के रूप में जाना जाता है। याचिकाकर्ता ने आरोप पत्र को चुनौती नहीं दी है और न्यायिक जांच में भाग लिया है, जिसका निर्णय आना अभी बाकी है। अदालत ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह बड़ा चौंकाने वाला है कि अदालती आदेश के बावजूद भी सरकार नौ माह तक निष्क्रिय रही और जांच प्रक्रिया कछुए की चाल के समान रही। अदालत ने 1 दिसंबर, 2023 को एक माह में जांच पूरी करने को कहा था, लेकिन जून 2024 को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। यह अवमानना की श्रेणी में आता है।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता को 5 अगस्त, 2023 को निलंबित किया गया था। जिस पर हाईकोर्ट की रोक लगने के बाद राज्य सरकार ने 1 सितंबर को निलंबन वापस ले गया। वहीं 22 सितंबर, 2023 को उसे पुनः निलंबित किया। जिसे 1 दिसंबर को अदालत ने रद्द कर नया जांच अधिकारी नियुक्त करने को कहा। याचिका में कहा गया कि स्वायत्त शासन विभाग ने 12 सितंबर, 2024 को याचिकाकर्ता को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा। जिस पर याचिकाकर्ता ने अपनी आपत्ति पेश कर दी। वहीं 18 सितंबर को दूसरा नोटिस देकर जवाब मांगा। इस पर याचिकाकर्ता ने जांच अधिकारी नियुक्त करने का आदेश मांगा। जिसे विभाग ने नोटिस का जवाब मानते हुए उसे 23 सितंबर, 2024 को निलंबित कर दिया। किसी जनप्रतिनिधि को इस तरह से बिना सुनवाई का मौका दिए निलंबित नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से एएजी जीएस गिल ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ एसीबी ने आरोप पत्र पेश किया है। याचिकाकर्ता ने नोटिस का जवाब देने के बजाए तकनीकी आपत्तियां दी थी। याचिकाकर्ता के खिलाफ न्यायिक जांच लंबित है। एक बार न्यायिक जांच आरंभ होने के बाद प्रारंभिक जांच का कोई महत्व नहीं रहता है। याचिकाकर्ता ने न तो आरोप पत्र को चुनौती दी है और ना ही न्यायिक जांच की प्रक्रिया को, सिर्फ निलंबन को चुनौती दी गई है। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए तीन माह में जांच पूरी करने को कहा है।

# 'जेल में सुधार के निर्देशों की पालना रिपोर्ट करो पेश'

- **अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि ठोस जानकारी नहीं दी गई तो अदालत संबंधित विभागों के सचिवों को तलब करेगी**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कैदियों के कल्याण से जुड़े मामले में राज्य सरकार को अदालती आदेश की पालना में उठाए गए कदमों की जानकारी चार सप्ताह में पेश करने को कहा है। अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि ठोस जानकारी नहीं दी गई तो अदालत संबंधित विभागों के सचिवों को तलब करेगी। जस्टिस अवनीश झिंगन और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल ने बताया कि अदालती आदेश की पालना में राज्य सरकार ने पालना रिपोर्ट पेश की है, लेकिन इसमें सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। रिपोर्ट में बजट आवंटन को लेकर भी कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है, सिर्फ भविष्य में आवंटन की बात कही गई है। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एक बार बजट आवंटन हो गया तो फिर टेंडर जारी करने में अफसरों को भी मजा आएगा। न्यायमित्र ने अदालत को बताया कि एक ओर राज्य सरकार अपनी रिपोर्ट में बिंदुवार दिए निर्देशों की पालना बताने में असमर्थ रही है, वहीं दूसरी ओर जिला जजों ने अपनी रिपोर्ट में कई कमियां बताई हैं। लगभग सभी जेलों के भवन में सीलन आ रही है। कई जेलों की छतों से पानी टपक रहा है। एक जेल में तो सीवरेज का पानी भर रहा है। इस पर अदालत ने कहा कि जेल, कारागृह है या सुधार गृह या नरकगृह। ऐसे हालातों में कोई अपराधी जेल में रहेगा तो वह सुधर नहीं सकता। वहीं खंडपीठ के जज भुवन गोयल ने कहा कि वे साल 1992 से जेलों का निरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन जेल के हालातों में सुधार नहीं मिल रहा है। अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल को कहा कि फरीदाबाद स्थित जेल आदर्श जेल है। वहां दौरा कर सर्वे करना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को ठोस जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। गौरतलब है कि जेल के विकट हालातों पर अदालत ने स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

## 'आदिवासी समाज के नाम पर भ्रम फैलाने घटिया कोशिश'

- **अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि ठोस जानकारी नहीं दी गई तो अदालत संबंधित विभागों के सचिवों को तलब करेगी**

**जयपुर।** विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार रोत द्वारा जारी किया गया तथाकथित "भील प्रदेश" का नक्शा एक शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक स्टंट है। यह न केवल गौरवशाली राजस्थान की एकता पर चोट है बल्कि आदिवासी समाज के नाम पर भ्रम फैलाने और सस्ती लोकप्रियता पाने की घटिया कोशिश भी है।राठौड़ ने कहा कि आज अगर कोई भील प्रदेश की बात करेगा, कल कोई मरू प्रदेश की मांग करेगा तो क्या हम अपने शानदार इतिहास, विरासत और गौरव को ऐसे ही टुकड़ों में बाँट देंगे?राठौड़ ने कहा कि सांसद राजकुमार रोत द्वारा जारी नक्शा आदिवासी समाज में जहर बोने की साजिश है जो प्रदेशद्रोह की श्रेणी में आता है और इसे जनमानस कभी स्वीकार नहीं करेगा।

# देवनानी ने इंदौर में अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का अवलोकन किया

- **अजमेर नगर निगम सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों में अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट मॉडल लगाने के लिए राजस्थान सरकार से चर्चा करेंगे देवनानी**
- **'जन जागरुकता, भागीदारी और सख्त निगरानी से हो सकता है समस्या का आसान हल'**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मध्यप्रदेश यात्रा में इंदौर प्रवास के दौरान नगर निगम इंदौर द्वारा संचालित अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का अवलोकन किया। देवनानी ने इस प्लांट की कार्यप्रणाली और तकनीक की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इंदौर का वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल बेस्ट है। इंदौर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कचरा निस्तारण, रिसाइकलिंग प्रक्रियाओं एवं स्वच्छता मॉडल के विभिन्न पहलुओं के बारे में देवनानी को जानकारी दी।

देवनानी ने कहा कि इंदौर नगर निगम द्वारा विकसित यह वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली देशभर के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह न केवल कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत करती है, बल्कि नगरीय जीवन को स्वस्थ, स्वच्छ और पर्यावरण हितैषी बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। देवनानी ने कहा कि अजमेर नगर निगम सहित राज्य के विभिन्न शहरों में इसी मॉडल पर आधारित अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थापना हेतु प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए देवनानी राज्य सरकार से चर्चा करेंगे ताकि "स्वच्छ राजस्थान" का लक्ष्य प्रभावी रूप से साकार किया जा सके। देवनानी ने कहा कि कचरा निस्तारण की समस्या का समाधान आधुनिकतम तकनीक से होगा लेकिन इसके लिए लोगों की जन-जागरूकता, उनकी सामूहिक भागीदारी के साथ सख्त निगरानी भी आवश्यक है। इससे समस्या कभी विकराल रूप नहीं ले सकेगी। उन्होंने कहा कि इस समस्या के निराकरण के लिए लोगों की इच्छा शक्ति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण पहलू है।

# सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान करने के लिए मण्डल प्रतिबद्ध : आयुक्त

- **बैठक में आवासन आयुक्त द्वारा वर्षाकाल की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

**जयपुर।** आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने मंगलवार को मंडल के सभागार में विभागीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में आवासन आयुक्त द्वारा वर्षाकाल की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

डॉ. रश्मि शर्मा ने वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवासन मण्डल की समस्त परियोजनाओं में सुरक्षा और सुचारु प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने विशेष रूप से क्षितग्रस्त सड़कों, खुले मेनहोल, झूलते विद्युत बॉक्स और असुरक्षित केबल्स की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके । उन्होंने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की कड़ाई से पालना करते हुए श्रमिकों और राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए भी निर्देशित किया ।



आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने ( बीच में ) ने मानसून की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली ।

उन्होंने विद्युत प्रबंधन को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि के दौरान मण्डल की आवासीय योजनाओं में विद्युत आपूर्ति में कोई व्यवधान न आए, इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं, कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा जाए और पूरे सिस्टम की सघन मॉनिटरिंग की जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे मौके पर रहकर निगरानी करें और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। मण्डल के सभी अधिकारी तत्परता और सजगता से कार्य करें, मण्डल अपने रहवासियों के जीवन को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा , मुख्य अभियंता एचक्यू टीएस मीणा , मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव , वित्तीय सलाहकार रोहिताश यादव सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे व जिलों से अभियंता वीसी के माध्यम से जुड़े ।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना इलाके में स्थित अजमेर-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर सोमवार देर रात को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारता हुआ निकल गया। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई और वहीं एक अन्य घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। वहीं मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना (पश्चिम) पुलिस कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक और चालक कर रही है।

पुलिस के अनुसार हादसे में लक्ष्मीनारायणपुरा (दौलतपुरा) निवासी तुलसीराम सैनी (33) की मौत हो गई और वहीं पडोस में रहने वाला उसका दोस्त दोस्त राज चौधरी (32) घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर रात तुलसीराम पड़ोस में रहने वाले दोस्त राज चौधरी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान थाना इलाके में स्थित एक्सप्रेस हाईवे पर पंखुड़ी होटल के पास तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

# पांच मंजिला अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल स्थित फ्लैट में लगी आग

- **आग लगने से अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में मचा हड़कंप**
- **अपार्टमेंट में रहने वाले सभी लोगों को निकाला सकुशल बाहर**
- **वही दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू**

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में मंगलवार को एक पांच मंजिला अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल स्थित एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर मानसरोवर फायर स्टेशन से पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग से करीब 10 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। प्रथम दृष्टिया शॉर्ट सर्किट से आग लगना माना जा रहा है।




मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

मानसरोवर थाना इलाके के मांग्यावास की इंजीनियर कॉलोनी स्थित पांच मंजिला श्याम हाइट्स अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल फ्लैट में आग लगी थी। यह फ्लैट रश्मी देवी का है जो अपने परिवार के साथ बाहर गई हुई थी। मंगलवार सुबह अचानक बंद फ्लैट से धुंआ उठने लगा। देखते ही देखते फ्लैट से आग की भीषण लपटे उठते दिखाई दी। फ्लैट से आग की भीषण लपटे उठते देखकर अपार्टमेंट में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आग की दहशत से घिरे परिवार अपने-अपने फ्लैट छोड़कर अपार्टमेंट से बाहर आ गए। वहीं आग लगने की सूचना पर मानसरोवर फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की तीन दमकलों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया।

# ग्यारह करोड़ रुपये की चांदी के साथ पांच संदिग्ध हिरासत में

## ए.टी.एम. में कैश डिपॉजिट करने वाली कैश मैनेजमेंट सर्विस वैन में 1100 किलो चांदी मिली

- मामला चांदी तस्करी या टैक्स चोरी कर चांदी के अवैध ट्रांसपोर्टेशन और सप्लाई करने से जुडे होने की आशंका जताई
- चालक ने बताया कि वह यह चांदी अहमदाबाद से जयपुर लेकर जा रहे हैं

**उदयपुर, (निसं)।** प्रदेशभर में बीती रात तीन बजे से हुई नाकाबंदी में उदयपुर की गोगुंदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1100 किलो चांदी के साथ पांच संदिग्धों को पकड़ा है, इनमें एक गनमैन भी है। ये सभी एटीएम में कैश डिपॉजिट करने वाली सीएमएस (कैश मैनेजमेंट सर्विस) वैन में चांदी लेकर अहमदाबाद से जयपुर जा रहे थे।

मामला चांदी तस्करी या टैक्स चोरी कर चांदी के अवैध ट्रांसपोर्टेशन और सप्लाई करने से जुडे होने की आशंका है। पुलिस ने आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को सूचना दी है, उनके द्वारा दस्तावेजों के वैरीफाई करने के बाद पुलिस या संबंधित विभाग अग्रिम कार्रवाई करेंगे। दस्तावेज के अनुसार वाहन में 1100 किलो चांदी है तो इसकी कीमत करीब 11 करोड़ रूपए से अधिक होगी।

गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर बीती रात गोगुंदा टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की थी। रात 3 से 4 बजे के आसपास एक बिना नंबर प्लेट लगा वाहन जिस पर कैश वैन की तरह जाली लगी थी, आता हुआ दिखायी दिया।

गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि वाहन में एक गनमैन सहित 4 से 5 लोग मौजूद थे। संदेह होने पर वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की तो चालक ने दस्तावेज दिखाए जिसमें वाहन में 1100 किलो चांदी होना अंकित था।

चालक ने बताया कि वह यह चांदी अहमदाबाद से जयपुर लेकर जा रहे हैं। तब पुलिस को शंका हुई, क्योंकि अहमदाबाद से जयपुर के लिए जाते समय गोगुंदा टोल प्लाजा बीच में नहीं पड़ता है। अहमदाबाद से जयपुर के लिए अंबाजी से होकर आबूरोड से सुमेरपुर, पाली का रूट होता या हिम्मतनगर होते हुए चित्तौड़गढ़ या नाथद्वारा हाइवे का रूट होता। तीनों ही रूट में गोगुंदा टोल प्लाजा नहीं आना था।

गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह के अनुसार वाहन चालक के रूट को लेकर संदेह हुआ तो हमने वाहन सहित सभी को डिटेन किया और थाने लेकर आ गए। आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को सूचना दी है। वे वाहन में रखी चांदी और दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। आयकर चोरी या जीएसटी चोरी सहित किसी भी स्तर पर मामला संदिग्ध हुआ तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दो किलोग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) के अधिकारियों ने चित्तौड़गढ़ जिले के चंदेरिया रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति को 2.037 किलोग्राम अवैध अफीम सहित गिरफ्तार किया।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति चंदेरिया रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज के नीचे से होता हुआ अवैध मादक पदार्थ अफीम को ले जाकर मादक पदार्थ तस्कर को सौंपेगा।

सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध व्यक्ति पर कड़ी निगरानी रखी और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर व्यक्ति की पहचान करने के बाद उस व्यक्ति को चित्तौड़गढ़ जिले के चित्तौड़गढ़ -गंगरार रोड स्थित चंदेरिया रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज के नीचे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 2.037 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की। टीम ने मौके पर बरामद अवैध अफीम को जब्त कर लिया और एनडीपीएस एक्ट में व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

## श्रमिक की मौत

**उदयपुर।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल दो श्रमिकों में से ओमप्रकाश की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सुखेर थाना क्षेत्र मीरा नगर रोड़ पर 13 जुलाई को डिवाइडर से टकराने के बाद मीनी ट्रक पलटने से राह चलते श्रमिक ओमप्रकाश (29) पुत्र खोलबहरा व साथी सूरज बैरवा घायल हो गए थे।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा-2024 की उत्तरतालिका बाबत

बोर्ड द्वारा दिनांक 29.06.2025 को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा-2024 (कक्षा-10 व कक्षा-12) की अस्थाई उत्तरतालिका बोर्ड की वेबसाईटwww.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध करवा दी गई है। यदि किसी परीक्षार्थी को इस उत्तरतालिका के किसी प्रश्न के उत्तर में आपत्ति है तो वे बोर्ड के ई-मेल आई.डी. bserobjections@gmail.com पर मय प्रमाण के दिनांक 21.07.2025 तक निर्धारित प्रारूप में आपत्ति दर्ज करावें। इसके उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक द्वारा प्राप्त आपत्तियां स्वीकार नहीं की जायेगी। सचिव



**सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, प्रिंस विजयसिंह मैमोरियल (पी.बी.एम.) चिकित्सालय**

बीकानेर दूरभाष नं. 01512220115 ई-मेल- rmrs.pbm@gmail.com

क्रमांक- रामेरिसो/पी.बी.एम./2025/21961 दिनांक-07.07.2025

**ई-बोली (07/2025-26) आमंत्रण सूचना**

राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, पी.बी.एम. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग समूह, बीकानेर के अधीन विभिन्न विभागों में 40 बिन्दुओं पर ई.सी.जी. जांच कार्य करने हेतु मानव संसाधन की सेवाऐं उपलब्ध करवाये जाने हेतु 02 वर्षीय दर संविदा के लिए दिनांक 11.07.2025 समय 04 बजे से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक बोली दाता फर्म पर उक्त बोली सम्बन्धित दस्तावेज देख सकते हैं।

UBN NO. MCB2526SLRC00067

अधीक्षक एवं सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
पी.बी.एम. चिकित्सालय, बीकानेर

DIPR/C/9660/2025


# डॉ. सतीश पूनियां ने मां त्रिपुरा सुंदरी की पूजा-अर्चना की

## डॉ. पूनियां ने मां त्रिपुरा सुंदरी का आशीर्वाद लेकर प्रदेश-देश की खुशहाली की कामना की

- सतीश पूनियां ने बांसवाड़ा भाजपा जिला कार्यालय और विधायक के निवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा जिले के प्रवास पर भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने माँ त्रिपुरा सुंदरी जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश-देश की उन्नित और खुशहाली की कामना की। बांसवाड़ा भाजपा जिला कार्यालय में सतीश पूनियां ने पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और जिले के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां गढी विधायक कैलाश मीणा के चंदनपुरा निवास पर पहुंचे, जहां विधायक मीणा ने आदिवासी जनजाति परंपरा से सतीश पूनियां का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान पूनियां ने विधायक कैलाश मीणा सहित परिवारजनों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान सतीश पूनियां का भाजपा जिलाध्यक्ष पूजीलाल गायरी, पूर्व सांसद मानशंकर निनामा, एसटी मोर्चा पूर्व प्रदेश महामंत्री धर्मेन्द्र राठौड़, विधायक कैलाश मीणा, जिला परिषद सदस्य हकरु भाई मईडा, जिला परिषद सदस्य राजेश कटारा, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल सहित मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने माँ त्रिपुरा सुंदरी जी की पूजा-अर्चना की।

# आयोग ने मॉडल आंसर-की जारी की

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2024 के ग्रुप अ के संस्कृत विषय एवं ग्रुप बी के सोशियोलॉजी, इकोनॉमिक्स, उर्दू, पंजाबी, ड्राइंग, होम साइंस, राजस्थानी तथा म्यूजिक सहित कुल 9 विषयों की मॉडल आंसर-की जारी की है।

मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इन विषयों की परीक्षाएं 30 जून से 2 जुलाई एवं 5 जुलाई के बीच आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी यदि किसी उत्तर से असहमत हैं, तो वे 16 से 18 जुलाई रात्रि 12 बजे तक निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति दर्ज कराने हेतु 100 रुपए शुल्क (सेवा शुल्क अतिरिक्त) देना होगा। आपत्तियां केवल आयोग की वेबसाइट के रिक्रूटमेंट पोर्टल पर एसएसओ लॉगिन के माध्यम से ही दर्ज की जा सकती हैं। पेमेंट ई-मित्र कियोस्क या पोर्टल पर दिए गए पेमेंट गेटवे के जरिए करना होगा। आपत्ति केवल उन्हीं अभ्यर्थियों से स्वीकार की जाएगी जो परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। हर प्रश्न पर आपत्ति मान्य प्रामाणिक स्रोत के प्रमाण सहित होनी चाहिएए अन्यथा आयोग उस पर विचार नहीं करेगा। गुप्ता ने बताया कि शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और एक बार ही आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। निर्धारित समयसीमा के बाद कोई भी आपत्ति नहीं मानी जाएगी और लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।

# विवाहिता ने फांसी लगाई, मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के संचिया गांव में एक विवाहिता का शव घर में साड़ी के फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान कमला के रूप में हुई है। पीहर पक्ष ने महिला की मौत पर शक जताया है। वहीं, पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाए हैं। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

बिछीवाड़ा थाने के एएसआई ने बताया कि कमला की शादी 2012 में रमेश पुत्र बदा वरहात के साथ हुई थी। दंपती का एक 11 वर्षीय बेटा है। पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। मृतका के भाई रमेश फलेजा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बहन की मौत को संदिग्ध बताते हुए पति और ससुराल पक्ष पर आरोप लगाए हैं। एएसआई के अनुसार, कमला का शव लकड़ी की बल्ली से लटका मिला। पास में एक कुर्सी पर बिस्तर रखा हुआ था। शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डूंगरपुर अस्पताल भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय (वि.) नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**

क्रमांकः-ननिको द./वि0/2025/356-362 दिनांक : 11.07.2025

**पुन:-निविदा सूचना :-**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट http://kotamcsouth.org.com, urban.rajasthan.gov.in/nnks, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। (अनुमानित राशि 47.37 लाख रूपये)

NIB CODE : DLB2526A3449
UBN : DLB2526WSOB10824

अधिशाषी अभियंता (वि0)
नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/25/6170



**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ (राज)**

क्रमांक/न.प.नि./निर्माण/25-26/2671-73 दिनांकः 14/07/2025

**-: शुद्धि-पत्र :-**

नगर परिषद निम्बाहेड़ा निर्माण शाखा द्वारा पत्र क्रमांक/न.प.नि./निर्माण/ 25-26/2570-71 दिनांक 09.07.2025 से 1 कार्य (Development & Beautification Work At KUMS Park in Nimbahera) की निविदा सूचना नं. 11/2025-26 आमन्त्रित की गई है। उक्त निविदा की दिनांक को प्रशासनिक कारणो से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

निविदा दिनांक का विवरण निम्नानुसार होगा:-

| | |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 18.07.2025 प्रातः 10:00 बजे तक |
| ऑन राशि जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 18.07.2025 प्रातः 10:00 बजे तक |
| तकनीकी बिड़ निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 18.07.2025 दोपहर 2:00 बजे |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 3 माह |

शेष शर्ते यथावत लागू रहेगी।

राज.संवाद/सी/25/6255 प्रशासक आयुक्त



**अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत सलूम्बर, जिला सलूम्बर**

क्रमांक-635-640 दिनांक-03.07.2025
Phone: 2906298431 Email:sephedsalumber@gmail.com

**निविदा सूचना संख्या-02/25-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड सलुम्बर, जिला सलुम्बर के अधीन विभिन्न जल योजनाओं पर स्वीकृत निर्माण कार्य मय मेटेरियल के निविदा सूचना संख्या 02/25-26 का राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को ई-प्रोक्यूमेन्ट के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।
उक्त सभी निविदाओं से संबधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन sppp.rajasthan.gov.in निम्नानुसार कर दिया गया है-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | आईश्रडी. नम्बर | अपलोड की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | 02/25-26 | UBNPHE2526WSOB04348 | 04.07.2025 |

अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
वृत सलूम्बर, जिला सलूम्बर

DIPR/C/9587/2025


# अदालत का लोक अभियोजक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** यहां कोर्ट में लोक अभियोजक के रूप में काम कर रहे युवक को हजार रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक पांच सौ रुपए पहले ले चुका था। बाकी के पांच सौ रुपए लेते हुए एसीबी ने दबोच लिया। इससे पहले युवक ने रुपए चबाकर खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने रुपये निकालकर उसे पकड़ा। रिश्तखोर युवक ने परिवादी को किसी प्रकरण में लाभ देने की कोशिश में एक हजार रुपए की मांग की गई थी। इस पर परिवादी ने एसीबी को शिकायत कर दी। इससे पहले वह पांच सौ रुपए ले चुका था। ऐसे में एसीबी ने ट्रैप का जाल बिछा लिया। मंगलवार दोपहर एसीबी की टीम मौके पर पहुंची। परिवादी ने जैसे ही पांच सौ रुपए दिए, वैसे ही एसीबी ने उसे दबोच लिया। पीपी जगदीश प्रसाद ने पांच सौ रुपए का नोट चबाने की कोशिश की लेकिन एसीबी पुलिस ने बाहर निकलवा लिया। एसीबी टीम की कार्रवाई होने के साथ ही अदालत परिसर में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में वकील और अन्य लोग एकत्र हो गए। पीपी जगदीश ने खुद को छिपाने का खूब प्रयास किया लेकिन बड़ी संख्या में लोगों ने उसे गिरफ्तार कर ले जाते के वीडियो भी बना लिए। कार्रवाई एडिशनल एसपी आशीष कुमार के निर्देशन में हुई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी के सीआई इंद्र कुमार ने कार्रवाई की।

# एलिवेटेड ब्रिज रोड़ धंसने का मामला : सात अधिकारियों की कमेटी गठित

- जांच एजेंसी एमएनआईटी जांच में जुटी, आरएसआरडीसी से दस्तावेज मांगे

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर स्मार्ट सिटी योजना के तहत करीब 275 करोड़ की लागत से बने एलिवेटेड ब्रिज (रामसेतु ब्रिज) की महावीर सर्किल सर्विस वाली भुजा की सड़क गत दिनों तेज बरसात के बाद धंस गई थी। सड़क धंसने की जांच सोमवार से शुरू हो गई। जांच एजेंसी मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर ने निर्माण कंपनी राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड से ब्रिज निर्माण व टेस्ट संबंधी सभी दस्तावेज तलब किए हैं।

जांच एजेंसी मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर (एमएनआईटी) को जांच में सहयोग के लिए जिला कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ लोकबंधु ने 7 अधिकारियों की कमेटी गठित की है, जो जांच एजेंसी टीम को सहयोग करेगी। जांच में करीब एक माह का समय लगेगा। जांच एजेंसी अपनी जांच रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपेगी। क्षतिग्रस्त एलिवेटेड रोड की पुरानी आरपीएससी कचहरी रोड से मार्टिंडल ब्रिज, गांधीभवन से महावीर सर्किल तक की विस्तृत तकनीकी जांच व सेफ्टी ऑडिट करवाई जाएगी। आरएसआरडीसी की परियोजना निदेशक चारू मित्तल को एलिवेटेड रोड से संबंधित सभी इंजीनियरिंग फैक्ट व दस्तावेज उपलब्ध करवाने और साईट विजिट के लिए सभी व्यवस्थाएं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कोर्ट के आदेश पर जब बंद किया तो यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई थी।

अजमेर शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए स्मार्ट सिटी योजना के तहत एलिवेटेड रोड का निर्माण किया गया है। शहर के यातायात के लिए संजीवनी बने इस रामसेतु ब्रिज की महावीर सर्किल वाली भुजा की सड़क का कुछ हिस्सा 3 जुलाई को हुई तेज बरसात के बाद धंस गया था। सूचना पर निगम और ट्रैफिक के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने गड्ढे को मिट्टी के कट्टों से ढक दिया। वहीं ट्रैफिक डिपार्टमेंट ने दोनों तरफ से रास्ते को बैरिकेड्स लगाकर ब्रिज पर यातायात बंद कर दिया। इसके बाद कोर्ट में याचिका लगी और कोर्ट ने दो दिन के लिए यातायात बंद करवा दिया। बाद में हुई सुनवाई में सुरक्षित होने का प्रमाण पत्र देने पर ब्रिज पर पुन: यातायात चालू किया गया।


**Office of the Deputy Director, Women and Child Development, Dholpur**

Email id: dddholpur.wcd@rajasthan.gov.in

क्रमांक-मबावि./नीति आयोग/2025-26/297 दिनांक-04.07.2025

**Abridged NIB**

Single Stage Two-bid online uconditional Bids are invited for the procurement of ECE kits and Toys from bonafide manufacture/authorised dealer/marketing agent/whole seller/supplier on F.O.R. basis at CDPO Offices Bari/Baseri/Sarmathura Integrated Child Development Services (ICDS), Dholpur, Women & Child Development Department. Estimated Value INR 18.60 Lakhs Rupees are Invited From interested bidders up to 21.07.2025 till 12.00 Noon. Other Particulars of the bid may be visited on the https://eproc.rjasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in of the state.

UBN NO- ICD2526GLRC00043, NIB NO.- ICD2526A0048,
e-Proc ID- 2025_WECO_485344_1

Deputy Director
Women and Child Development, Dholpur

DIPR/C/9572/2025



**कार्यालय नगर पालिका पिड़ावा जिला-झालावाड़ (राज.)**

E-mail id – eopirawa.lsg@rajasthan.gov.in Phone No. – 07434-258566

क्रमांक/न.पा.पि./निर्माण/2025/868-869 दिनांकः- 14/07/2025

**ई-निविदा क्रमांक 04/2025-26**

नगर पालिका पिडावा में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको व अन्य विभागो के सक्षम श्रेणी में पंजिकृत फार्मो/संवेदको से ई-निविदा पद्धति से 3 कार्यो की दिनांक 16.07.2025 से 30.07.2025 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

NIB CODE :- DLB2526A3547

| WORK NO. | UBN CODE |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSRC11270 |
| 2 | DLB2526WSRC11274 |
| 3 | DLB2526WSRC11277 |

अध्यक्ष
नगर पालिका पिड़ावा

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका पिड़ावा

राज.संवाद/सी/25/6206



# बरसात से अवरुद्ध रेल मार्ग दुरुस्त हुआ, ट्रेनों का संचालन भी बहाल

- पाली मारवाड़-बोमादड़ा रेलमार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही शुरु हुई

**पाली/जोधपुर, (निसं)।** भारी बरसात से जल भराव और पटरियों के नीचे से मिट्टी खिसकने के कारण अवरुद्ध हुए पाली मारवाड़-बोमादड़ा रेल मार्ग दुरुस्त करवा लिया गया है। इसके साथ ही इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन बहाल किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि मंडल के लूनी-मारवाड़ जंक्शन रेल खंड के पाली मारवाड़-बोमादड़ा रेलवे स्टेशनों के बीच सोमवार को तेज बरसात से पटरियों पर अत्यधिक जल भराव और उसके तेज बहाव से पटरियों के नीचे से मिट्टी खिसक जाने से रेल यातायात अवरुद्ध हो गया था, जिसके कारण रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों को मारवाड़ जंक्शन से जोधपुर रेलवे स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द किया गया तथा अनेक ट्रेनों को अजमेर-फुलेरा और समदड़ी-भीलड़ी के परिवर्तित मार्गों से संचालित किया गया।

उन्होंने बताया कि बरसात का दौर थमने के बाद अपराह्न 12.40 बजे रिस्टोरेशन (मरम्मत) का कार्य प्रारंभ किया गया तथा 8 घंटे 25 मिनट बाद रात्रि 9.05 बजे मानसून रिजर्व ट्रेन से 10 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से सुरक्षित ट्रायल के पश्चात पैसेंजर ट्रेनों को 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से संचालन के लिए फिट जारी कर दिया गया। इसके साथ ही इस मार्ग से सभी ट्रेनों का संचालन पूर्ववत बहाल कर दिया गया है।



अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

# बीकानेर में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग

- रामपुरा बस्ती में दो गुट आपस में भिड़े, पिस्टल से फायर, पत्थरबाजी भी की
- वायरल वीडियो में दिनदहाड़े एक पक्ष के लोग तलवारें लेकर कुछ लोगों के पीछे भागते भी नजर आ रहे हैं

**बीकानेर, (निसं)।** यहां रामपुरा बस्ती क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने घर के अंदर से बाहर खड़े लोगों पर पिस्टल से फायरिंग कर दी। दूसरे पक्ष ने इसका वीडियो बनाया। दोनों पक्षों की ओर से मुक्ता प्रसाद नगर थाने में परस्पर मामला दर्ज कराया गया है।

पुलिस के अनुसार रामपुरा बस्ती की नौ नंबर गली में रिंकू उर्फ योगेश कौशिक का मकान है, जिसके पास एक खाली भूखंड है। इस जमीन को लेकर योगेश और राकेश मीणा के बीच विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। वायरल वीडियो में दिनदहाड़े एक पक्ष के लोग तलवारें लेकर कुछ लोगों के पीछे भागते भी नजर आ रहे हैं। वहीं एक युवक पिस्टल से फायरिंग करता दिख रहा है। दोनों पक्षों की ओर से काफी देर तक पथराव भी हुआ। एक-दूसरे पर भारी भरकम ईंटें फेंकी गई। इस मामले में रिंकू उर्फ योगेश कौशिक ने राकेश मीणा, महबूब कायमखानी, सत्यपाल जाट, अभिषेक पंवार, आशीष गहलोत व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं झुंझुनूं निवासी राकेश मीणा ने रिंकू उर्फ योगेश कौशिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

सीओ सिटी श्रवणदास संत ने बताया कि पिस्टल से फायर करने के मामले में योगेश कौशिक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पिस्टल भी जब्त कर ली गई है। दोनों पक्षों में दोषियों को गिरफ्तार करने की कोशिश चल रही है।


**MBM UNIVERSITY, JODHPUR**

No.: MBMU/OIC/2025-26/572 Date :- 14/07/2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids are invited from interested eligible and experienced vendors/suppliers for the supply/provision of the following items/services at MBM University, Jodhpur. All other particulars of the bid may be visited on the portal **sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in and www.mbm.ac.in.**

1. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00020 for Electrical Vehicle Lab (EV Lab) setup for Electrical Engineering Department in MBM University, Jodhpur (Under PM-USHA) with estimated amount ₹1,39,69,456/- Cr. rupees and last date of bid submission 01.08.2025, 12:00 Noon.
2. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00021 for Lab Equipment for Civil Department in MBM University, Jodhpur (Under PM-USHA) with estimated amount ₹34.00 Lakhs and last date of bid submission 23.07.2025 12:00 Noon.
3. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00022 for High Performance Computer and Desktop for CSE at M B M University, Jodhpur. with estimated amount ₹88.00 Lakhs and last date of bid submission 23.07.2025, 12:00 Noon.
4. Bids vide UBN No: MBM2526SLOB00023 for E-Tender for "Online Portal /ERP Services in the MBM University, Jodhpur (QCBS) for session 2025-26, 26-27, 27-28 at M B M University, Jodhpur. with estimated amount ₹210.00 Lakhs and last date of bid submission 01.08.2025, 12:00 Noon.
5. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00024 for Technical Dynamics Lab Equipment's for Mechanical Department at M B M University, Jodhpur (Under PM-USHA) with estimated amount ₹10.24 Lakhs and last date of bid submission 23.07.2025 12:00 Noon.
6. Bids vide UBN No: MBM2526WSOB00025 for Work of Seminar Hall in Petroleum Engineering Department at MBM University, Jodhpur (Re-tender) with estimated amount ₹30.00 Lakhs and last date of bid submission 23.07.2025 12:00 Noon.
7. Bids vide UBN No: MBM2526GSOB00026 for Software's in computer lab in MBM University, Jodhpur (Under PM-USHA) with estimated amount ₹05.00 Lakhs and last date of bid submission 23.07.2025 12:00 Noon.

OIC-Central Store
MBM University

Raj.Samwad/C/25/6215

## चार दोस्तों ने किया महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में चार दोस्तों ने एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपितो ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया और साथ ही विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़ित महिला ने चारों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर की रहने वाली 35 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले काम के सिलसिले में उसकी चार युवकों से जान-पहचान हुई थी। चारों आरोपी आपस में दोस्त है। बातचीत के दौरान उनसे मुलाकात होने लगी। आरोप है कि धोखे से मिलने के बहाने आरोपियों ने उसे करणी विहार इलाके में बुलाया। अकेला पाकर चारों आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिया।

इसके बाद अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देने लगे। वीडियो सार्वजनिक करने की कह कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को देवनारायण योजना के अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

विभाग के मुख्यालय अंबेडकर भवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में कॉलेज शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यिमता, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

गहलोत ने गत माह हुई बैठक में दिए निर्देशों की प्रगति से अवगत करवाया। इस दौरान देवनारायण छात्रवृति योजना-उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना, देवनारायण छात्रवृत्ति योजना-पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना, देवनारायण गुरुकुल योजना, देवनारायण अनुप्रति योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, देवनारायण आदर्श छात्रावास संचालन, देवनारायण आवासीय विद्यालय संचालन,




अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ( बीच में ) ने कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

देवनारायण बालक एवं बालिका महाविद्यालय संचालन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन, उप स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

बैठक में उठाए सभी विषयों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और उनमें गुणवत्ता में सुधार के लिए भी निर्देशित किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने कहा कि बैठक में आए सुझावो के आधार पर योजनाओं में निरंतर सुधार किया जाएगा। बैठक में अतिरिक निदेशक सुंडाराम मीणा ने पीपीटी के जरिए विभिन्न योजनाओं की प्रगति और बजट के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया।

- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन, उप स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की
- कौशल नियोजन एवं उद्यिमता, महिला एवं बाल विकास सहित सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह बैंसला, अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीना, वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह सहित संघर्ष समिति के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने किया डीजीपी डिस्क एवं सेवा पदक से सम्मानित



**जयपुर।** अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाईन चांदपोल जयपुर में पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवायें देने वाले एक मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक,छह डीजीपी डिस्क एवं प्रमाण पत्र, पांच डीजीपी प्रशंसा पत्र, चार राजस्थान पुलिस सेवा पदक देकर सम्मानित किया एवं 68 सर्वोत्तम सेवा पदक, 76 अति उत्तम सेवा पदक, 391 उत्तम सेवा पदक भी देकर सम्मानित किया है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि डीजीपी डिस्क विशेष कार्य करने वालों को ही दी जाती है। इतनी बड़ी फोर्स में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाय तो यह उनके काम का भी सम्मान है। बाकी के लोग भी इनसे प्रेरणा लें। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में भी लगन, समर्पण एवं मेहनत से जनता की सेवा का कार्य करते हुए पुलिस का नाम आगे बढ़ाते रहेंगे। डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्विनी गौतम,सहायक निदेशक एफएसएल डॉ के.एन. वशिष्ठ, डॉ आनंद कुमार, डॉ बैजू माथुर, हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह,कांस्टेबल गणेशाराम एवं डीजीपी प्रशंसा पत्र से सम्मानित उपनिदेशक एफएसएल डॉ राजेश कुमार, वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक एफएसएल शिव लाल धाकड़, गिन्नी,शिव कुमार, रमेश कुमार जांगिड़ शामिल थे। साथ ही मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक एसीपी वैशाली नगर आलोक कुमार गौतम, राजस्थान पुलिस सेवा पदक उप निरीक्षक इंद्रा अहलावत, हेड कांस्टेबल घासी राम एवं जल सिंह, कांस्टेबल सुनील यादव एवं 68 सर्वोत्तम सेवा पदक, 76 अति उत्तम सेवा पदक एवं 391 उत्तम सेवा पदक से सम्मानित किया।

### प्रभु पतित पावन में "अपावन" का सार समझाया



**जयपुर।** श्री दिगंबर जैन मंदिर, वरुण पथ, मानसरोवर में विराजमान परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयंत सागर जी महाराज ने चातुर्मास के अंतर्गत सायं कालीन धर्मसभा में आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए "प्रभु पतित पावन में अपावन का सार" विषय को विस्तार से समझाया। प्रचार संयोजक जिनेश कुमार जैन के अनुसार मुनिश्री ने कहा "प्रभु पतित पावन में अपावन का आना, इस बात का प्रतीक है कि प्रभु का ध्येय ही अपवित्र को पवित्र बनाना है। वे उन आत्माओं की शरण हैं जो जन्म-मरण के चक्र में उलझी हैं।" प्रभु विरद निहारते हैं, सब पर दया करते हैं - यही उनका चरित्र है। उन्होंने भक्ति गीत की पंक्तियों "प्रभु पतित पावन में अपावन चरण आयो शरण जी, यो विरद आप निहार स्वामी माते जन्म मरण जी..." को आधार बनाते हुए गहराई से व्याख्या की और भक्तों को आत्म-शुद्धि, संयम और विवेक की ओर प्रेरित किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष एम.पी. जैन ने जानकारी दी कि चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रात:काल अभिषेक, शांतिधारा, आहार चर्या, शंका समाधान एवं सायंकालीन प्रवचन एवं आरती का आयोजन हो रहा है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या हर्षोल्लास से भाग ले रहे हैं एवं धार्मिक पाठशाला पूरा लाभ ले रहे हैं।

### बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

**जयपुर।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की यहां आयोजित इंस्टॉलेशन सेरेमनी में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई।समारोह में विकास तिजारिया ने स्टेट चेयरमैन तथा प्रदीप कुमार जैन ने जयपुर सेंटर के चेयरमैन पद की शपथ ली। इसके अलावा दिनेश कुमार गुप्ता सेक्रेटरी, जयपुर सेंटर, अजय गोयल वाइस चेयरमैन, जयपुर सेंटर, संजय सूरी वाइस चेयरमैन जयपुर सेंटर, गोपाल खंडेलवाल चेयरमैन जयपुर पिंक सिटी, नरेंद्र कंदोई सेक्रेटरी, जयपुर पिंक सिटी, गौरव सेठी चेयरमैन जयपुर ग्रेटर, वर्धमान तिजारिया, सेक्रेटरी, जयपुर ग्रेटर, श्रीमती नीलिमा जैन चेयरपर्सन स्पूर्ति लेडीज़ क्लब, मोनिका गुप्ता सेक्रेटरी, स्पूर्ति लेडीज़ क्लब के पद की शपथ ली। उत्तर भारत के वाइस प्रेसिडेंट रामावतार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल ने एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह के अंत में सेक्रेटरी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम संगठन की एकता, विकास और सेवा भावना का प्रतीक रहा। इस अवसर पर राजस्थान भर के बिल्डर्स, इंजीनियर्स और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### हनुमान चालीसा का पाठ कर यूनिवर्सिटी प्रशासन की सद्बुद्धि की कामना की



**जयपुर ।** राजधानी जयपुर के महारानी कॉलेज में बनी मजार को लेकर विवाद थमने का नाम ही ले रहा है। इसी चलते मंगलवार को धरोहर बचाओ संघर्ष समिति ने महारानी कॉलेज के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ कर यूनिवर्सिटी प्रशासन की सद्बुद्धि की कामना करते हुए मजार हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर जांच कमेटी का फैसला उनके पक्ष में नहीं आया तो बड़ा आंदोलन होगा। धरोहर बचाओ संरक्षण समिति के अध्यक्ष भरत शर्मा ने कहा कि महारानी कॉलेज में बनी मजार को लेकर मंगलवार को कॉलेज प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हमने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया है। अगर प्रशासन की रिपोर्ट में हमारे पक्ष में फैसला नहीं आएगा तो वह आंदोलन करेंगे। इस मामले को लेकर जिला प्रशासन की जांच जारी है। इसकी 18 जुलाई को जांच रिपोर्ट आएगी और उन्हे उम्मीद है फैसला पक्ष में ही होगा। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो जयपुर की जनता के साथ मिलकर बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतर उग्र आंदोलन करेंगे।

### फूल बंगले में मोतियों की पोशाक पहन कर विराजे सियाराम जी

**जयपुर।** ठिकाना मंदिर रामचंद्र जी चांदपोल बाजार जयपुर में नाग पंचमी के अवसर पर फूल बंगले की झांकी सजाई गई। 51 किलो मोगरे और गुलाब से तैयार फूले बंगले में राम दरबार को बैठाया गया।महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि ये फूल बंगला वार्षिक उत्सव है और मंदिर स्थापना के समय से ही चलता आ रहा है इस दिन विशेष रूप से तैयार काली पोशाक धारण करवाई जाती है।इस साल मोतियों से निर्मित पोशाक भी धारण करवाई गई साथ ही श्रृंगार भी मोतियों का किया गया। इस अवसर पर मंदिर भक्त समाज द्वारा बधाई उत्सव किया गया जिसमें मुख्य पद फूलन को बंगलो बनयों विराज सियाराम बैठा फूल महल में सिया रघुवर म्हारो मन मोहे छे रे इस अवसर पर पुआ पकौड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

## कृषि विपणन विभाग का 'मिशन जीवन सुरक्षा' देगा सामाजिक सम्बल

**जयपुर।** भारत सरकार द्वारा बैंक खाता धारकों हेतु संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत राज्य की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों में क्रियाशील हम्माल, पल्लेदार और तुलारों के बैंक खाते खुलवाकर इन योजनाओं में बीमा करवाये जाने के लिए विभाग द्वारा मार्च 2025 से 'मिशन जीवन सुरक्षा' प्रारंभ किया गया।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल के निर्देशन में कृषि विपणन विभाग द्वारा सभी मंडी समितियों में नोडल अधिकारी बनाकर मंडियों में कार्यरत श्रमिकों के बैंक खाते खुलवाकर पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई से शत् प्रतिशत जोडने का कार्य किया जा रहा है जिसे विभाग द्वारा लगभग 95 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इससे मंडियों में कार्यरत हम्माल, पल्लेदार, तुलारों एवं अनेक परिवारों इत्यादि को जीवन बीमा के माध्यम से सामाजिक सम्बल प्राप्त होगा।

राज्य की कृषि उपज मंडियों में बैंक खातों से जुड़े क्रियाशील हम्माल व पल्लेदारों का पीएमजेजेबीवाई में 94.76 प्रतिशत एवं पीएमएसबीवाई में 95.34 प्रतिशत बीमा करवाया जा चुका है। मंडी समितियों द्वारा मंडी प्रांगणों में कार्यरत हम्मालों, पल्लेदारों और तुलारों का शत् प्रतिशत बीमा करवाये जाने हेतु विभाग दृढ़ संकलपित होकर कार्य कर रहा है ।

- राजस्थान की मंडियों में श्रमिकों को दिया जा रहा है बीमा सुरक्षा का संपूर्ण कवच

प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना भारत सरकार द्वारा 18 से 50 वर्ष तक के बैंक खाता धारकों के लिए लागू की गई है, जिसमें खाताधारक की मृत्यु होने पर परिवार को 2 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि दी जाती है। इसका प्रतिवर्ष 436 रुपये वार्षिक प्रमियम है और इसमें मेडिकल जांच कराने की भी कोई आवश्यक्ता नहीं होती है।

## सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

**जयपुर।** भांकरोटा थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार हादसा मालोत हॉस्पिटल के पास उस समय हुआ जब सड़क पर बने गहरे गड्ढों से बचने के प्रयास में एक ट्रक ने साइड दबाकर बाइक को चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक सड़क पर बने गड्ढों की वजह से संतुलन नहीं बना पाए और पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही भांकरोटा थाना और सेज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने में जुटी हुई है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए सड़क की जर्जर हालत और प्रशासन की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया है और जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है।

# भूमिगत केबल चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से खुदाई में काम आने वाले उपकरण भी जब्त किए किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि

- आरोपियों के पास से खुदाई में काम आने वाले उपकरण भी जब्त
- मुख्य सरगना की तलाश जारी

आरोपित संगठित होकर चोरी की वारदात करते है। वहीं गिरोह का मुख्य सरगना फरार हो गया है,जिसकी तलाश की जा रही है। मुख्य सरगना के खिलाफ चोरी और डकैती के कई प्रकरण पूर्व में दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर



पुलिस ने बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले मोहम्मद शाकिब, मोहम्मद आलम और दिलदार को गिरफ्तार किया।

नगर थाना पुलिस ने बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले मोहम्मद शाकिब,मोहम्मद आलम और दिलदार को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपी तरा बारी जिला अररिया (बिहार) हाल मानसरोवर जयपुर के रहने वाले है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह अपने साथी जाबिर हुसैन जो कि मुख्य सरगना है। जिसके खिलाफ पुलिस विधायकपुरी, महेश नगर जयपुर व जोकीहाट बिहार में चोरी व डकैती के प्रकरण दर्ज है।

उसके साथ मिलकर जयपुर शहर में केबल चोरी की वारदात को अंजाम देते है। जाबिर हुसेन वारदात करने बाद फरार हो गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे आयरन स्क्रैप पर 10 ट्रक जब्त किये

**जयपुर ।** राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना ई-वे बिल के अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे आयरन स्क्रैप से भरे 10 ट्रकों को जब्त किया है। यह कार्यवाही शासन सचिव वित ( राजस्व) एवं मुख्य आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग कुमार पाल गौतम के निर्देशानुसार राज्य प्रवर्तन शाखा द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के अंतर्गत की गई।

प्रवर्तन शाखा ने विभिन्न टीमों का गठन कर राज्य के कई क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की, जिसके दौरान इन ट्रकों को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह स्क्रैप विभिन्न सरिया निर्माण इकाइयों में उपयोग हेतु भेजा जा रहा था, किंतु इसका परिवहन बिना वैध दस्तावेजों एवं ई-वे बिल के किया जा रहा था, जो कि अधिनियम का उल्लंघन है।राज्य जीएसटी विभाग को पिछले



राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग ने बिना ई-वे बिल के आयरन स्क्रैप से भरे 10 ट्रकों को जब्त किया।

कुछ समय से आयरन स्क्रैप के अवैध परिवहन एवं कर चोरी की लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर विभाग द्वारा योजना बनाकर यह कार्रवाई की गई।

फिलहाल प्रवर्तन शाखा द्वारा ट्रकों में लदे माल के वास्तविक मालिकों की तथा यह स्क्रैप किस स्थान पर डिलीवर किया जाना था, इसकी जांच की जा रही है। जांच के दौरान बड़े पैमाने पर कर चोरी के और भी मामले उजागर होने की संभावना है। शासन सचिव एवं मुख्य आयुक्त गौतम ने कहा है कि कर कानूनों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और प्रदेश में कर चोरी पर पूर्ण नियंत्रण के लिए वाणिज्यिक कर विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध हो कर कार्य कर रहा है।

## दुष्कर्म करने वाला आरोपी उज्जैन से गिरफ्तार

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को उज्जैन (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी प्रेम कुमार शर्मा निवासी जयसिंह पुरा खोर जयपुर का पीछा करते हुए उज्जैन (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर पर एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ आरोपित प्रेम कुमार द्वारा डरा धमकाकर दुष्कर्म किया गया एवं घटना के बारे में किसी को बताने पर पीडिता व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान प्रारंभ

**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जयपुर प्रांत द्वारा प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में परिषद के पदाधिकारियों द्वारा संगठन के आगामी कार्यक्रमों, छात्रसंघ चुनावों को लेकर प्रस्तावित आंदोलनात्मक गतिविधियों एवं सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया। साथ ही, प्रस्तावित सदस्यता योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने 9 जुलाई को स्थापना दिवस को "राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस" के रूप में मनाया।

यह संगठन विगत 77 वर्षों से राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है। सत्र 2024-25 में विद्यार्थी परिषद की देशभर में कुल सदस्यता 60,03,940 रही, जिसमें जयपुर प्रांत की कुल सदस्यता 1,51,347 रही।


प्रांतमंत्री अभिनव सिंह ने आगे बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगामी 21 जुलाई से पूरे जयपुर प्रांत में सदस्यता अभियान की शुरुआत करने जा रही है। परिषद प्रतिवर्ष इस सदस्यता को एक अभियान के रूप में चलाती है। विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का कारण ही परिषद की मजबूत सदस्यता प्रणाली है। इस सत्र में परिषद 2,70,826 नए सदस्य बनाएगी। यह सदस्यता अभियान प्रांत के सभी 22 जिलों में 2500 से अधिक निजी एवं राजकीय 10 2 विद्यालयों में संचालित होगा।

सदस्यता को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु परिषद ने प्रांत एवं जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए सदस्यता कार्यशालाओं का आयोजन किया है। यह सदस्यता तीन चरणों में संचालित होगी। जिनमे प्रथम चरण में विद्यालय सदस्यता 21 जुलाई से 26 जुलाई तक रहेगी।

# 'उपभोक्ता हितों की होगी सुरक्षा, नापतोल की प्रक्रिया बनेगी पारदर्शी'

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को मंत्रालय भवन में विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि आमजन के कल्याण से जुड़ी सभी विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

अधिकारी अधिक से अधिक फील्ड विजिट कर योजनाओं को धरातल पर उतारें। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन को विभागीय योजनाओं से जोड़कर समुचित लाभ पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गोदारा ने कहा कि जीएटीसी (गवर्नमेंट अप्रूव्ड टेस्टिंग सेंटर) के लागू होने से प्रदेश में नापतौल की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। गलत तौल जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलने से उपभोक्ताओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में



उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा( बीच में ) ने मंत्रालय भवन में विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली।

वृहत स्तर पर रोजगार भी सृजित होगा। जीएटीसी के माध्यम प्रशिक्षित और योग्य कर्मियों को शामिल करने से विभाग की दक्षता बढ़ेगी। गोदारा ने विधिक एवं मापतौल अधिकारियों को सघन मॉनिटरिंग करने एवं अन्य राज्यों में जीएटीसी लागू होने के बाद आए सकारात्मक बदलाव के अध्ययन हेतु कमेटी के गठन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अधिक से अधिक फील्ड विजिट करें एवं दैनिक रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें।

गोदारा ने कहा कि बारां, जयपुर, हनुमानगढ़, बीकानेर एवं गंगानगर जिलों में अधिकारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बदौलत गिव अप अभियान में सराहनीय कार्य हुआ है। वही डीग, सलूंबर, जैसलमेर, फलोदी एवं धौलपुर जिलों में अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने कहा कि

- गिव अप अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों में अधिकारी होंगे सम्मानित, निष्क्रिय अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई
- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों में नियुक्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर सम्मानित किया जाएगा। वही धीमी गति से काम करने पर अधिकारियों एवं कार्मिकों का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा।

गिव अप अभियान गरीबों को हक दिलाने एवं सामाजिक न्याय को साकार करने हेतु संचालित अभियान है। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोदारा ने कहा कि पात्रता के समुचित आंकलन के उपरांत नए लाभार्थी एनएफएसए से जोड़े जाएं ताकि हकदारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों की ई केवाईसी एवं आधार सीडिंग की प्रक्रिया को गति देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि अपात्र गिव अप अभियान की अवधि में स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ें। अपात्रों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी नहीं छोड़ने पर नियमानुसार खाद्य सुरक्षा सूची से बाहर करने एवं वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस महानिदेशक से मिले कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार

**जयपुर।** विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री रामगोपाल सुथार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय जयपुर में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान रामगोपाल सुथार ने पुलिस महानिदेशक शर्मा को गुलदस्ता भेंट किया व शुभकामनाएं दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।

भेंट के अवसर पर समाजसेवी पन्नालाल नागल ने डीजीपी शर्मा को उनके बीकानेर कार्यकाल की याद दिलाते हुए आग्रह किया कि वे शीघ्र बीकानेर यात्रा का कार्यक्रम बनाएं।

जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके। इस संवादात्मक बैठक में बीकानेर के समाजसेवी भरत सुथार, जितेंद्र नागल, मुकेश खाती सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



## Cherries' Time!

Life is just a bowl of cherries! So, make way for National Cherry Day, the time when this juicy little fruit is the star of the show. Sweet cherries are believed to have originated in Asia Minor and were likely transported to Europe naturally with the help of migrating birds. The first to cultivate cherries were the Greeks, and the Romans continued to expand the production of this healthy and tasty fruit. Celebrating National Cherry Day is no problem at all with such a delectable fruit at the center of attention. Visiting a U-Pick farm for cherries is a fun way to enjoy the day with friends and family.

#ENVIRONMENT

# PLASTIC TRASH INTO CLEAN FUEL!

The technology can convert more than 90 per cent of polyolefin waste into different products, including pure polymers, naphtha, fuels, or monomers.





A new chemical conversion process could transform the world's polyolefin waste, a form of plastic, into useful products, such as clean fuels. The United Nations estimates that more than 8 million tons of plastics flow into the oceans each year.

"Our strategy is to create a driving force for recycling by converting polyolefin waste into a wide range of valuable products, including polymers, naphtha (a mixture of hydrocarbons), or clean fuels," says Linda Wang, a professor in the Davidson School of Chemical Engineering at Purdue University and leader of the research team developing this technology.

"Our conversion technology has the potential to boost the profits of the recycling industry and shrink the world's plastic waste stock."

The technology can convert more than 90 per cent of polyolefin waste into different products, including pure polymers, naphtha, fuels, or monomers. Now, the team is working to optimize the conversion process to produce high-quality gasoline or diesel fuels. The conversion process incorporates selective extraction and hydrothermal liquefaction. Once researchers convert the plastic into naphtha, they can use it as a feedstock for other chemicals or further separate it into specialty solvents or other products. The clean fuels derived from the polyolefin waste generated each year can satisfy 4 per cent of the annual demand for gasoline or diesel fuels.

Reading about the plastic waste pollution of the oceans, ground water, and the environment inspired Wang to pursue this technology. Of all the plastics produced over the



past 65 years (8.3 billion tons), about 12 per cent have been incinerated and only 9 per cent have been recycled. The remaining 79 per cent have gone into landfills or the oceans. The World Economic Forum predicts that by 2050, the oceans will hold more plastic waste than fish if people continue dumping the waste into bodies of water.

"Plastic waste disposal, whether recycled or thrown away, does not mean the end of the story," Wang says. "These plastics degrade slowly and release toxic microplastics and chemicals into the land and the water. This is a catastrophe, because once these pollutants are in the oceans, they are impossible to retrieve completely."

Wang says that she hopes her technology will stimulate the recycling industry to reduce the rapidly rising amount of plastic waste. She and her team are looking for investors or partners to assist with demonstrating this technology at a commercial scale.

Some results of Wang's study appear in *ACS Sustainable Chemistry and Engineering*. Wang's technology is patented through the Purdue Research Foundation's Office of Technology Commercialization.



# "We are functioning absolutely within the constitution" -Indira Gandhi







**Question:** But if people are arrested and they don't have any right of habeas corpus, it is almost the same (dictatorship) effect?

**Answer:** Do you know what Lincoln said. He said, 'Do you want the union or habeas corpus?' at one point in American history. And there was a point- 'Do you want India to continue as an united entity or do you want anarchy?' And if you had had the sort of anarchy which thought would come about, there would be no question of democracy anyway. It certainly wasn't democracy when members of legislatures were intimidated and forced to resign. That is no description of democracy. And this was the planned programme of some of these opposition parties. They were going to do the same with Parliament.

● Kshema Jatuhkarna

This year marks 50 years since one of the most controversial and defining moments in independent India's history, the declaration of the Emergency by Prime Minister Indira Gandhi in June 1975. What followed was a 21-month period of suspended civil liberties, mass arrests of opposition leaders, press censorship, and extraordinary centralization of power.

In the months after the declaration, global concern and domestic unrest grew. To defend her decision, Mrs. Gandhi granted a rare interview in September 1975 to Canadian journalist Paul Saltzman, during which she offered a justification for the Emergency, framing it as a necessary step to maintain national unity and stability.

## Interview

- **Question:** If Gandhi and Nehru were alive today, they would have been your opponents because of the extreme measures you are taking. Do you agree?

  **Answer:** I doubt whether there is for the West to try and teach me what Mr. Gandhi thought or my father thought, is it not very very odd. I have not taken any powers whatsoever. We are functioning absolutely within the constitution. All we have done is to detain a number of people and to ban two main groups, which were non-political groups, who believed in anarchy and violence.
- **Question:** The major cornerstone of democracy is that there can be legitimate opposition. You do not have an effective opposition. You do not have criticism within the press because of press censorship. And perhaps, most disturbing to people, I have talked to, is that somebody can be put in jail and cannot get back to the courts as an age-old right of appeal. Now, certainly that is extra power.

  **Answer:** Well, certainly, that is a bit of an extra power. But I already said in the beginning what situation was created here. Now, the question is whether it is democracy or any other form of government, the first duty of the government is to preserve the country's unity and its integrity. And I think that was being threatened.
- **Question:** Let us go back to the question of the change in constitution. For a moment, we assume your own morality as of the highest. If you are followed by somebody who is a real tyrant, does that not open the way to easily becoming a dictator?

  **Answer:** So far, as the president is concerned, he always has had this immunity. It is only been now extended to the vice-president and the prime minister. And the intention was not at all to protect anybody who is guilty, but merely to safeguard them from harassment and the use of litigation for political ends or something like that. So far as being, a dictator's misuse of the position, but if there was a real dictator, surely he would do away with Parliament and everything anyway.
- **Question:** But if people are arrested and they don't have any right of habeas corpus, it is almost the same (dictatorship) effect?

  **Answer:** Do you know what Lincoln said. He said, 'Do you want the union or habeas corpus?' at one point in American history. And there was a point- 'Do you want India to continue as an united entity or do you want anarchy?' And if you had had the sort of anarchy which thought would come about, there would be no question of democracy anyway. It certainly wasn't democracy when members of legislatures were intimidated and forced to resign. That is no description of democracy. And this was the planned programme of some of these opposition parties. They were going to do the same with Parliament.
- **Question:** You seem to have, in effect at this point, eliminated those threats. How do you feel personally about the fact that many people are afraid of you at this time, on a personal level?

  **Answer:** Well, quite frankly, I don't think people are afraid, except that who need to be afraid, as I said, the wrong- doers. I don't like people to be afraid of me or of anybody or anything.
- **Question:** If people are frightened of you, and if you don't like people to be frightened of you, why not reinstate habeas corpus? Why not do it now so that people can have the right to courts and that they won't feel they will disappear?

  **Answer:** Nobody is disappearing.
- **Question:** Do you mind being criticized?

  **Answer:** I don't mind being criticized.
- **Question:** And can I conclude that press censorship essentially will be lifted?

  **Answer:** I didn't censor the press because it is criticizing me. But it was lowering the morale and self-confidence of the Indian people.
- **Question:** Your job in the transformation of India, and eradicating of poverty is an enormous job. It must be very tempting to want to keep the kind of special situation you have now in the Emergency to carry on your work more efficiently. Is that, in fact, a temptation for you?

  **Answer:** Not at all. Because I believe very firmly that it is just not the ideal of democracy, but as a practical proposition, that democracy is the only system that can work for India's size and diversity. We can only keep these divergent religions, language and cultural groups together, if they have a full feeling of participation and involvement.
- **Question:** Do you think the time might come when you feel the best thing for the country would be to step down?

  **Answer:** It might come. I don't know.
- **Question:** Why it was then necessary to imprison Mr. Morarji Desai who then became Prime Minister of India? Was he an economic threat to the state?

  **Answer:** These were the people who were destroying democracy.
- **Question:** How?

  **Answer:** Well, I am sorry that you people have short memories. But because they felt they could not win an election, they said we must take the battle to the streets. Mr. Morarji Desai is on record in an interview having said that we are going to surround the Prime Minister's house, we are going to surround Parliament. We will see that no business is done. That the Prime Minister cannot come out, that nobody can go in. Another Member of the Opposition, now a minister, said that if we cannot win by the Ballot, we shall win by the Bullet.

#EMERGENCY


Paul-Saltzman




### A Dark Chapter for Democracy

Despite her assurances, the Emergency period is widely remembered as a dark chapter for Indian democracy. Thousands of political opponents, including Jayaprakash Narayan, Morarji Desai, and Atal Bihari Vajpayee, were arrested under preventive detention laws. The media faced intense censorship, with newspapers required to submit reports to government censors before publication. Fundamental rights were curtailed, dissent was stifled, and institutions were undermined in the name of national interest. One of the most controversial episodes was the forced sterilization campaign spearheaded by Sanjay Gandhi, Indira Gandhi's son, under the guise of population control, a move that drew widespread criticism both at home and abroad. The Emergency formally ended in March 1977, when Indira Gandhi called for general elections. In a dramatic political reversal, her party was defeated, and the Janata Party came to power, the first non-Congress government in independent India.

### Legacy and Lessons

Fifty years later, the Emergency remains a cautionary tale. It reshaped Indian politics, altered the public's perception of power, and left an indelible mark on democratic discourse. For many, it served as a reminder that constitutional frameworks can be subverted from within, even under the guise of legality.

rajeshsharma1049@gmail.com




#SAJANPUR

# The Village in Gujarat That's Madhya Pradesh



Situated in Gujarat and surrounded by Gujarati, yet, all administrative responsibilities fall under Madhya Pradesh!

India's diverse geography often holds intriguing surprises, and one such anomaly is the village of Sajanpur. Although it is physically located within the state of Gujarat, administratively it belongs to the neighboring state of Madhya Pradesh. This rare geographical and administrative peculiarity has its roots in historical boundary decisions and continues to impact the lives of its residents today.

Sajanpur is situated in Gujarat's Valsad district, surrounded entirely by Gujarati territory. Yet, all administrative responsibilities such as governance, land records, and civic amenities fall under Madhya Pradesh jurisdiction. This creates what is known as an enclave-exclave situation, where a piece of one state's land is completely enclosed by another state's territory. Such situations are uncommon but not unheard of in India, often stemming from the country's complex historical and political past.

The origin of this unusual arrangement goes back to colonial times when British administrators drew state boundaries based on political and administrative convenience rather than geographical coherence. After India gained independence, the States Reorganization Act of 1956 aimed to redraw state borders primarily along linguistic lines. However, some areas like Sajanpur remained as they were due to legacy agreements and local land ownership patterns that tied the village to Madhya Pradesh, despite its geographic isolation within Gujarat.

For the people of Sajanpur, living in a village that is administratively part of a distant state





but physically isolated inside another presents unique challenges. Residents often have to travel through Gujarat to access government services and facilities in Madhya Pradesh, such as hospitals, schools, and administrative offices. The coordination between law enforcement agencies of the two states can be




complicated, sometimes leading to delays or jurisdictional confusion. At the same time, the culture and language of the village bear strong Gujarati influences, creating a fascinating blend of traditions shaped by its geographic surroundings and political identity.


Despite these challenges, efforts are underway to improve cooperation between the governments of Gujarat and Madhya Pradesh to ensure smooth delivery of public services to Sajanpur. Officials from both states recognize the importance of collaboration to meet the needs of the village residents and to provide essential infrastructure and welfare schemes.

The story of Sajanpur highlights the complex legacy of India's federal system and the lasting impact of historical border arrangements. It is a reminder of how administrative boundaries, drawn decades ago, continue to shape communities' daily lives. The village embodies resilience and adaptation, as its people navigate a unique identity, physically in Gujarat but governed by Madhya Pradesh.

In essence, Sajanpur serves as a remarkable example of India's intricate geography and federal governance, where history, culture, and administration intersect in unexpected ways. The village not only symbolizes an unusual boundary anomaly but also showcases the spirit of cooperation and unity amidst diversity.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मीट की दुकान पर चाकूबाजी में दो जनों की मौत, सात जने घायल

## मीट रेट व वॉट्सएप पर हुई बहस से खूनी संघर्ष हुआ, सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा बल तैनात

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र के ब्यावर रोड खानपुरा स्थित मीट की दुकान पर मंगलवार को एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। पाकीजा मीट शॉप के पास हुए बवाल में चाकूबाजी में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि सात गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतकों की पहचान इमरान और शाहनवाज के रूप में हुई है। दोनों चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चाकूबाजी की घटना मीट रेट को लेकर हुई थी, लेकिन मामले की जड़ पुरानी रंजिश और वॉट्सएप पर चली तीखी बहस को भी बताया जा रहा है। चश्मदीद रईश ने बताया कि पहले दो लोग आए और बाद में थार गाड़ी, बाइक और अन्य वाहनों से करीब 25 से 30 हमलावर मौके पर पहुंचे, उन्होंने पहले बोतलें फेंकी और फिर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़, सीओ ओमप्रकाश, रामगंज थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। घायलों में इरफान, युनूस, शाहबाज, आफताब, अब्दुल, शाहरुख सहित अन्य शामिल हैं। एडिशनल एसपी ने बताया कि हमले में पुराने विवाद की भी भूमिका सामने आई है। मीट की रेट कम और ज्यादा करने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पुलिस ने इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त जाब्ता तैनात कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।



चाकूबाजी के घायल युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया।

- 'हमले में पुराने विवाद की भी भूमिका सामने आई है, मीट की रेट कम और ज्यादा करने को लेकर विवाद शुरू हुआ था'

# कोटा : रेलवे क्वार्टर में महिला का शव मिला



कोटा रेलवे क्वार्टर में महिला के शव मिलने पर पुलिस अधिकारी व टीम के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे।

- महिला का एक हाथ घटना से दूर व सिर भी धड़ से अलग मिला

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब राहगीरों को एक कुत्ता महिला का हाथ मुंह में दबाकर भागता हुआ नजर आया, तब राहगीरों ने कुत्ते को भगाया और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास इलाके में छानबीन के बाद महिला का शव क्षत-विक्षप्त हालत में रेलवे कॉलोनी के पुराने खंडर रेलवे क्वार्टर में बरामद हुआ, महिला के धड़ से सिर और हाथ अलग मिले।


महिला पिछले कई महिनों से रेलवे क्वार्टर के इस खंडर मकान में अवैध कब्जा करके अकेले रह रही थी। मृतका महिला की शिनाख्त वंदना के रूप में हुई। रेलवे क्वॉटर में महिला का शव मिलने की सूचना मिलते ही शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी, पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा सहित रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा मय जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि महिला अपने पति से पिछले कई सालों से अलग रह रही थी। महिला पति से अलग होने के बाद अपने पीहर कुछ समय के लिये गई और कुछ महिनों से सूने पड़े रेलवे क्वार्टर में ही अवैध रूप से अकेले ही रह रही थी। मृतका की शिनाख्त उसके पिता व भाई ने वंदना के रूप में की। मृतका के पिता ने कहा कि पिछले 12 साल से पति से अलग रहती थी कुछ समय तक तो हमारे पास रही और कुछ महिनों से अकेले ही रहती थी।

शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी ने बताया कि आमजन से रेलवे कॉलोनी पुलिस को सूचना मिली थी कि मानव हाथ को एक कुत्ता लेकर जा रहा था सूचना पाते ही रेलवे कॉलोनी पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास छानबीन के बाद पुलिस को महिला का शव सूने पड़े रेलवे क्वार्टर में मिला। उन्होंने बताया कि अपराध होने की संभावना को देखते हुए मौके पर एफएसएल टीम, एमओबी टीम, डॉग स्क्वायड टीम एवं मेडिकल टीम को मौके पर बुलाया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि मौके पर पहुंची मेडिकल टीम के डॉक्टर से बताया कि महिला की मौत तकरीबन 18 घंटे पहले हुई है। उन्होंने कहा कि सर और हाथ दोनों धड़ से अलग हैं अगर किसी ने काटा होता तो ब्लड प्रेशर काफी तेज होता खून के निशान भी आस-पास फैले नजर आते, लेकिन घटनास्थल पर ऐसा कुछ नही मिला है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि महिला की शिनाख्त वंदना बैरवा (40) के रूप में हुई है, जिसका पीहर रंग तालाब में और ससुराल नयापुरा में है जो पति व माता-पिता से अलग अकेले ही सूने पड़े रेलवे क्वार्टर में रहती थी। मामले में सामने आ रहा है कि महिला को टीबी की भी बीमारी थी। उन्होने कहा कि महिला थी अकेली रहती थी सभी संभावनाओ को देखते हुए पुलिस हर पहलु पर मामले की जांच कर रही है।

# फंदे में फंसा कोबरा सांप कलेक्टर आवास पर पहुंचा

## कलेक्टर ने सांपों का रेस्क्यू करने वाले व्यक्ति को बुलाया और कोबरा को मुक्त करवा जंगल में छुड़वाया



झालावाड में जिला कलेक्टर आवास पर घुसे कोबरा को रेस्क्यू किया।

**झालावाड़,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर एक अजीबो-गरीब वाकिया देखने को मिला, जब एक कोबरा सांप जो किसी शिकारी के फंदे में फंस गया था, वह जिला कलेक्टर के आवास पर जा पहुंचा। शिकारी के फंदे का शिकार बने कोबरा को जैसे ही जिला कलेक्टर ने देखा तो उन्होंने तुरंत सांपों का रेस्क्यू करने वाले व्यक्ति को बुलाया और कोबरा को शिकारी के पंजे से मुक्त करवाकर जंगल में छुड़वा दिया।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि जब वह सुबह अपने आवास के बाहर गार्डन में टहल रहे थे, तब उनकी नजर छह फीट लंबे एक कोबरा सांप पर पड़ी। कलेक्टर ने देखा कि कोबरा सांप एक नायलॉन की डोरी से कस कर बांधा हुआ था, जो शायद किसी शिकारी द्वारा जंगल में तीतर पकड़ने के लिए लगाया गया फंदा था। सांप उस फंदे में फंसकर कस गया था तथा उसकी जान के लाले पड़ गए थे। फंदे में फंसा हुआ सांप जैसे ही जिला कलेक्टर ने अपने बगीचे में देखा तो उन्होंने तुरंत फिरोज नामक स्नेक कैचर को मामले की सूचना दी, जिसके बाद स्नेक कैचर फिरोज ने जिला कलेक्टर के आवास पर पहुंचकर उक्त कोबरा सांप को जिस नायलॉन के फंदे में वह फंसा हुआ था, उस फंदे को धीरे-धीरे खोलकर अपने काबू में लिया तथा जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।

# सांप के डसने से दो बहनों की मौत

## मां-पिता के लिए पानी लेकर खेत पर जा रही थी

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के नागरिया पंचेला गांव में सांप के डसने से दो सगी मासूम बहनों की मौत हो गई। दोनों बहनें खेतों में काम कर रहे माता-पिता के लिए पीने का पानी लेकर जा रही थीं। दोनों को सीमलवाडा अस्पताल लेकर गए,लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया।

चौरासी थाना क्षेत्र के करावाडा चौकी प्रभारी ने बताया कि नागरिया पंचेला निवासी कालूराम कटारा ने रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को वह और उसकी पत्नी खेतों में निराई का काम करने गए थे। 3 बेटियां और 2 बेटे घर पर थे। 7 साल की बेटी मुन्ना और 6 साल की बेटी रेखा माता-पिता के लिए पानी लेकर खेतों में जा रही थी। रास्ते में मुन्ना और रेखा को जहरीले सांप ने पैरों में डस लिया। दर्द की वजह से दोनों कराहने लगी। चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आए। दोनों को बेसुध हालत में सीमलवाडा अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां दोनों के पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

# सड़क हादसे में दो की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के पाडली गांव में तेज रफ्तार बोलेरो ने एक बाइक और राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और राहगीर की मौत हो गई। बाइक सवार महिला का पति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलवा पंचेला निवासी मुकेश रोत की रिपोर्ट के अनुसार उनके पिता लक्ष्मण रोत और माता तुलसी देवी बाइक पर डूंगरपुर से घर लौट रहे थे। पाडली गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसी दौरान एक राहगीर भी बोलेरो की चपेट में आ गया। राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। लक्ष्मण और तुलसी को गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान तुलसी की भी मौत हो गई। चौरासी थाने के एएसआई छत्तरसिंह के अनुसार पुलिस ने दोनों शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# डूंगरपुर में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। सोमवार रात को हुई बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। बोडीगामा बांध में एक युवक की जान बच गई। बांध का पानी देखने गया गौतम पाटीदार तेज बहाव में बह गया। मौके पर मौजूद लोगों ने रस्सी के सहारे उसे बचा लिया।

घटना के दौरान पहली रस्सी टूट गई और युवक करीब 200 फीट तक बहता चला गया। लोगों ने दूसरी रस्सी डालकर उसे सुरक्षित निकाल लिया। पानी में बहने और पत्थरों से टकराने के कारण युवक के शरीर पर कई चोटें आई। जिला कंट्रोल रूम के अनुसार, पिछले 24 घंटों में वेंजा में सर्वाधिक 70 मिमी वर्षा दर्ज की गई। कनबा में 65 मिमी और डूंगरपुर में 58 मिमी बारिश हुई। सोम कमला आंबा बांध क्षेत्र और सागवाडा में 24 मिमी, देवल में 32 मिमी, आसपुर में 19 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। गलियाकोट में 18 मिमी, निठाऊवा में 10 मिमी, साबला में 7 मिमी, धंबोला में 5 मिमी तथा चिखली और गणेशपुर में 2 मिमी बारिश हुई। जिले में औसत 26 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश से खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं।

पूंजपुर तालाब भी अब ओवरफ्लो हो गया है। इधर शहर की पेयजल आपूर्ति को पूरा करने वाला डिमिया बांध अपनी भराव क्षमता को पार कर भौर में छलक गया। वहीं चुण्डावाडा व रामसागड़ा में हुई बारिश के कारण एडर्वडसंमद में भी पानी की आवक प्रारंभ हो गई।

- बोडीगामा बांध में बहे युवक को लोगों ने बचाया
- पिछले 24 घंटों में वेंजा में सर्वाधिक 70 मिमी वर्षा दर्ज



बरसात से एनिकट के उपर से बहता पानी।

# 39 टन सल्फ्यूरिक एसिड से भरा टैंकर पलटा, हादसा टला

**कपासन,** (निसं)। कपासन (चित्तौड़गढ़ ) में उप जिला अस्पताल के पास स्टेट हाइवे-9 पर एक बड़ा हादसा टल गया। दरीबा माइंस से महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहा 39 टन सल्फ्यूरिक एसिड से भरा टैंकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से एसिड का रिसाव शुरू हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि हादसा अस्पताल के पास बने ब्रेकर और मोड़ पर हुआ, जहां टैंकर की फीटविल पिन निकलने से उसकी केबिन आगे निकल गई और टैंकर डिवाइडर पार कर 30 फीट ऊंची पुलिया पर पलट गया। टैंकर की केबिन और बॉडी अलग हो गईं। राहत की बात यह रही कि अस्पताल की बाउंड्री पुलिया से कुछ ही फीट दूर है। यदि टैंकर पुलिया से नीचे गिरता तो बड़ा विस्फोटक हादसा हो सकता था। अस्पताल परिसर मुख्य सड़क से करीब 150 फीट अंदर स्थित है। टैंकर में 98 प्रतिशत सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। हादसे की सूचना मिलते ही मार्ग बंद करवा दिया गया और फायर ब्रिगेड तथा एंटी केमिकल टीम को सक्रिय किया गया। टैंकर ड्राइवर रियाज खान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि फीटविल पिन निकलने से हादसा हुआ। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क का एक हिस्सा एसिड बहने से क्षतिग्रस्त हो गया है। बाइक सवार कैलाश भट्ट और पुरुषोत्तम वैष्णव ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी रतन सिंह मौके पर पहुंचे और फौरन हाइवे को बंद करवा दिया। यातायात को वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट कर दिया गया।

- दरीबा माइंस से महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहा था सल्फ्यूरिक एसिड से भरा टैंकर

# शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का गुस्सा फूटा

## नाराज अभिभावकों एवं छात्रों ने विद्यालय में तालाबंदी कर नाराजगी जताई

**गुडामालानी,** (कासं)। गुडामालानी मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर अध्यनरत विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का गुस्सा फूटा। नाराज अभिभावकों एवं छात्रों ने तालाबंदी कर नाराजगी जताई और नारेबाजी की। जानकारी के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम में शिक्षकों कमी के कारण अभिभावक परेशान होकर टीसी लेने से मजबूर हो रहे हैं। वहीं दूसरी और गरीब परिवार के बच्चों के अभिभावकों की इतनी ताकत नहीं कि अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ा सके। ऐसे में परेशान होकर विद्यालय का तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के सीबीईओ शंकरलाल योगी मौके पर पहुंचे और बच्चों व उनके अभिभावकों को कहा कि सभी जगह स्टॉफ की कमी है। सीबीईओ ने सब की भावनाओं को समझते हुए तीन शिक्षक तुरंत प्रभाव से लगाने का आश्वासन दिया एवं कहा कि नियम अनुसार बाकी पद्दे कि नियुक्ति भी की जायेंगी। आश्वासन के बाद छात्रों और उनके अभिभावकों ने ताला खोलकर बच्चों को विद्यालय के अंदर भेजा।

# बीकानेर में वल्लभगार्डन की 300 फीट चौड़ी पाल टूटी, 2000 लोग घरों में कैद

## तीन दिन पहले 61 एमएम बारिश हुई वो पानी नालों से यहां पहुंचा और पाल इसका दबाव सहन नहीं कर पाई और टूट गई

**बीकानेर,** (निसं)। वल्लभगार्डन की अब तक की सबसे बड़ी 300 फीट चौड़ी पाल टूट गई। पहले जब भी टूटी तो 20 से 50 और अधिकतम 70 फीट तक टूटी थी, मगर बीते दिनों आई 61 एमएम बारिश का पानी सहन नहीं हो सका और पाल दरक गई। इसे भर पाना भी आसान नहीं होगा। नतीजा, बजरंग विहार प्रथम व सेकंड फेज और मदन विहार का पूरा इलाका जलमग्न हो गया। ये तीनों ही कॉलोनियों मानो पानी के टापू पर बसी जैसी लग रही हैं।

बीते दो तीन सालों में वल्लभगार्डन की पाल अब तक कितनी बार टूट चुकी, इसकी गिनती तो शायद वल्लभगार्डन के लोग भी भूल चुके होंगे। एक उम्मीद भी लोगों को रोके है कि शायद अब कोई स्थाई समाधान निकल आए मगर योजनाएं धरातल पर उतरने की नौबत ही नहीं आ रही। बीकानेर शहर में करीब 70 प्रतिशत इलाके में सीवरेज हैं। सीवरेज का पानी तो सीधे ट्रीटमेंट प्लांट पर जाता है मगर जो बचा हुआ हिस्सा 30 प्रतिशत है, जहां सीवरेज नहीं है, वहां का पानी नालों से होते हुए वल्लभगार्डन तक जाता है। यहां आने वाले पानी का कोई आगे ना तो ट्रीटमेंट होता है ना ही इसका कोई और उपयोग। पानी भरा होने का फायदा आसपास के लोग उठाते हैं और यहां से पानी पंप करके खेतों तक ले जाते हैं और गंदे पानी से खेती करते हैं। क्योंकि इसी पाल से सटी हुई बजरंग विहार कॉलोनी का पहला और दूसरा फेज बसा हुआ है। पास में ही मदन विहार कॉलोनी भी है। जैसे ही पाल टूटती है तो पूरा पानी निकलकर इन कॉलोनियों में आ जाता है। पानी इतना ज्यादा आता कि लोगों के गेट और घरों तक घुस जाता है। यहां सैकड़ों घरों के लोग पाल टूटने पर अपने घरों में कैद हो जाते हैं क्योंकि निकलने का कोई रास्ता नहीं बचता। वही हालात बीते 3 दिनों से इस कॉलोनी के बने हुए हैं। क्योंकि 3 दिन पहले जो 61 एमएम बारिश हुई वो नालों से यहां पहुंचा। पाल इसका दबवा सहन नहीं कर पाई और टूट गई।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पहले बजट में ही बीकानेर की ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने के लिए 100 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था मगर जब प्रोजेक्ट बना तो अंत में वित्त विभाग ने 59.63 करोड़ रुपए ही मंजूर किए। यही वो पैसा है जो वल्लभगार्डन खुदखुदा नाला और सुजान देसर के आसपास के जलभराव वालों पर खर्च होगा। नगर निगम ने वित्त विभाग से मिली राशि से टेंडर कर दिया है। जल्दी ही टेंडर खुलेगा और यहां काम शुरू होगा। नगर निगम इस टेंडर के तहत यहां का पानी पहले ट्रीट करेगा और उसके बाद सीधे उसे बेचा जाएगा।

पानी के हालात इतने विकट हैं कि सोमवार को ना तो बच्चे स्कूल जा पाए क्योंकि कॉलोनी तक स्कूली वाहन नहीं पहुंच पाए। पानी के नीचे कहां गड्ढा है ये भी नहीं पता। इसलिए लोग पैदल जाने में भी डरते हैं। यही हालात यहां काम करने वालों की है। चाहे सरकारी कर्मचारी हो या प्राइवेट या कोई श्रमिक, कोई घर से निकल नहीं पाया। हालांकि दोपहर तक कॉलोनी का जलस्तर कुछ कम जरूर हुआ है मगर हालात सामान्य नहीं हुए। ऊपर से बरसाती सीजन है ऐसे में पानी भरने से मौसमी बीमारियां भी पनपने का डर है सो अलग। नगर निगम ने पानी को निकालने के लिए 3 पंप लगाए हैं। पानी निकालकर नालों से होते हुए सीवरेज प्लांट तक ले जा रहे हैं। पहली प्राथमिकता इन कॉलोनियों का पानी निकालना है। बारिश आएगी तब क्या होगा, इस सवाल के जवाब में निगम अधिकारियों का कहना है कि पाल तो अभी ठीक होना संभव नहीं है इसलिए यहां पंप लगाकर ही पानी निकालना पड़ेगा। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। बारिश के पानी का दबाव सिर्फ वल्लभगार्डन ही नहीं खुदखुदा तालाब की भी पाल दरक गई। इससे यहां भी आसपास के इलाके में पानी भर गया। हालांकि निगम का दावा है कि यहां पाल को ठीक कर दिया गया है।

चिराग गोयल, एक्सईएन नगर निगम बीकानेर का कहना है कि पानी निकाला जा रहा है। इस बार पाल लंबी टूटी है। 300 फीट के करीब, उसे बांधना आसान काम नहीं है। काम शुरू हो गया मगर समय लगेगा। तब तक पंप लगाकर पानी निकाला जा रहा है, जो पैसा सरकार से मिला उससे काम कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

- जैसे ही पाल टूटती है तो पूरा पानी निकलकर इन कॉलोनियों में आ जाता है और लोगों के गेट और घरों तक घुस जाता है

# ट्रेनों का संचालन दस दिन प्रभावित रहेगा

**जोधपुर,** (कासं) । दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक इंटरलॉकिंग कार्य करवाए जाने के कारण 20 से 29 जुलाई तक जोधपुर से दिल्ली स्टेशनों के बीच तेरह ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा, जिसके तहत सात ट्रेनों का संचालन रद्द रहेगा, जबकि छह अन्य ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने के कारण अगले सप्ताह जोधपुर से दिल्ली के बीच ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा, जिसके तहत 20 से 29 जुलाई तक इस मार्ग पर जहां चुनिंदा ट्रेनें रद्द रहेंगी, वहीं कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

# गंदगी करने वाले 606 मामले पकड़े

**कोटा,** (निसं)। कोटा रेल मंडल में स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती हैं, साथ ही यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। सीनियर डीसीएम सौरभ जैन ने बताया कि कोटा मंडल द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में 660 व्यक्तियों के मामले पकड़े गए, जिनसे कुल 1 लाख 21 हजार जुर्माना वसूला गया।

# नीमराना के घीलोट स्कूल में बर्न मुक्त ग्राम अभियान शुरू

नीमराना। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घीलोट, तहसील नीमराणा के प्रधानाचार्य कालूराम सिरोहिबाल के नेतृत्व में आज विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर आरंभ किए गए 'बर्न मुक्त ग्राम अभियान' के अंतर्गत एक ऐतिहासिक पहल करते हुए आर्य पब्लिक स्कूल घीलोट में जल जाने पर प्राथमिक उपचार विषय पर स्कूल के बच्चों के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम का विशिष्ट पहलू यह है कि एक राजकीय विद्यालय अपने स्तर पर पहल करते हुए एक महत्त्वपूर्ण विषय पर एक अन्य विद्यालय में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करे। जो कि इस विषय पर देश में पहला नवाचार है। आर्य पब्लिक स्कूल घीलोट के करीब 400 विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर नवल सिंह व्याख्याता, अंजुकुमारी व्याख्याता, जयसिंह दिनेश यादव दीपक कुमार, सत्यवीर सिंह यादव, मुंशीराम, विनोद कुमार कविता यादव, दीपक सोनी, अनंगपाल सिंह, कर्मपाल सिंह चौहान सतपाल चौहान राकेश सिंह चौहान महताब सिंह चौहान सतीश सिंह चौहान जल वीर सिंह यादव रविन्द्र कुमार पंचायत समिति सदस्य आदि मौजूद रहे। इस जागरूकता अभियान का सफल आयोजन डॉ मालती गुप्ता, आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स विभाग, सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के निर्देशन में संपन्न किया।

■ आर्य पब्लिक स्कूल घीलोट के करीब 400 विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए



राजकीय उच्च माध्यमिक विघालय, घीलोट में बर्न मुक्त ग्राम मुक्त अभियान शुरू किया गया।

## यूनानी कॉलेज परिसर मे भरा पानी

टोंक। मुख्यालय स्थित यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी यूसुफपुरा चराई परिसर में जलभराव के कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, स्कूल के मुख्य रास्ते पर घुटनों तक बारिश का पानी भर हुआ है, जिससे छात्रों को आवागमन में परेशानी हो रही है, नाला नहीं बनने, पास ही में बन रहे मेडिकल कॉलेज की सड़क का लेवल ऊंचा होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि कॉलेज तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है, कॉलेज के मुख्य गेट के पास के नाला नहीं बनने के कारण कॉलेज के मेन गेट में बाहर और कॉलेज के अंदर जल भराव हो गया।

## कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा

टोंक। जिला कांग्रेस कमेटी टोंक जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि 14 हजार करोड़ की स्मार्ट मीटर योजना के तहत राज्य में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर से उत्पन्न हो रही जन समस्यायें आमजन का शोषण जैसा है। जिले के नागरिकों, विशेषकर मध्यम वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर के कारण अत्यधिक बिलिंग, तकनीकी खामियां है तथा स्मार्ट मीटर योजना को भविष्य में प्री-पेड मीटर रिचार्ज सुविधा में बदलने पर गरीब, बीपीएल परिवारों को गंभीर संकट उत्पन्न होगा तथा गोपनीयता संबंधी चिंताओं को लेकर गंभीर आपत्तियाँ व्यक्त की जा रही है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि विद्युत अधिनियम अनुसार मीटर परिवर्तन हेतु उपभोक्ता की अनुमति, सहमति आवश्यक है, जबकि कंपनी द्वारा बिना किसी सूचना के अवैधानिक तरीके से स्थापित मीटर को मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर नया स्मार्ट मीटर लगा दिया जाता है उपभोक्त पुराने मीटर की रीडिंग की जानकारी नहीं दी जाती है।

**जिला कलेक्टर ने किया ईसरदा बांध का निरीक्षण :** टोंक। बनेठा कस्बे के समीप बनास नदी पर बन रहे निर्माणाधीन ईसरदा बांध का मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट साइट कार्यों के निरीक्षण के दौरान विभागीय अभियंताओं को कार्य प्रगति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## चौहान ने हिन्दू परिषद अध्यक्ष से की मुलाकात

टोंक। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने दादू दयाल आश्रम किवाड़ा पर विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार से मुलाकात की एवं गौ ऋषि संत प्रकाशदास से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि धर्मांतरण के विरुद्ध कठोरतम कानून को भारतीय संस्कृति, जनजातीय अस्मिता व राष्ट्रीय अखंडता के लिए आवश्यक है, देशभर में धर्मांतरण के सुनियोजित प्रयास किए जा रहे है, लालच, प्रलोभन, झूठे इलाज के वादे और आर्थिक मदद के नाम पर भोले-भाले लोगों को उनके मूल धर्म से भटकाया जा रहा है, इनको रोकना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जयसिंहपुरा, विश्व हिन्दू परिषद जिलामंत्री राहुल जायसवाल, रूपेश यादव, किशोरी लाल मीणा, योगेश शर्मा, शिवजी राम चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण का शुभारंभ

टोंक। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना अन्तर्गत पंचायत विकास सूचकांक पर जिला परिषद सभागार में आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ सरोज बंसल जिला प्रमुख, जिला परिषद, टोंक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख द्वारा संभागियों को सतत् विकास के सात लक्ष्य पर जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों को ग्रामीण विकास में पूर्ण भागीदारी निभाने का आवाहन किया। प्रशिक्षण प्रभारी नरेन्द्र कुमार जैन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण में 18 लाईन विभाग तथा समस्त पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों सहित 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान नरेश मीना मास्टर ट्रेनर एवं ईटीको प्राईवेट लि० के मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम नीलिमा शर्मा से बदलकर नीलिमा भारद्वाज पुत्री श्री त्रिलोकी नाथ भारद्वाज कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। पता-9-सी, कृष्णा एनक्लेव, सिविल लाईन्स, नयापुरा, कोटा, राजस्थान-324001

मैं सरोज कुमारी पत्नी JC 857272A सुबेदार विनय कुमार तिवारी, निवासी ग्राम बिशुनपुरा, डाकघर बामपाली, तहसील आरा, भोजपुर (बिहार)-802312 घोषित करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 10.02.1980 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरी सही जन्मतिथि 02.02.1981 जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। शपथ पत्र संख्या BZ 164090 नोटरी पब्लिक कोटा राजस्थान

मेरे 10वीं की मार्कशीट में मेरा नाम रतनदीप सिंह खालसा पुत्र प्रीतम सिंह खालसा हो रखा है। जो कि गलत है मेरा सही नाम रतनदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। 77, विष्णु विहार हीरापुरा, जयपुर

मैं मोना पत्नी श्री संतोष मेरे बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेजों में भूलवंश मेरा नाम कविता दर्ज हो गया जो गलत है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मोना पत्नी श्री संतोष दर्ज है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना जावें।

मुझे वी.के. जैन पुत्र श्री वी.सी. जैन एवं विनय लुहाडिया पुत्र श्री वीरचन्द लुहाडिया निवासी बी-29, लक्ष्मीनारायणपुरी, सूरजपोल गेट, जयपुर दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है भविष्य में मुझे विनय लुहाडिया पुत्र श्री वीरचन्द लुहाडिया के नाम से जाना पहचाना जावें। मोबाइल 9829822290, 9829590812

पहले मेरा नाम गिरिश था परन्तु अब सभी दस्तावेजों में मेरा नाम गिरिश पाराशर हो गया है। दोनों व्यक्ति एक ही है, भविष्य में मुझे गिरिश पाराशर के नाम से जाना जाए।

मैं प्रेम लता सहारण पत्नी श्री हरि सिंह सहारण निवासी 158 गांधी पथ, महादेव नगर, वैशाली नगर, जयपुर राज. 302021 मैंने अपना नाम प्रेम सहारण से बदलकर प्रेम लता सहारण कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

मैं प्रेम देवी पत्नी स्वर्गीय श्री नवरतन मल उम्र 65 जाति सैनी शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि नवरतन मल एवं नवरतन सैनी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि मेरे स्वर्गवासी पति के हैं। निवासी 70, अर्जुन नगर साउथ, महेश नगर जयपुर

I have changed my name from Sumit Dusad to Sumit Sarraf S/o Deendayal Dusad for all future purpose. Resi.: 1486 Sarraf Mohalla, Bassi, Jaipur (Rar.) 303301

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-5355 दिनांक-08.07.2025

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/702 (EWS), (एरिया 48.89 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री हरीनारायण बैरवा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6038 दिनांक 20.10.2003 को जारी किया गया। श्रीमती जमना देवी की मृत्यु दिनांक 14.04.2025 को हो जाने के कारण इनके पति श्री हरीनारायण बैरवा पुत्र श्री धन्ना लाल द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री हरीनारायण बैरवा पुत्र श्री धन्ना लाल का नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक: 5537 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 14-07-2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 52/117 (HIG), (एरिया 163.457 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामधन दास शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 597 दिनांक 28.04.1992 को जारी किया गया। श्री रमेश चन्द्र शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 16.12.1992 को उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 14.12.1992 के द्वारा श्री विनोद जे. कट्टी पुत्र श्री जे. एस. कट्टी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री विनोद जे. कट्टी के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 782 दिनांक 11.02.2010 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री विनोद जे. कट्टी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 24.12.2014 के द्वारा श्रीमती अल्का मिश्रा पत्नी श्री राकेश कुमार मिश्रा को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती अल्का मिश्रा पत्नी श्री राकेश कुमार मिश्रा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत् किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती अल्का मिश्रा पत्नी श्री राकेश कुमार मिश्रा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक वृत प्रथम, रा. आ. मण्डल, जयपुर

### आम सूचना

मैं, श्रवण कुमार जैमन, पुत्र श्री कृष्ण कुमार जैमन, निवासी सी-515, सिद्धार्थ नगर, जयपुर। यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्रवधु श्रीमती साक्षी जैमन, पत्नी श्री तरुण जैमन, का व्यवहार हम बुजुर्ग दंपत्ति के प्रति अत्यंत अपमानजनक, गाली-गलोच, मानसिक तथा शारीरिक प्रताड़ना पूर्ण रहा है। वह मेरे पुत्र तरुण जैमन तथा पौत्री तरुषि जैमन को भी हमसे मिलने से रोकती है। इस कारण मैं अपने पुत्र तथा पुत्रवधु तथा उसके समस्त परिवार को मेरी समस्त चल व अचल संपत्ति से आज दिनांक 14 जुलाई 2025 से पूर्णतः बेदखल करता हूँ

### आम सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि वाके महानगर जयपुर तहसील सांगानेर थाना खो-नागोरी ग्राम खो-नागोरियान में आराजी कृषि भूमि खसरा नम्बर 3096 रकबा 0.17 हैक्टेयर खसरा नम्बर 3098 रकबा 0.35 हैक्टेयर में से 11 हैक्टेयर खसरा नम्बर 3101 रकबा 0.14 हैक्टेयर सम्पूर्ण कुल रकबा 0.25 हैक्टेयर का इकरारनामा हमीदुल्ला एवं सुजाउद्दीन उर्फ मुन्ना के मध्य दिनांक 08.12.2004 को निष्पादित हुआ। जिसके सम्बन्ध में न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम- 10, जयपुर महानगर सांगानेर के समक्ष वाद उनवानी सुजाउद्दीन बनाम हमीदुल्ला मु.नं.-52/2023 वाद बाबत् अनुबन्ध की विशिष्ट लम्बित है। जिसमे आगामी पेशी 17.7.2025 नियत है। हमीदुल्ला का देहान्त दिनांक 01.06.2024 को हो चुका है। कोई भी व्यक्ति हमीदुल्ला के वारिसान अथवा कायम - मुकाम से उक्त अराजी भूमि या उसका भाग खरीदने का इकरारनामा, रेहननामा ना करे, ना ही विक्रय पत्र तहरीर तकमील कराये। अन्यथा स्वयम् जिम्मेदार होगे।

भवदीय (फैजान हुसैन एडवोकेट) मो.नं. 8824515124

### आम सूचना

दि. 15.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती ज्योती अरोड़ा पत्नी स्वर्गीय श्री राजीव अरोड़ा, जाति पंजाबी, निवासी 466, गली नम्बर 4, डॉल्फीन्स इन्टरनेशनल विद्यालय के सामने, राजापार्क, जयपुर-302004 (राज) स्वयं के पति श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति आवासीय प्लाट नं. 17, वृन्दावन गार्डन, खेडा जगननाथपुरा, तहसील चाकसू, जिला जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 102.26 वर्गमीटर है जो कि खाली भू-खण्ड अवस्था में है तथा जिसे मेरी मुवक्किल श्रीमती ज्योती अरोड़ा के पति श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिनके ऋण खाता (1) ऋण खाता संख्या 692799210 (2) ऋण खाता संख्या 693480225 एवं (3) ऋण खाता संख्या 702612461 है, उक्त श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा का स्वर्गवास 23.09.2024 को हो चुका है, श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरी मुवक्किल श्रीमती ज्योती अरोड़ा पत्नी स्वर्गीय श्री राजीव अरोड़ा तथा मेरी मुवक्किल के दो पुत्र जिसमे क्रमशः (1) अकिंत अरोडा पुत्र स्वर्गीय श्री राजीव अरोड़ा तथा (2) नाबालिग पुत्र जिसका नाम पुलकित अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय श्री राजीव अरोड़ा तथा मुवक्किल की सासुजी अर्थात श्री राजीव अरोड़ा की माताजी श्रीमती सुदेश अरोड़ा पत्नी श्री सत्यपाल अरोड़ा है, इनके अलावा श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूंकि मेरी मुवक्किल के पति श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरी मुवक्किल स्वयं के पति श्री राजीव अरोड़ा पुत्र श्री सत्यपाल अरोड़ा के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी- 25, भगवान दास रोड़, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहती है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जायेगी।

(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट,
6/48, मालवीय नगर, जयपुर-302017, मो.9829218044

## खोया पाया

शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति लि. की आवासीय योजना ग्रीन पार्क-बी, नांगल जैसा बोहरा में स्थित भूखण्ड संख्या 200 का सोसायटी द्वारा जारी साईट प्लान कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। (श्री पूरण चन्द पारीक 9435035338)

मेरे भूखण्ड संख्या 61, जगदीश विहार, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर का मूल जेडीए अलॉटमेन्ट लेटर/पट्टा एवं रजिस्ट्री कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। रामेश्वर दयाल शर्मा पुत्र श्री बी.एल. शर्मा मो.नं. 9899935760

मेरे फ्लैट नं. B14/TF/3 के REGENCY BUILDHOME PVT LTD की योजना श्यामपुरा बुहारिया वाटिका रोड सांगानेर जयपुर का जे.डी.ए. पट्टा के साथ संलग्न स्टाम्प पेपर एवं साईट प्लान और प्रमाण पत्र की मूल प्रति कहीं गुम हो गयी है सूचित करे नकुल शर्मा मो. 9887573828

### प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 268/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सगन लाल डोडा पुत्र श्री देवीदत्त राम डोडा निवासी 13, एस.बी.बी.जे. ऑफिसर्स कॉलोनी, मांग्यावास, न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत डोडा चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता-13, एस.बी.बी.जे. ऑफिसर्स कॉलोनी, मांग्यावास, न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 17.09.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

### प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 266/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि मेघा संवेडी पुत्री श्री चकरा कीर्ति संवेडी निवासी-5 सीएच-13 जवाहर नगर, जयपुर-302004 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत "बी.बी.एम. एजुकेशन ट्रस्ट" कार्यालय पता-वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 16.09.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

### प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 271/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री संदीप मुन्दडा निवासी फ्लेट नं. डी-717 यूनिक सिंधी अपार्टमेंट महावीर नगर दुर्गापुरा जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत "लोटस एजुकेशनल सोसायटी" कार्यालय पता-डी-55 ज्योति मार्ग, बापू नगर जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।


और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 19.09.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

### श्री विनायक राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड
### मुख्यालय- साखून, ब्लॉक-दूदू, जिला- जयपुर (राज.)

क्रमांक: RGAVP/DUDU/2025 खूली बोली / निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 10.07.2025

इस कार्यक्रम में संचालित MKSP परियोजना के तहत् समन्वित खेती कलस्टर (IFC) के अन्तर्गत आजीविका सेवा केन्द्र की स्थापना की जानी है जिसमें मशीनों / उपकरणों के क्रय हेतु अधिकृत रजिस्टर्ड फर्मो / अधिकृत विक्रेताओं / अधिकृत वितरकों से निर्धारित प्रपत्र में मुहर बंद खुली बोली / निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है ।

| क्र.स. | मशीनों / उपकरणों का नाम (Details Attached in Annexue E) | अनुमानित मशीनों की संख्या | अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक / समय बिड सिक्यूरिटी राशि | निविदा फार्म खोलने की दिनांक / समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Musterd Seed Cleaning and Grading Processing Unit | 1 | 14.40 lacs | 28800/- | 500/- | 29 जुलाई 2025 को 2:00 P.M तक | 29 जुलाई 2025 को 2:15 P.M तक |
| 2 | Mustard Oil Processing unit | 1 | | | | | |
| 3 | Cattle Feed Unit | 1 | | | | | |

1. बिड दस्तावेज htpp:/sppp.raj.nic.in से दिनांक 29 जुलाई, 2025 को दोपहर 4.00 PM बजे तक डाउनलोड कर प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. बिड सिक्योरिटी अनुमानित राशि का 2 प्रतिशत राशि 28800/- का डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) SHREE VINAYAK RAJVIKA MAHAIL N एवं निविदा फार्म शुल्क राशि 500 /- रूपयें डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) SHREE VINAYAK RAJIVIKA MAHILA N के नाम बनाकर दिनांक 29.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक श्री विनायक राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मुख्यालय - साखून, ब्लॉक- दूदू, जिला जयपुर (राज.) में जमा करना होगा ।
3. बिड दिनांक 29.07.2025 को दोपहर 2.15 PM बजे श्री विनायक राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मुख्यालय -साखून, ब्लॉक- दूदू, जिला जयपुर (राज.) के कार्यालय में खोली जावेगी ।

UBN NO . - RGA2526GLO1300103

अध्यक्ष गोगा — सचिव संतोष — कोषाध्यक्ष पारस कंवर

श्री विनायक राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, ग्राम- साखून, ब्लॉक दूदू, जिला- जयपुर

### प्रतिभा राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड
### मुख्यालय- चाकसू, ब्लॉक-चाकसू, जिला- जयपुर (राज.)

क्रमांक: 09 खूली बोली / निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 09.07.2025

इस कार्यक्रम में संचालित MKSP परियोजना के तहत् समन्वित खेती कलस्टर (IFC) के अन्तर्गत आजीविका सेवा केन्द्र की स्थापना की जानी है जिसमें मशीनों / उपकरणों के क्रय हेतु अधिकृत रजिस्टर्ड फर्मो / अधिकृत विक्रेताओं / अधिकृत वितरकों से निर्धारित प्रपत्र में मुहर बंद खुली बोली / निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है ।

| क्र.स. | मशीनों / उपकरणों का नाम (Details Attached in Annexue E) | अनुमानित मशीनों की संख्या | अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक / समय बिड सिक्यूरिटी राशि | निविदा फार्म खोलने की दिनांक / समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Musterd Seed Cleaning and Grading Processing Unit | 1 | 14.40 lacs | 28800/- | 500/- | 31 जुलाई 2025 को 2:00 P.M तक | 31 जुलाई 2025 को 2:15 P.M तक |
| 2 | Mustard Oil Processing unit | 1 | | | | | |
| 3 | Cattle Feed Unit | 1 | | | | | |

1. बिड दस्तावेज htpp:/sppp.raj.nic.in से दिनांक 31 जुलाई, 2025 को दोपहर 2.00 PM बजे तक डाउनलोड कर प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. बिड सिक्योरिटी अनुमानित राशि का 2 प्रतिशत राशि 28800/- का डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) PARTIBHA RAJVIKA SARVAGEEN VIKAS SAHAKARI SAMITI LTD एवं निविदा फार्म शुल्क राशि 500/- रूपयें डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) SARVAGEEN VIKAS SAHAKARI SAMITI LTD के नाम बनाकर दिनांक 31.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक प्रतिभा राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मुख्यालय - चाकसू, ब्लॉक चाकसू, जिला जयपुर (राज.) में जमा करना होगा ।
3. बिड दिनांक 31.07.2025 को दोपहर 2.15 PM बजे प्रतिभा राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मुख्यालय -चाकसू ब्लॉक- चाकसू, जिला जयपुर (राज.) के कार्यालय में खोली जावेगी ।

UBN NO . - RGA2526GLO1300102

अध्यक्ष सजना बाई — सचिव भावना सैनी — कोषाध्यक्ष आशा

प्रतिभा राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, ग्राम- चाकसू ब्लॉक चाकसू, जिला- जयपुर

### नवज्योति राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड
### मुख्यालय- बाड़ा पदमपुरा, ब्लॉक- चाकसू, जिला-जयपुर (राज.)

क्रमांक: 05 खूली बोली / निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 09.07.2025

इस कार्यक्रम में संचालित MKSP परियोजना के तहत् समन्वित खेती कलस्टर (IFC) के अन्तर्गत आजीविका सेवा केन्द्र की स्थापना की जानी है जिसमें मशीनों / उपकरणों के क्रय हेतु अधिकृत रजिस्टर्ड फर्मो / अधिकृत विक्रेताओं / अधिकृत वितरकों से निर्धारित प्रपत्र में मुहर बंद खुली बोली / निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है ।

| क्र.स. | मशीनों / उपकरणों का नाम (Details Attached in Annexue E) | अनुमानित मशीनों की संख्या | अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक / समय बिड सिक्यूरिटी राशि | निविदा फार्म खोलने की दिनांक / समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Musterd Seed Cleaning and Grading Processing Unit | 1 | 14.40 lacs | 28800/- | 500/- | 31 जुलाई 2025 को 4:00 P.M तक | 31 जुलाई 2025 को 4:15 P.M तक |
| 2 | Mustard Oil Processing unit | 1 | | | | | |
| 3 | Cattle Feed Unit | 1 | | | | | |

1. बिड दस्तावेज htpp:/sppp.raj.nic.in से दिनांक 31 जुलाई, 2025 को दोपहर 4.00 PM बजे तक डाउनलोड कर प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. बिड सिक्योरिटी अनुमानित राशि का 2 प्रतिशत राशि 28800/- का डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) NAV JYOTI RAJIVIKA MHALA VIKAS SARVAGINI BADA एवं निविदा फार्म शुल्क राशि 500 /- रूपयें डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) NAV JYOTI RAJIVIKA MAHILA VIKAS SARVAGINI BADA के नाम बनाकर दिनांक 31.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक नवज्योति राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मुख्यालय - बाडा पदमपुरा, ब्लॉक-चाकसू (राज.) में जमा करना होगा ।
3. बिड दिनांक 24.07.2025 को दोपहर 2.15 PM बजे नवज्योति राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, मुख्यालय -बाड़ा पदमपुरा, ब्लॉक चाकसू, जिला जयपुर (राज.) के कार्यालय में खोली जावेगी ।

UBN NO . - RGA2526GLO1300101

अध्यक्ष शमशाद — सचिव मंजू मीणा — कोषाध्यक्ष

नवज्योति राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, गाम्र- बाड़ा पदमपुरा, ब्लॉक चाकसू, जिला- जयपुर

## नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)

क्रमांक :- ज.स.अ./2025/139 दिनांक :- 14/07/2025

### सार्वजनिक सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मानसून में सावधानियां बरते, और दूसरों से सतर्क रहने की अपील करें
2. लॉ लाइन्स एरिया, अण्डरपास जलभराव एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में जाने से बचें, नगर निगम ग्रेटर द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाए गए है।
3. किसी भी आपातकाल स्थिति, जलभराव, सड़कों पर पेड़ गिर जाने, ड्रेनेज संबंधी समस्या होने पर नगर निगम ग्रेटर के हेल्पलाइन नं. 0141–2747400 एवं कंट्रोल रूम नं. 0141–2742900 पर शिकायत दर्ज कराये।
4. रोड लाईट खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही है तो तुरन्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर के कॉल सेन्टर नम्बर 0141–2747400 व कन्ट्रोल रूम नम्बर 0141–2742900 पर सूचना देवें।
5. यदि बारिश में पार्को, मैन रोड डिवाइडर व सार्वजनिक स्थानों के खंभे पर स्पार्किंग हो रही हो और आस–पास पानी भरा हुआ हो, तो उससे दूरी बनाये रखे।
6. दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, नालो के पास जाने से बचें।
7. बारिश के दौरान रोड लाइट के खंभों को छूने से बचें।
8. यदि बारिश की वजह से रोड लाईट की कोई भी लाईन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीची हो गई हो तो नगर निगम ग्रेटर जयपुर के कॉल सेन्टर नम्बर 0141–2747400 व कन्ट्रोल रूम नम्बर 0141–2742900 पर सूचना देवें ताकि समय पर सुधार हो सकें।
9. खुले में कचरा ना फेके, बारिश में यह कचरा बहकर जल निकासी को अवरूद्ध करता है।
10. निर्माण एवं मरम्मत कार्यो से उत्पन्न मलबा, ईटें, पत्थर, टाइल्स (C&D) वेस्ट को सार्वजनिक स्थानों पर ना फेके इन्हें नगर निगम ग्रेटर के 4 C&D वेस्ट कलेक्शन पाइंटस 1 मानसरोवर ज़ोनः सेक्टर–1, SFS कॉलोनी, RIICO, मानसरोवर (वार्ड 84) 2. साँगानेर ज़ोनः वार्ड पार्षद कार्यालय के पास (वार्ड 103) 3. जगतपुरा ज़ोनः बांधा मोड़, गाढ़ा का मेला स्टैंड, खानिया बांधा, ग्रीन बैली घाटी (वार्ड 121) 4. विद्याधर नगर ज़ोनः स्वर्ण जयंती पार्क के पास (वार्ड 23) पर ही C&D वेस्ट डाले।

### नगर निगम ग्रेटर द्वारा चार बाढ़ नियंत्रण केन्द्र बनाए गये है

1. मानसरोवर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र का हेल्पलाइन नं. 0141–2395566 व 8764880060 2. मालवीय नगर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र का हेल्पलाइन नं. 0141–2755930 व 8764880030 3. विश्वकर्मा बाढ़ नियंत्रण केन्द्र का हेल्पलाइन नं. 0141–2330080 व 8764880070 एवं 4. खिरणी फाटक फ्लाईओवर के नीचे वार्ड पार्षद कार्यालय नं. 39 के पास बाढ़ नियंत्रण केन्द्र का हेल्पलाइन नं. 8764880061 है।

॥ सतर्क रहे, सावधान रहे ॥

आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर — महापौर नगर निगम ग्रेटर जयपुर

सूचना संवाद/सी/25/6232

## संक्षिप्त

### डॉ. यादव ने सीएचसी बनेठी में कार्यग्रहण किया

**कोटपूतली।** कस्बे की ढाणी सूरज सेठ की निवासी डॉ. अशोक कुमार पुत्र बाबूलाल यादव ने निकटवर्ती बनेठी स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम.डी. मेडीसिन चिकित्सक के रूप में कार्यग्रहण किया है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत व बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने उन्हें शुभकामनायें दी। वहीं सीएचसी स्टॉफ ने उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत। डॉ. यादव ने हाल ही में एम.डी. मेडीसिन में पी.जी. की है। उनके सीएचसी में कार्यग्रहण करने के बाद ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में सोमवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महाविद्यालय में दस प्रतिशत सीटें और बढ़ाने, महाविद्यालय में स्थाई सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था किये जाने व पीने के पानी की उचित व्यवस्था तथा शौचालय की प्रतिदिन साफ सफाई करवाई जाने कि मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिला संयोजक सचिन भरगड़, भाग संयोजक दिनेश सैनी, प्रदीप गुर्जर, हिमांशु यादव, राधे नैनावत, साहिल यादव, घनश्याम कसाणा व राजेश गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वयंपाठियों की परीक्षायें 18 से

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के स्नातक (भूगोल एवं विज्ञान) के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की परीक्षा आगामी 18 जुलाई से प्रारम्भ हो रही हैं। संबंधित विद्यार्थी महाविद्यालय विभाग के सूचना पट्ट पर अपनी प्रायोगिक परीक्षा का बैच नम्बर, दिनांक एवं समय देखकर प्रायोगिक परीक्षा के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा प्रायोगिक परीक्षा हेतु अपना प्रायोगिक परीक्षा का प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ यदि अन्य महाविद्यालय से प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र आवश्यक रुप से साथ लाना सुनिश्चित करें।

### कम्प्रेशर की टंकी फटने से एक व्यक्ति गंभीर घायल

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड पर सोमवार दोपहर एक टायर पेंचर की दुकान पर अचानक एयर कम्प्रेशर की टंकी फट गई। जिससे वहां काम कर रहा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में कस्बे के वार्ड नं. 11 निवासी राजू (35) पुत्र छीतरमल सैनी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ट्रोमा सैंटर में भर्ती करवाया गया। जहां से गंभीर स्थिती में उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया गया।

### शिवालय में रुद्राभिषेक किया

**रतनगढ़** (निसं)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार की रात्रि में दादू द्वारा आश्रम रतनगढ़ में विद्वान पंडितों द्वारा भूत भावन भगवान महाकालेश्वर शिवालय दादू द्वारा आश्रम में महंत श्री देवा दास जी महाराज, हेमलता बाई राम महाराज के सानिध्य में गौड फ्रूट कंपनी के बजरंग लाल दौलत राम माली के द्वारा 4 प्रहर रुद्राभिषेक किया गया। रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक। श्री महाकाल भगवान को चार बार स्नान, दूध, दही, शहद, पंचामृत, गन्ने का रस, पपीते का रस, संतरे का रस, मन्त्रों द्वारा अर्पित किया गया। आरती और जयकारों के साथ भव्य दिव्य रुद्राभिषेक संपन्न किया गया। पूरी रात्रि इंद्र भगवान द्वारा सहस्त्र धारा बरसाई गई, वह जल भी बाबा को अर्पित किया गया।

### बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी है। निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे मुख्य बाजारों सहित कई वार्ड जलमग्न हो गए हैं. मुख्य बाजारों में पानी भरने से नगर पालिका और (राजस्थान शहरी आधारभूत संरचना विकास परियोजना) के ड्रेनेज और सीवरेज व्यवस्था के दावों की पोल खुल गई है। बारिश का पानी मुख्य बाजारों की दुकानों में घुस गया है।

# मिट्टी व मलबे से सरूण्ड में सोता नदी का बहाव क्षेत्र बाधित

## रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नदी के बहाव क्षेत्र में अवैध डंपिंग की



कोटपूतली में मिट्टी, मलबे से सरूण्ड में सोता नदी का बहाव क्षेत्र बाधित हो रहा है ।

- कोटपूतली-नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर फोर लेन सडड़क निर्माण कार्य जारी
- स्टेट हाईवे फोरलेन निर्माण कार्य में पीआरएल रोड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नदी के बहाव क्षेत्र में की अवैध डंपिंग
- तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर की कार्यवाही की मांग
- शीघ्र कार्यवाही नही हुई तो ग्रामीण करेंगे बड़ा आन्दोलन

**कोटपूतली।** कोटपूतली-नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर फोर लेन सड़क निर्माण कार्य लगातार जारी है। निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी व मलबे से सरूण्ड में सोता नदी का बहाव क्षेत्र बाधित हो गया है।

इस गंभीर मुद्दे को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार रामधन गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया है कि स्टेट हाईवे फोरलेन निर्माण कार्य में पीआरएल रोड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सरूण्ड में टोल टैक्स के पास सोता नदी में वेस्ट मिट्टी व पत्थर डंप कर दिए गए हैं, जिससे नदी के प्राकृतिक बहाव में बाधा उत्पन्न हो रही है।

निर्माण कार्य के दौरान निकले मलबे को नदी क्षेत्र में डंप करना अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में आता है और आगामी बरसात में यह पर्यावरण व स्थानीय ढांचे के लिये खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर व पीआरएल कंपनी को तत्काल निर्देशित किया जाये कि वे नदी क्षेत्र में डाली गई मिट्टी व पत्थर को हटाया जायें, भविष्य में ऐसे अवैध डंपिंग को रोका जायें, दोषी कंपनी के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जायें। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी जन आंदोलन करेंगें। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुये तहसीलदार ने हल्का पटवारी सरूण्ड को तत्काल मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी



कोटपूतली में आयोजित शिविर में रक्तदान करता एक रक्तदाता।

**कोटपूतली।** सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सरपंच संतोष गुर्जर नौरंगपुरा द्वारा अपनी माताजी स्व. मूर्ति देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ग्राम खेड़ा निहालपुरा स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला में गौ सवामणी व गौ सेवा की गई। वहीं राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण भी किया गया। साथ ही ग्राम नौरंगपुरा स्थित राजकीय विधालय परिसर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ। शिविर का विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर उद्घाटन किया। पटेल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ी हैं, इसे नियमित परम्परा के रूप में अपनाये जाने की आवश्यकता है। शिविर में राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम ने कुल 110 यूनिट रक्त एकत्रित किया। सभी अतिथियों का आयोजक संतोष गुर्जर व जयप्रकाश ने प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुये आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर, भाजपा नेता एड. मुकेश चनेजा, राजकुमार सूद, बगड़ावत बंजारा, लालचन्द पटेल, गोकुल पटेल, बैदराम चेयरमैन, हरदयाल व दाताराम पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## समन्वय रखते हुए आकांक्षी ब्लॉक के विकास के लिए कार्य करें : प्रियंका गोस्वामी

- कलक्टर ने गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के अंतर्गत बानसूर ब्लॉक की बैठक ली

**कोटपूतली ।** आयोजना विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के चयनित अल्प विकसित 41 ब्लॉकों के तीव्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना प्रारम्भ की गई है, जिसमें नीति आयोग के फ्रेमवर्क के आधार पर जिले से बानसूर ब्लॉक का चयन किया गया है। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन एवं परिवीक्षण हेतु जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिला कलक्टर ने गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत निर्धारित संकेतकों में प्रदर्शन के आधार पर बानसूर ब्लॉक में चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा, पंचायत समिति सहित विभिन्न विभागों कि योजनाओं और कार्यों के संबंध में ब्लॉक विकास रणनीति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए अपनाई जाने वाली कार्ययोजना से अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से योजना के लक्ष्यों की पूर्ति की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदनशीलता से कार्य करें तथा जिन बिंदुओं पर अपेक्षित प्रगति की आवश्यकता है, वहां त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और अन्य कार्मिकों को विभिन्न विभागीय पोर्टलों पर सही समय पर और सटीक जानकारी अपडेट करने हेतु तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए जिससे पोर्टल्स पर रिपोर्टिंग की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सीएसआर के माध्यम से आवश्यक स्थानों पर कार्य करवाने को कहा। उन्होंने पशुपालन विभाग को वैक्सीनेशन से संबंधित निर्देश देते हुए कहा कि पशुपालन अधिकारी नियमित रूप से पशुधन केंद्रों का निरीक्षण करें। बैठक में पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा पर भी विशेष चर्चा हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि आधारभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर ब्लॉक में अंतराल और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान कर अन-टाईड फंड के उपयोग हेतु प्रस्तावों का अनुमोदन एवं स्वीकृत कार्यों के कार्यान्वयन की निगरानी करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक विकास रणनीति शक्तियों, कमजोरियों, अवसरों और खतरों के विश्लेषण पर आधारित होगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बानसूर अनुराग हरित, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी बाबूलाल बैरवा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पत्थरों की खदान पर कार्य करने वाले लोगों की मजदूरी दिलाने की मांग, नारेबाजी की




एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर एक हस्ताक्षर युक्त पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।

**बौंली- बामनवास ।** टोंक जिले के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रशांत बैरवा के सवाई माधोपुर जिले की बौंली तहसील के बडागांव एवं भेडोली में संचालित पत्थरों की खदान पर कार्य करने वाले करीब 22 श्रमिकों ने मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर बौंली नगर पालिका चौराहे पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर एक हस्ताक्षर युक्त पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्व विधायक के खिलाफ कार्रवाई कर गिरफ्तार किया जाए, श्रमिकों का भुगतान शीघ्र कराने, अवैध खनन व फर्जी रवना की विशेष जांच कराने, संबंधित विभागों को निर्देशित कर शोषण को गंभीरता से लेकर कार्रवाई किए जाने एवं मजदूरों का शोषण करने वाले विधायक को कांठोस से निलंबित करने की मांग शामिल है।

निवाई के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रशांत बैरवा की बड़ा गांव स्थित स्टोन क्रेशर प्रसिद्ध कंस्ट्रक्शन पर श्रमिकों ने विभिन्न कार्य किया था, लेकिन पूर्व विधायक ने अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए डराने धमकाने व चुप रहने का दबाव बनाया जा रहा है एवं 22 मजदूरों की बकाया मजदूरी करीब 2 करोड़ 53 लाख 52 हजार682 रुपए का भुगतान नहीं किया जा रहा है, इस मामले को लेकर तीन मजदूरों ने पूर्व विधायक के खिलाफ न्यायालय में याचिका एवं बौंली पुलिस थाने में मजदूरी के पैसे नहीं देने सहित डीजल पंप के बकाया भुगतान नहीं करने का मामला दर्ज कराया था, जिसकी जांच जारी है।

# सीकर में 21 लाख से अधिक पौधे लगाएंगे : कलेक्टर मुकुल शर्मा

- परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन, सीकर द्वारा गहलोत मोटर्स के सहयोग से मंगलवार, 15 जुलाई 2025 को स्मृति वन, सीकर में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 2 बीघा क्षेत्र में 250 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, बरगद आदि शामिल हैं।

**सीकर, (निसं)।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन, सीकर द्वारा गहलोत मोटर्स के सहयोग से मंगलवार, 15 जुलाई 2025 को स्मृति वन, सीकर में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 2 बीघा क्षेत्र में 250 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, बरगद आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा बरगद का पेड़ लगाकर किया गया। यह वृक्षारोपण गहलोत मोटर्स के जगदीश गहलोत की माताजी स्वर्गीय ज्ञान कंवर की स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गहलोत ने सभी से अपनी मां के नाम एक पेड लगाने और उसकी देखभाल करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शहरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने अपनी मां के नाम एक-एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा और संरक्षण की प्रतिज्ञा ली।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत जिला प्रशासन का लक्ष्य जिले में 21 लाख से अधिक पौधे लगाने का है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुण्य कार्य में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद बंजारा ने बताया कि परिवहन विभाग, सीकर द्वारा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। गहलोत मोटर्स के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम इसी कडी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में परिवहन विभाग से जुडे अन्य हितधारकों को प्रोत्साहित कर जिले में वृक्षारोपण के इस पावन कार्य को निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, यूआईटी सचिव जेपी गॉड, आरटीओ वीरेंद्र सिंह राठौड़, डीटीओ ताराचंद बंजारा आदि उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं जिले के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान होगा

**झुंझुनूं, (निसं)।** महाराजा अग्रसेन शिक्षा एवं जन कल्याण ट्रस्ट झुंझुनूं की कार्यकारिणी सभा का आयोजन अग्रसेन भवन झुंझुनूं में मंगलवार को ट्रस्ट अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला की अध्यक्षता में किया गया। गत सभा की कार्यवाही विवरण सचिव एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल ने पढ़कर सुनाई। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। कोषाध्यक्ष निर्मल मोदी की अनुपस्थिति में उनकी ओर से प्रस्तुत 31 मार्च 2025 तक का आय व्यय का विवरण सचिव केजड़ीवाल ने प्रस्तुत किया एवं अब तक की ट्रस्ट की ओर से संपन्न गतिविधियों का विवरण भी उन्होंने प्रस्तुत किया।

सभा में उपस्थित अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, सचिव एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, संतोष हाकिम मलसीसर, रतन लाठ मलसीसर, मनोज गुप्ता सिंघाना, रमेश बाछुका चिड़ावा, नवलकिशोर गोयल सुलताना एवं अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष गणेश हलवाई चिड़ावावाला सहित अन्य जन ने संस्था की ओर से आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की एवं सर्वसम्मति से ट्रस्ट का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह सात सितंबर को झुंझुनूं में अग्रवाल समाज समिति के साथ अग्रसेन भवन झुंझुनूं में आयोजित किए जाने का निर्णय किया गया।

# पूर्व विधायक निर्मल कुमावत को जन्मदिन बधाई दी




पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के जन्म दिवस पर सांभर के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

**सांभरझील, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के अवतरण दिवस पर सांभर भाजपा मंडल के पदाधिकारीयों ने उनके आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। आज सुबह भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम उनके आवास पर पहुंची तथा सबसे पहले उनके मस्तक पर चंदन का तिलक लगाया तथा मोदक खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। वरिष्ठ नेता अनिल कुमार गट्टानी, जितेंद्र डांगरा, राजेश पारीक, बालकिशन जांगिड ने सामूहिक रूप से उन्हें साफा पहनाया। इस मौके पर सत्यनारायण स्वामी, प्रेम कुमार शर्मा, प्रेमचंद माली, विजय प्रजापत, चंद्र प्रकाश माली, नारी सबनानी, गौतम सिंघानिया सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए कामना की।

## कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्धता के साथ संतोषजनक निस्तारण करें, इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही करने वाले कार्यवाही के लिए तैयार रहे। जिला कलक्टर सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

बैठक में विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई साथ ही 17 जुलाई को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने को कहा। उन्होंने सभी बजट घोषणाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व सडक व्यवस्था, लक्ष्यानुरूप हरियालो राजस्थान में कार्यवाही सहित सरकार की फ्लैगशिप व अन्य योजनाओं पर चर्चा कर योजनाओं का लाभ नियामानुसार प्रत्येक पात्र को दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल, सीएमओ, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आमजन के लंबित परीवादो की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि परिवादो का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

# 'तालाबों की भूमि से अतिक्रमण हटाए जायेंगे'

## एन.जी. टी ने दिए सख्त आदेश

- आवेदक ने शिकायत की थी कि कोटड़ी गाँव में तालाबों की भूमि पर अतिक्रमण होने से जल प्रदूषित हो गया है

**भीलवाड़ा** 12 जुलाई। राजस्थान में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की मध्य क्षेत्र पीठ ने कोटड़ी तहसील के धर्मो तालाब और फतेह सागर तालाब (बड़ा तालाब) में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। 9 जुलाई, 2025 को हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और डॉ. ए सेंथिल वेल की पीठ ने आवेदक कोटड़ी निवासी विष्णु कुमार वैष्णव बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य के मामले में यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया।

**अधिकरण ने मुख्य रूप से तीन गंभीर मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया :** तालाबों में अनुपचारित सीवेज का बहाव, जल निकायों पर अवैध कब्जे, और पानी की गुणवत्ता में लगातार गिरावट। आवेदक ने शिकायत की थी कि कोटड़ी गाँव के खसरा संख्या 1595, 4467 (धर्मो तालाब) और खसरा संख्या 2050 (फतेह सागर/बड़ा तालाब) पर अवैध पट्टे दिए गए हैं और अतिक्रमण हो रहा है, जिससे ये महत्वपूर्ण जल स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। एनजीटी ने धर्मो तालाब के संबंध में कई सख्त निर्देश दिए हैं। सर्वेक्षण संख्या 739, 739/1 और 739/2 में तालाब की भूमि पर जितने भी निर्माण हुए हैं, उन्हें आज से तीन महीने के भीतर ध्वस्त किया जाएगा। भीलवाड़ा कलेक्टर को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही, धर्मो तालाब को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाएगा। यह कार्य जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति, बनेड़ा के खंड विकास अधिकारी और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (आरएसपीसीबी) (जो इस मामले में नोडल एजेंसी होगा) की एक संयुक्त समिति द्वारा किया जाएगा। पुनर्बहाली की लागत प्रदूषक भुगतान करें के सिद्धांत पर दोषी व्यक्तियों या उल्लंघनकर्ताओं (यानी, प्रतिवादी 7 और प्रतिवादी 9 के वर्तमान पदाधिकारियों) द्वारा वहन की जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त, 2025 को होनी है। यह आदेश भीलवाड़ा के इन महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों के संरक्षण और बहाली की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान सरकार की 'हरियालो राजस्थान' पहल और भारत सरकार के 'एक पेड माँ के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को गुलपुरा की रोही में स्थित नाडिया जोहड क्षेत्र में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड ने किया, जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई 'एक पेड माँ के नाम' मुहिम एक भावनात्मक और पर्यावरणीय अभियान है, जिसके माध्यम से हम अपनी माताओं को समर्पण के साथ प्रकृति को भी बचा रहे हैं। हर पौधा एक जीवन है, और इस जीवन को सहेजने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत राज्य भर में वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस मुहिम का मकसद पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और भावी पीढियों को स्वच्छ हवा देना है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ली और ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि जलवायु परिवर्तन और बढते प्रदूषण से लडने के लिए अधिक से अधिक पेड लगाना बेहद जरूरी है।



मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए-मतलब, उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। - अनिल कुंबले

पूर्व भारतीय गेंदबाज, भारत की हार को लेकर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी


## यश दयाल



यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे क्रिकेटर यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी की है कि पांच साल से महिला और यश दयाल रिलेशनशिप में थे, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से यश दयाल की अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है और राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने को कहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टीम इंडिया 93 साल से टेस्ट क्रिकेट खेल रही है। पहली बार भारत ने एक टेस्ट मैच में विपक्षी टीम के 12 बल्लेबाजों को बोल्ड कर पवेलियन भेजा है।

# लंदन में किंग्स चार्ल्स से मिली भारतीय पुरुष और महिला टीम



लंदन, 15 जुलाई। किंग चार्ल्स तृतीय लंदन के सेंट जेम्स पैलेस में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों, कोच, स्टाफ सदस्यों और बीसीसीआई अधिकारियों के साथ मुलाकात की और फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान खिलाड़ी काफी खुश नजर आ रहे थे। किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात पर टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि किंग चार्ल्स तृतीय से मिलकर बहुत अच्छा लगा और उन्होंने हमें फ़ोन करके बहुत ही उदारता दिखाई। हमारी बातचीत काफ़ी अच्छी रही।

शुभमन गिल ने कहा कि किंग चार्ल्स तृतीय ने हमें बताया कि पिछले टेस्ट मैच में जिस तरह से हमारा आखिरी बल्लेबाज़ आउट हुआ, वह काफ़ी दुर्भाग्यपूर्ण था, गेंद स्टंप्स पर लग रही थी। हमने उनसे कहा कि यह हमारे लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण मैच था और इसका नतीजा किसी भी तरफ़ जा सकता था। उम्मीद है कि अगले दोनों मैचों में हमारी किस्मत अच्छी रहेगी। शुभमन गिल ने कहा कि दोनों टीमों ने जिस तरह से खेला, उन्होंने काफ़ी जोश दिखाया। हमने पूरे गर्व के साथ खेला और मानसिक और शारीरिक रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। आख़िरकार, जब आप पाँच दिनों तक चलने वाला टेस्ट मैच खेलते हैं और 20 रनों से हार जाते हैं, तो जीतने वाले को ज़रूर बहुत अच्छा लगेगा।

उन्होंने आगे कहा कि हम जहाँ भी जाते हैं, हम बहुत भाग्यशाली और खुशकिस्मत होते हैं कि हमें हमेशा (भारतीय समर्थकों का) अच्छा समर्थन मिलता है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा किंग चार्ल्स तृतीय से मिलना बहुत अच्छा अनुभव रहा। यह उनसे हमारी पहली मुलाक़ात थी और वे बहुत मिलनसार थे। उन्होंने कहा कि हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हमें अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के भरपूर मौके मिल रहे हैं।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि यह एक बहुत ही ऐतिहासिक क्षण था जब किंग चार्ल्स तृतीय ने पुरुष और महिला भारतीय क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया। उनसे मिलने के बाद खिलाड़ी बहुत खुश हैं। किंग ने मुझसे उस किताब के बारे में भी पूछा जो मैंने उन्हें दी थी। उन्होंने मुझसे भारतीय क्रिकेटर आकाशदीप की बहन के स्वास्थ्य के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि लॉर्ड्स टेस्ट मैच के बारे में हमने किंग के साथ चर्चा की। किंग ने कहा कि मोहम्मद सिराज का आउट होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था; अन्यथा, भारत मैच जीत सकता था। टीम ने साबित कर दिया है कि वे लड़ाकू हैं। हम श्रृंखला जीतेंगे।

## भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा

लॉर्ड्स, 15 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम अब आगे है। लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रनों से शिकस्त मिली जिसके बाद इंग्लैंड सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत और इंग्लैंड के बीच अब चौथा टेस्ट मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। वहीं भारत और इंग्लैंड के अगले टेस्ट मैच में आठ दिनों का गैप है। दोनों टीमें अब 23 जुलाई से 27 जुलाई के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच खेलेंगी। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में दोनों टीमें भिड़ेंगी। भारतीय समय के अनुसार ये मुकाबला भी दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। वहीं मैच का टॉस दोपहर तीन बजे होगा। टीवी पर मुकाबले का लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। वहीं इस मुकाबले को मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप पर भी लाइव मैच देख सकते हैं। वहीं इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियो हॉटस्टार पर की जाएगी। फिहला, हेडिंग्ले, लीड्स में खेला गया पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड ने 5 विकेट से जीता था। इसके बाद बर्मिंघम में टीम इंडिया ने अंग्रेजों को 336 रनों से रौंदा। फिर लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में भारत को बदकिस्मती से 22 रनों से हार झेलनी पड़ी। अब इंग्लैंड सीरीज में 2-1 से आगे है।

# लॉर्ड्स में रवीन्द्र जडेजा ने रचा कीर्तिमान, कारनामा करने वाले बने चौथे ऑलराउंडर



लॉर्ड्स, 15 जुलाई। भारत को लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों 22 रनों से करीबी का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 रन पर ढेर हो गई। एक समय भारत की दूसरी पारी 100 रनों के आसपास सिमटती हुई दिख रही थी लेकिन स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने गजब का संयम और हौसला दिखाया। उन्होंने 181 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन बनाए।

वहीं जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट में बेहतरीन बल्लेबाज करने के बाद एक धांसू कीर्तिमान रच डाला। दरअसल, जडेजा इंटरनेशनल क्रिकेट में 7000 प्लस रन बनाने और 600 प्लस विकेट हासिल करने वाले दुनिया के चौथे ऑलराउंडर बन गए हैं। उनके खाते में फिलहाल 7018 रन और 611 विकेट हैं। जडेजा ने 83 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 इंटरनेशनल मैचों में क्रमशः 3697, 2806 और 515 रन बनाए हैं। उन्होंने टेस्ट में 326, वनडे में 231, और टी20 में 54 विकेट झटके। जडेजा ने पिछले साल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। जडेजा के अलावा सात हजार प्लस रन और 600 प्लस विकेट लेने का कारनामा कपिल देव, शॉन पोलक और शाकिब अल हसन ने अंजाम दिया है। 1983 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान और महान ऑलराउंडर कपिल ने अपने इंटरनेशनल करियर में 9031 रन बनाए और 687 विकेट झटके। साउत अफ्रीका के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर पोलक ने 7386 रन जुटाए और 829 शिकार किए।

बांग्लादेश के धाकड़ ऑलराउंडर शाकिब ने 14730 रन जोड़े और 712 विकेट लिए। जडेजा का इंग्लैंड दौरे पर बल्ला जमकर बोल रहा है। वह सीरीज में लगातार चार 50 प्लस स्कोर बना चुके हैं। जडेजा ने टेस्ट में कुल 26 अर्धशतक और चार शतक लगाए हैं। वह लॉर्ड्स में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 50 स्कोर बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं। उनस पहले ये कमाल लॉर्ड्स में वीनू मांकड़ ने 1952 में किया था।

# आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए अभ्यास कार्यक्रम घोषित



दुबई, 15 जुलाई। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए अभ्यास कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अभ्यास मैच 25-28 सितंबर के बीच मुख्य टूर्नामेंट से पहले खेले जाएंगे जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक चलेगा।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी आठ टीमें अभ्यास मैचों में हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम को दो अभ्यास मैच खेलने हैं, ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर, जो केवल एक ही मैच खेलेगा। अभ्यास मैचों के लिए चार स्थान निर्धारित किए गए हैं - बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड और एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, साथ ही कोलंबो में आर. प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड। भारत ए और श्रीलंका ए भी अभ्यास मैचों में हिस्सा लेंगे। भारत ए एक मैच और श्रीलंका ए दो मैच खेलेगा।

अभ्यास मैच 25 सितंबर से शुरू होंगे, जिसमें 2017 के फाइनलिस्ट भारत और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका बेंगलुरु में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। इसी समय, कोलंबो में, श्रीलंका पाकिस्तान से और बांग्लादेश श्रीलंका ए से भिड़ेगा।

अगले अभ्यास मैचों का दौर 27 सितंबर को होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इस बीच, श्रीलंका बांग्लादेश से और भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। अभ्यास मैचों का अंतिम दौर 28 सितंबर को होगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका भारत ए से और पाकिस्तान श्रीलंका ए से भिड़ेगा।

### आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 वार्म-अप कार्यक्रमः

**25 सितंबरः** भारत बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 1 ग्राउंड, बेंगलुरु, दोपहर 3 बजे

**25 सितंबरः** दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, एम. चिन्नास्वामी, बेंगलुरु, दोपहर 3 बजे

**25 सितंबरः** श्रीलंका बनाम पाकिस्तान, कोलंबो क्रिकेट क्लब, कोलंबो, दोपहर 3 बजे

**25 सितंबरः** बांग्लादेश बनाम श्रीलंका ए, आर. प्रेमदासा, कोलंबो, दोपहर 3 बजे

**27 सितंबरः** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 1 ग्राउंड, बेंगलुरु, दोपहर 3 बजे

**27 सितंबरः** भारत बनाम न्यूजीलैंड, एम. चिन्नास्वामी, बेंगलुरु, दोपहर 3 बजे

**27 सितंबरः** श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, कोलंबो क्रिकेट क्लब, कोलंबो, दोपहर 3 बजे

**28 सितंबरः** दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत ए, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 1 ग्राउंड, बेंगलुरु, दोपहर 3 बजे

**28 सितंबरः** पाकिस्तान बनाम श्रीलंका ए, कोलंबो क्रिकेट क्लब, कोलंबो, दोपहर 3 बजे

## बीसीसीआई वीमेन प्रीमियर लीग की चयन ट्रॉयल के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने शानू व हैप्पी को आमंत्रित किया



जयपुर, 15 जुलाई। राजस्थान की युवा प्रतिभावान महिला खिलाडी शानू सेन व हैप्पी कुमारी को बीसीसीआई की आगामी वीमन प्रीमियर लीग ( सीजन 4 ) के लिए फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल टीम ने चयन ट्रायल हेतु आमंत्रित किया है। बीसीसीआई की आगामी वीमन प्रीमियर लीग ( सीजन 4 ) हेतु अपनी टीम को मजबूत करने के लिए फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल टीम बीसीसीआई की राष्ट्रिय घरेलू क्रिकेट की विभिन्न आयुवर्गकी महिला क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की युवा महिला खिलाडी शानू सेन व हैप्पी कुमारी को आगामी 29 - 30 जुलाई 2025 को बेंगलुरु में आयोजित होने वालीचयन ट्रायल हेतु आमंत्रित किया है। दोनों खिलाडियों को 28 जुलाई को बेंगलुरु रिपोर्ट करना होगा।

## राजस्थान रैंकिंग टूर्नामेंट में होंगे दासोत ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री



जयपुर, 15 जुलाई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम इन्डोर हाल मे 25 जुलाई से 30 जुलाई तक राजस्थान स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट खेला जाएगा। राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव के के शर्मा अनुसार भूतपूर्व राष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन खिलाड़ी व स्टेट अवार्डी मनोज दासोत इस प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री होंगे। इस प्रतियोगिता से हिमाचल में होने वाले नॉर्थ जोन चैंपियनशिप के लिए राजस्थान टीम का सिलेक्शन होगा। इस प्रतियोगिता में एक लाख की इनामी राशि रखी गई है। प्रतियोगिता में 25 जुलाई से क्वालीफाई राउंड व 27 जुलाई से मुख्य राउंड के मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर में बालक, बालिका व पुरुष, महिला वर्ग में खेली जाएगी तथा इसमें सिंगल्स, डबल्स व मिक्स डबल्स के इवेंट खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में एंट्री देने की अंतिम तिथि 20 जुलाई रखी गई है। प्रतियोगिता में अपनी एंट्री जिला संघ द्वारा राजस्थान बैडमिंटन संघ को दे सकेंगे।

## दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता शीर्ष पुरस्कार

लुसाने (स्विट्ज़रलैंड), 15 जुलाई। एक और रोमांचक एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) और विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड्स का विजेता चुना है। एफआईएच ग्लोबल सप्लायर पोलिटन द्वारा प्रदान किए गए इस पुरस्कार में, प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे - 3 महिला और 3 पुरुष - जिन्होंने लीग ऑफ द बेस्ट सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई।

# पंत का रन आउट होना मैच का निर्णायक पल था : गिल

लंदन, 15 जुलाई। भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था।

लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंततः भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा, मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आख़िरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं।

जब शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को आउट कर इंग्लैंड को जीत दिलाई, तब रवींद्र जडेजा 61 रन पर नाबाद रहे। यह एक अदभुत पारी थी। उन्होंने 181 गेंदें खेलीं और निचले क्रम को बखूबी संभाला। उन्होंने नीतीश रेड्डी के साथ 30, जसप्रीत बुमराह के साथ 35 और सिराज के साथ 23 रन जोड़े। गिल ने जडेजा के बारे में कहा, वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। हमने उन्हें कोई संदेश नहीं भेजा। वह निचले क्रम के साथ शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे।

# लॉस एंजेलिस ओलंपिक में क्रिकेट 12 जुलाई 2028 से होगा




लॉस एंजेलिस,15 जुलाई। लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 से क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी हो रही है। इस बार के ओलंपिक में क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि 20 और 29 जुलाई को पदक के मैच होंगे। सभी मैच फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेले जाएंगे। लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किमी दूर पोमोना शहर में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया जाएगा।

पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंट में छह-छह टीम खेलेंगी, जिसमें 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी मैच टी20 प्रारूप में होंगे। हर टीम टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन सकती है। ज्यादातर दिनों पर डबल हेडर मुकाबले होंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। मैच लोकल समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6.30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही समय रखा गया है।

लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने एक बयान में कहा, जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े। उन्होंने आगे कहा, हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि प्लेएलए में दस लाख से ज्यादा नामांकन हो चुके हैं। मैं एलए28 और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ को धन्यवाद करना चाहती हूं, जिनकी वजह से ये कार्यक्रम मुमकिन हो पाए। क्रिकेट पहली बार ओलंपिक में 1900 में शामिल किया गया था। तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने दो दिन के मैच में भाग लिया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था।

ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना इस खेल के बढ़ते कद को और मजबूत करता है। महिला क्रिकेट ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में पदार्पण किया, जबकि पुरुष और महिला दोनों 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में ग्रैंड प्रेयरी, लॉडरहिल और न्यूयॉर्क ने 2024 के टी20 विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी की।

## भारत के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकता हूं : आर्चर



लंदन, 15 जुलाई। जोफ्रा आर्चर ने कहा कि लॉर्ड्स में जीत के साथ शानदार वापसी करने के बाद, वह भारत के खिलाफ इंग्लैंड की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं। चोटों के कारण यह तेज गेंदबाज चार साल से ज्यादा समय तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहा, लेकिन 22 रनों की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई जिससे इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-1 की बढ़त मिली। 30 वर्षीय आर्चर ने अपनी वापसी की तीसरी गेंद पर एक विकेट लिया, फिर भारत की दूसरी पारी में तीन विकेट लिए, जब इंग्लैंड ने 192 रनों के लक्ष्य का बचाव किया। उन्होंने 39.2 ओवर पूरे किए और पूरी पारी में तेज गति से गेंदबाज़ी की - उनकी औसत गति कभी भी 87 मील प्रति घंटे से कम नहीं रही और ससेक्स के इस खिलाड़ी ने 41 गेंदें 90 मील प्रति घंटे से ज्यादा की रफ़्तार से फेंकी।

# टॉप 10 बल्लेबाजों में लौटी शेफाली वर्मा



दुबई, 15 जुलाई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में वापस आ गईं हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाकर, शेफाली साथी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। 21 वर्षीय शेफाली ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें मैच में भारत की आखिरी गेंद पर हार में 41 गेंदों पर 75 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं और 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गईं। भारत की 3-2 से श्रृंखला जीत में एक और अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने श्रृंखला के दौरान छह विकेट लिए, ने भी बढ़त हासिल की। अंतिम टी20 मैच में दो विकेट लेने वाली रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें और ऑलराउंडरों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड के कई सितारों ने भी सकारात्मक प्रगति की है।

## युवराज को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर बनाया

नई दिल्ली, 15 जुलाई। आईजीपीएल ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। भारत में इस खेल की नींव को मजबूत करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए आईजीयू भारत में पुरुषों के शौकिया गोल्फ के लिए आधिकारिक शासी निकाय - के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए डॉसन को टीम में शामिल किया

लंदन, 15 जुलाई। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को अपनी टीम में शामिल किया है। बशीर लॉर्ड्स में इंग्लैंड की रोमांचक जीत के बाद शेष श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बशीर को तीसरे टेस्ट के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें तीसरे दिन मैदान से बाहर जाना पड़ा था। 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अंततः अंतिम विकेट लेकर इंग्लैंड को शानदार जीत दिलाई। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर डॉसन ने 2016 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक तीन मैचों में सात विकेट अपने नाम कर चुके हैं। 35 वर्षीय इस खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है,जहां उन्होंने हैम्पशायर के लिए नौ मैचों में 21 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने उनके चयन पर कहा, लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## वेस्टइंडीज को 27 रन पर ढेर कर ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप




किंग्स्टन, 15 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया ने सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन वेस्टइंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर था। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 176 रनों से बड़ी जीत हासिल की और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

तीसरे दिन लंच के बाद जो हुआ वह गुलाबी गेंद वाले टेस्ट मैचों के मानक से भी कमतर था, क्योंकि मिचेल स्टार्क ने सबसे तेज पांच विकेट (15 गेंद) लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर अपनी स्विंग और सीम गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया।

# अंडर-15 जयपुर जिला चयन ओपन बालिका शतरंज टूर्नामेंट का समापन



जयपुर, 15 जुलाई। जयपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में, जयपुर के सुबोध कॉलेज में अंडर-15 जयपुर जिला चयन (ओपन एवं बालिका) शतरंज टूर्नामेंट 2025 और रॉयल जयपुर ओपन ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन वेव्स द्वारा रॉयल जयपुर शतरंज क्लब एवं सर्विसेज के सहयोग से किया गया, जिसमें जयपुर भर से शीर्ष शतरंज प्रतिभाओं ने भाग लिया। टूर्नामेंट में ओपन और बालिका वर्ग में लगभग 40 अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### अंडर-15 जिला चयन टूर्नामेंट की मुख्य विशेषताएं

ओपन वर्ग में जयपुर ज़िले का प्रतिनिधित्व रुद्रदामन मेड़तिया करेंगे, जिन्होंने प्रभावशाली 62 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भव्य गुप्ता 6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वर्णित दीक्षित (5 अंक) और सिद्धांत चतुर्वेदी (5 अंक) रिजर्व खिलाड़ी रहे। विराज मंगल (5 अंक) रिजर्व खिलाड़ी रहे। टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और सिर्फ़ एक चाल ने ही मुकाबले में अंतर पैदा कर दिया।

**बालिका वर्ग में,** नितिशा अग्रवाल ने 6 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। उनके बाद आरोही शर्मा (6 अंक), कैवल्य गोयंका (5 अंक), श्रेष्ठा जैन (5 अंक) और गौरांगी शर्मा (5 अंक) शीर्ष पाँच स्थानों पर रहीं।

**रॉयल जयपुर ओपन ब्लिट्ज़ में,** राज कपूर (रेटिंग 1903) ने 6 अंकों के साथ चैंपियन का खिताब जीता, गौरांश शर्मा (1799) ने 6 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अर्नव गुप्ता (1692) ने 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कुल 20 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि श्रेष्ठा जैन (1510) को 3 अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। सभी शतरंज प्रेमी इस बात की सराहना करते हैं कि वेव्स, जयपुर जिला शतरंज संघ और रॉयल जयपुर शतरंज क्लब के साथ मिलकर शहर में शतरंज के खेल को कैसे मज़बूत कर रहे हैं।

वेव्स और रॉयल जयपुर शतरंज क्लब की आयोजक टीम ने सभी सहयोगी स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों और स्वयंसेवकों का उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। संगठन ने जमीनी स्तर पर शतरंज को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और नियमित कोचिंग कार्यक्रमों और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों की भविष्य की योजनाओं की घोषणा की।

# 'हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति पर काम करती है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के 68वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया

जयपुर, 15 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार एक ऐसी बुराई है, जो योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने से रोकती है और समाज में असमानता बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान के संकल्प पर मजबूती से आगे बढ़ रही है।

शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के 68वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरंतर अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन आवश्यक है। ऐसे में एसीबी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ने, गबन, आय से अधिक संपत्ति और पद के दुरुपयोग आदि के मामलों को उजागर करने जैसे सभी क्षेत्रों में एसीबी ने अपनी दक्षता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। अपने ही एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार करना यह साबित करता है कि एसीबी जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

■ **मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार शासन-प्रशासन में पारदर्शिता एवं शुचिता के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही करने में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है।**

कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार, शासन-प्रशासन में पारदर्शिता एवं शुचिता के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने सुशासन स्थापित करने के लिए तकनीक के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने पुलिस को बिना दबाव के कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

इस दौरान, मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के 68वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित किया।*

## छात्रा के आत्मदाह पर ओडिशा में भारी सियासी खलबली मची

भुवनेश्वर, 15 जुलाई। फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की 20 वर्षीय छात्रा की आत्मदाह से मौत के बाद ओडिशा में सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस, बीजेडी समेत कम से कम आठ राजनीतिक दलों ने मंगलवार को 'ओडिशा बंद' का आव्हान किया। छात्रा ने एक कॉलेज प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खुद को आग लगा ली थी। सोमवार देर रात एम्स भुवनेश्वर में उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद भुवनेश्वर स्थित एम्स के बाहर कांग्रेस और बीजेडी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और राज्य सरकार पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। यह घटना तब सामने आई जब यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर समीर कुमार साहू को कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति ने क्लीन चिट दे दी। इसके एक दिन बाद ही पीड़िता ने आत्मदाह किया जिससे वह 95 प्रतिशत जल गई। उस शनिवार को एम्स लाया गया, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था।

### जम्मू-कश्मीर...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

के बाद ही जारी किया गया। इसे राजनीतिक दबाव और मीडिया का ध्यान को केंद्र सरकार से हटाने की एक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

# चंबल में बहे 6 लोगों में से दो के शव मिले

## देवली अरब रोड पर कौटिल्य आवास व बालाजी नगर में 8-10 फीट पानी भरा

कोटा, 15 जुलाई (निसं)। जिले में मानसून की झमाझम ने नदियों को उफान पर ला दिया है। जिला प्रशासन के सामने राहत व बचाव अभियान बड़ी चुनौती बना हुआ है। चंबल नदी में सोमवार को निमोदा हरिजी के निकट चौथ माता मंदिर के पास आधा दर्जन लोग बह गए थे। बहे लोगों में से दो के शव निकाल लिए गए। इस बीच कैथून क्षेत्र में अजीब घटनाक्रम हुआ। चालक ट्रैक्टर समेत चंद्रलोई नदी में गिर गया। सूचना पर हड़कंप मच गया और पुलिस व बचाव टीम ने रातभर तलाशी अभियान चलाया, जबकि चालक खुद तैरकर बाहर निकल गया और घर जाकर सो गया। रैस्क्यू टीम को सुबह पता चला कि वह जिस चालक को नदी में तलाश रही थी, वह तो अपने घर पर सो रहा है।

कैथून थाने के एएसआई मोहनलाल आर्य ने बताया कि सोमवार देर रात आलनिया बांध से पानी ओवरफ्लो होने के बाद चंद्रलोई नदी उफान पर आ गई। कैथून कस्बे में नदी का पानी पुलिया पर आ गया। भीमपुरा निवासी घनश्याम अपने ट्रैक्टर को पुलिया से ले जा रहा था कि बह गया।

■ **कैथून की चंद्रलोई नदी में ट्रैक्टर सहित चालक गिर गया। रात भर रैस्क्यू टीम उसकी तलाश करती रही। सुबह मालूम पड़ा कि ड्राइवर तैर कर बाहर आ गया था और घर जाकर सो गया।**

घटना सोमवार रात 12 बजे की है। पुलिस और रैस्क्यू टीम ने चंद्रलोई नदी में ट्रैक्टर चालक घनश्याम की तलाश शुरू की। दूसरी तरफ ट्रैक्टर चालक तैरकर बाहर आया और घर चला गया। पूरी रात रैस्क्यू टीम और पुलिस उसे नदी में तलाशती रही।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने बताया कि चंबल नदी में सोमवार को निमोदा हरिजी के निकट चौथ माता मंदिर के पास चंबल नदी में आधा दर्जन लोग बह गए थे। बहे लोगों में से दो के शव निकाल लिए गए। मीणा ने बताया कि बहाव तेज होने के चलते सोमवार को तलाशी अभियान गति नहीं पकड़ पाया। कोटा बैराज से पानी की निकासी घटाई गई है। चंबल नदी में बहाव कम हुआ तो मंगलवार सुबह तलाशी अभियान तेज किया। चंबल में बहे निमोदा हरिजी के पांचूलाल मेघवाल और कैथून के चैनपुरा निवासी आशु दोनों जीजा-साले हैं। साथ ही बहे जाखोड़ा कैथून के धर्मराज कोली व देवकीनंदन कोली सगे भाई हैं। कैथून के टोडी मोहल्ला निवासी संजय मेघवाल व रमेश मेघवाल भी बह गए। इनके अलावा एक अन्य बंशीलाल मेघवाल को बचा लिया गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने तलाशी अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं।

उधर देवली अरब कॉलोनी से सैकड़ों लोगों को रैस्क्यू किया गया है। नगर निगम की गोताखोर टीम ने विष्णु श्रृंगी के नेतृत्व में देवली अरब रोड स्थित कौटिल्य आवास और बालाजी नगर में नाव से रैस्क्यू अभियान चलाया, यहां कई जगह 8 से 10 फीट पानी था।

### 'ट्रेनी एसआई ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

परीक्षण करना था। इसलिए समान प्रश्न पत्र हल कराया गया था। उन्होंने अदालत को बताया कि 705 अभ्यर्थियों की परीक्षा ली गई थी। इनमें से 51 अभ्यर्थियों के, परीक्षा में प्राप्त अंकों से 150 अंक कम आए। वहीं, 96 अभ्यर्थियों के सौ अंक कम हुए। ऐसा भी हो सकता है कि दोषियों को टेस्ट लेने का अंदेशा हो गया हो और उन्होंने पढ़ाई कर ली। एसआईटी के मुखिया ने अदालत को बताया कि आयोग सदस्य बाबूलाल कटारा के दो रिश्तेदार परीक्षा में बैठे थे, लेकिन कटारा ने इसकी जानकारी आयोग को नहीं दी। इसके अलावा, आयोग सदस्य रामू राम राइका का बेटा और बेटी भी चयनित हुए। इस पर अदालत ने पूछा कि उन्हें पेपर लीक का अंदेशा कैसे हुआ? इसका जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर पर बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। घटना में जगदीश विश्नोई का हाथ है और उसने परीक्षा केन्द्र से पेपर लीक किया था। उसके गैंग ने पेपर अभ्यर्थियों तक पहुंचाया। वीके सिंह ने अदालत को यह भी बताया कि 53 ट्रेनी एसआई गिरफ्तार हुए हैं। वहीं, दस ट्रेनी फरार चल रहे हैं और दस अन्य ट्रेनी रडार पर हैं। इसके साथ ही, 81 लोगों की जांच लंबित है। गिरफ्तार हुए 53 ट्रेनी में से दस पूर्व में सरकारी कर्मचारी रहे हैं। ऐसे में यह धारणा गलत है कि पूर्व सरकारी कर्मचारी अपराध में शामिल नहीं हो सकता।

### राहुल गांधी: ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

भारतीय सैनिकों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित है।

राहुल गांधी इस मामले में आज लखनऊ के स्पेशल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने राहुल को समन भेजकर पेश होने को कहा था।

# लूणी की रपटों पर वाहन व पैदल आवाजाही पर रोक लगाई

बालोतरा, 15 जुलाई (निसं)। मानसून की सक्रियता एवं लूणी नदी के बहाव क्षेत्र में भारी बारिश के कारण, बालोतरा जिले की जीवन दायिनी लूणी नदी में पानी की आवक शुरू हो गई है, और पानी समदड़ी तक पहुंच गया है। पानी की बढ़ती आवक को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जिला प्रशासन ने लूणी नदी की रपटों से निश्चित दूरी बनाए रखने और नदी बहाव क्षेत्र में नहाने से परहेज करने की सख्त हिदायत दी है। प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। जलस्तर बढ़ने के कारण, जिला प्रशासन ने लूणी नदी पर बनी सभी रपटों पर वाहनों और पैदल आवाजाही को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमें इन स्थानों पर तैनात कर दी गई हैं, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे पानी के तेज बहाव में प्रवेश न करें और सेल्फी लेने या वीडियो बनाने के लिए नदी के किनारों या रपटों के करीब न जाएं। पानी का बहाव अप्रत्याशित हो सकता है और ऐसे में कोई भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। लूणी नदी में पानी की आवक किसानों और पर्यावरण के लिए एक शुभ संकेत है।

■ **बहाव क्षेत्र में भारी बारिश के कारण लूणी नदी का पानी समदड़ी पहुँचा।**

# मंगलवार को भी पाली में 4 इंच बरसात

## लाखोटिया तालाब पर चादर चली, भैंरू घाट स्थित भैंरू जी का मंदिर पानी में डूबा

पाली, 15 जुलाई (निसं)। सोमवार को हुई बारिश के बाद दूसरे दिन मंगलवार को भी पाली शहर में कई कॉलोनियों में पानी भरा हुआ है। पिछले चौबीस घंटों में पाली क्षेत्र में सर्वाधिक 94 एमएम (करीब चार इंच) वर्षा दर्ज की गई।

पठान कॉलोनी, सुंदर नगर के पीछे रजत विहार, भैरव नगर, शिवाजी नगर आदि कई कॉलोनी में पानी निकासी नहीं हो रही है।

लाखोटिया तालाब में चादर चल गई। भैंरू घाट स्थित भैंरुजी का मंदिर भी पानी में डूब गया। तालाब का पानी रामदेव रोड, आशापुरा नगर, न्यू मोची कॉलोनी, शेखावत नगर आदि कॉलोनियों में भर गया है।

■ **पाली शहर की पठान कॉलोनी, रजत बिहार, भैरव नगर, शिवाजी नगर सहित कई कॉलोनियों से पानी की निकासी नहीं हो रही है।**

मौसम विभाग के अनुसार, अभी तीन दिन और भारी बारिश हो सकती है। मंगलवार शाम को फिर से बारिश शुरू हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बांडी नदी नीचे की रपट पर दूसरे दिन भी चल रही है। जिला कलेक्टर और एसपी ने दूसरे दिन भी शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया और पानी निकासी के आदेश दिए।

### यमन में भारतीय ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

मामले की शुरुआत से ही निमिषा के प्रति समुचित व्यवहार के लिए हरसंभव प्रयास कर रही थी। सरकार निमिषा के परिजनों को यमन में दूसरे पक्ष के साथ सहमति का कोई रास्ता निकालने की कोशिश करने और सजा को टलवाने के प्रयासों में विशेष तरीके से सहयोग कर रही थी। इस बीच, कुछ रिपोर्टों के अनुसार निमिषा के कानूनी सलाहकारों ने उसकी माफी के एवज में लगभग 8.5 करोड़ रुपये (10 लाख डॉलर) देने की पेशकश की थी। इसे स्थानीय प्रथा के अनुसार 'खूंबहा' कहा जाता है। गौरतलब है कि यमन की राजधानी सना में हूतियों का कब्जा है।

### 'पुतिन औपचारिक...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

को भी नुकसान हो रहा है।

रूस उम्मीद कर रहा था कि अमेरिका यूक्रेन से अपना समर्थन हटा लेगा और यूरोप में नाटो सहयोगियों और अमेरिका के बीच गहरे मतभेद होंगे। तथापि, नाटो की पिछली बातचीत के दौर ने घटनाओं की धारा बदल दी है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के कट्टर रुख से निराश अमेरिका अब पूरी तरह पलट गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन और उनकी दोहरी चालों को लेकर अपनी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा है, पुतिन औपचारिक वार्ताओं में मीठा बोलते हैं और फिर शाम को सब पर बम गिराते हैं। ट्रंप ने कई बार पुतिन से सीधे बात की है और हर बार पुतिन ने तुरंत युद्ध और हमले तेज कर दिए हैं।

यह देखकर कि कूटनीति काम नहीं कर रही है, ट्रंप अब रूस पर दबाव बनाने के उपाय अपना रहे हैं। वे अब नाटो सहयोगियों के माध्यम से अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति फिर से शुरू कर रहे हैं और इसके बाद सैकेण्डरी इकोनॉमिक सैक्शन्स के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जो रूसी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

अब यह चीन पर निर्भर करेगा कि वह कैसे रूस का समर्थन करे। हाल ही में ई.यू. नेताओं के साथ बातचीत में, चीनी विदेश मंत्री ने संकेत दिया था कि वह यूक्रेन युद्ध में रूस को हारते हुए नहीं देख सकता। चीन रूस को बिना शर्त गुप्त समर्थन दे रहा है। हालांकि, अब यह परीक्षा की घड़ी होगी, क्योंकि अमेरिका और पश्चिमी देश यूक्रेन के समर्थन में एकजुट हैं और रूस पर कुछ विनाशकारी हमले कर सकते हैं।

### महाराष्ट्र भी शीघ्र...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ऐसे समय आई है, जब भाजपा के अनेक विधायक यह माँग कर रहे हैं कि धर्मान्तरित आदिवासियों को, अनुसूचित जनजातियों के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित करने के लिए कानून बनाया जाये। भाजपा नेता अनूप अग्रवाल ने हाल ही में दावा किया था कि पालघर और नंदुरबार जैसे आदिवासी जिलों में अवैध चर्चों की संख्या अत्यधिक तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 2000 की आबादी वाले गांवों में दर्जनों चर्च हैं, और धर्मांतरण चिकित्सा सहायता का लालच देकर तथा डरा-धमका कर किया जा रहा है। महायुति सरकार कुछ समय से धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून लाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने मार्च में "लव जिहाद" कानून की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि राज्य सरकार को ऐसे मामलों की 1,00,000 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

# ट्रंप, 30 प्रतिशत चीन के, 35 प्रतिशत...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सिंगापुर से सिर्फ 2 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी भी हासिल कर लेता है, तो यह भारत की जीडीपी में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। जापान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया से 1प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी मिलने पर 0.1 प्रतिशत और जुड़ सकता है। वस्त्र और परिधान क्षेत्र में भी ऐसा ही संभावित अवसर है। भारत का परिधान निर्यात अमेरिका के कुल बाजार का अभी लगभग 6 प्रतिशत हैं। यदि भारत बांग्लादेश, कंबोडिया और इंडोनेशिया से 5 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सा ले लेता है, तो में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

नीति आयोग आगे बताता है कि 78 उत्पाद श्रेणियां, जो भारत के अमेरिका को होने वाले कुल निर्यात का आधा और अमेरिका के कुल आयात का एक चौथाई कवर करती हैं, इनमें भारत बढ़त हासिल करने के कगार पर है। इनमें पारंपरिक उत्पाद जैसे परिधान और सी फूड के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक और फर्नीचर जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्र भी शामिल हैं।

हालांकि, इस अवसर के साथ कुछ शर्तें भी हैं। छह श्रेणियों में भारतीय वस्तुओं पर कुछ प्रतिस्पर्धियों की तुलना में 1प्रतिशत से 3 प्रतिशत अधिक टैरिफ है। इसके अलावा, शीर्ष 100 उत्पादों में से 17 में कोई प्रतिस्पर्धात्मक परिवर्तन नहीं हुआ है क्योंकि टैरिफ संरचना स्थिर रही है। और वॉशिंगटन के साथ वार्ता जटिल बनी हुई है।

वर्तमान में वाणिज्य मंत्रालय का प्रतिनिधिमंडल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर नवीनतम दौर की वार्ता के लिए वॉशिंगटन में है, और दोनों पक्ष जल्द एक अंतरिम समझौते की ओर देख रहे हैं। यह वार्ता कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे विवादास्पद मुद्दों के बीच हो रही है। भारत ने कृषि और डेयरी पर आयात पर शुल्क घटाने के अमेरिकी दबाव का विरोध किया है, यह तर्क देते हुए कि ऐसे रियायतें इसके पूर्व के किसी भी एफटीए में नहीं दी गई हैं। डेयरी में दांव विशेष रूप से ऊंचे हैं: यदि डेयरी बाजार अमेरिका के लिए खुलता है, तो दूध की कीमतों में 15 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, जिससे भारतीय डेयरी किसानों को हर साल 1 लाख करोड़ रु. से अधिक का नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, भारत अमेरिका में प्रचलित जैनेटिकली मॉडिफाइड जीवों और हार्मोन-युक्त दूध को लेकर भी भारत सतर्क है।

■ **इसीलिए भारत स्टील पर 50 प्रतिशत, एल्युमिनियम पर 50 प्रतिशत तथा ऑटोमोबाइल पर 25 प्रतिशत टैरिफ वापस लेने के लिए अमेरिका पर दबाव डाल रहा है।**

■ **भारत टैरिफ वॉर के मौके का लाभ लेकर अमेरिका में अपना मार्केट शेयर बढ़ा सकता है या कुछ कैटिगरी में भारत पर लगे भारी टैरिफ के कारण भारत के मार्केट शेयर में भारी गिरावट आ सकती है और तब भारत ऐसी स्थिति में पहुँचेगा जहाँ से उबरना मुश्किल होगा।**

दूसरी ओर, भारत स्टील (50 प्रतिशत), एल्यूमीनियम (50 प्रतिशत) और ऑटोमोबाइल (25 प्रतिशत) पर टैरिफ कम करने की मांग कर रहा है, साथ ही रत्न और आभूषण, प्लास्टिक और वस्त्र जैसे श्रम-प्रधान निर्यातों के लिए अमेरिकी बाजार तक पहुंच की मांग कर रहा है।

साथ ही, भारत अपने आसिदान फ्री ट्रेड एग्रीमैंट मुक्त व्यापार की भी समीक्षा कर रहा है ताकि उन खामियों को दूर किया जा सके, जिनके चलते चीन में बना सामान किसी तीसरे देश के जरिए भारतीय तृतीय देशों के माध्यम से भारतीय बाजार में प्रवेश कर पा रहा हैं। आसियान भारत का एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है, और 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 123 बिलियन तक पहुंच गया। हालांकि, को भारत का निर्यात घट रहा है जबकि आयात स्थिर बना हुआ है-जिससे टैरिफ विकृतियों और कमजोर मूल स्थान संबंधी प्रावधानों के कमजोरी आ रही है व इस पर चिंता बढ़ रही है।

अपने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, नीति आयोग उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का चमड़ा, फर्नीचर, जूते-चप्पल और हस्तशिल्प जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों तक विस्तार करने की सिफारिश करता है। यह औद्योगिक बिजली दरों को घटाने और उत्पादन लागत कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के अधिक उपयोग की भी सलाह देता है। नीतिगत स्तर पर, यह थिंक टैंक अमेरिका के साथ सेवाएं-केन्द्रित व्यापार समझौते का प्रस्ताव करता है, जो भारत-यूके समझौते पर आधारित हो। इसमें आईटी, शिक्षा, डिजिटल व्यापार और वित्तीय सेवाओं को शामिल किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, "इस समझौते में डिजिटल व्यापार के लिए मजबूत प्रावधान होने चाहिए, जिससे सीमा-पार सेवा वितरण के लिए एक ढांचा बन सके।"

अगले कुछ सप्ताह निर्णायक साबित हो सकते हैं। अमेरिका ने अपने नवीनतम टैरिफ निर्णयों को 1 अगस्त तक के लिए स्थगित किया है। जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अन्य देशों को पत्र भेजे जा चुके हैं-जो इस वैश्विक पुनर्गठन की व्यापकता को दर्शाते हैं।

भारत के लिए यह क्षण संभावनाओं और जोखिमों दोनों से भरा है। यदि वॉशिंगटन के साथ एक अच्छी तरह से विचार विमर्श कर समझौता होता है, तो यह भारतीय निर्यातकों को नवगठित वैश्विक बाजार में बढ़त दिला सकता है। लेकिन यदि कोई चूक होती है, तो यह कमजोर क्षेत्रों को उजागर कर सकता है और देश में आक्रोश पैदा कर सकता है। अब चुनौती यह है कि इस टैरिफ सम्बंधी उथल-पुथल को एक टिकाऊ व्यापारिक सफलता में कैसे बदला जाए।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908